राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार.....

आईसीसी की मुहर, अब पाक से कोलंबो में मैच खेलेगा भारत 11

वर्ष : 12 | अंक : 241 | पटना, रविवार, 15 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद में चर्चा के दौरान सरकार व विपक्ष में तनातनी

हमारा संविधान सबसे बड़ा और खूबसूरत: रिजिजू

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने समानता को संविधान की आत्मा करार देते हुए लोकसभा में आज कहा कि इसमें सभी नागरिकों के लिए बराबरी का अधिकार और अवसर प्रदान किया गया, इसलिए यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत संविधान है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर शनिवार को दूसरे दिन चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि संविधान की भावना के अनुसार ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के साथ सरकार का कामकाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि संविधान की बदौलत ही आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे खूबसूरत भी है, जिसमें सभी के लिए प्रावधान है। इस संविधान को लेकर हम लोग गौरव महसूस करते हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यक आयोग है, जबकि अन्य देश में ऐसा नहीं है। अल्पसंख्यकों के लिए

विशेष कानून बनाया गया है। अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं बनाई गई, जिसका उनको लाभ मिल रहा है। कांग्रेस की सरकार हो या हमारी सरकार सबने अपने तरीके से काम किया है, लेकिन अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित नहीं है, यह कहना गलत है। इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए, जिससे देश की छवि खराब हो। देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं तभी तो दूसरे देशों के पीड़ित यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब नहीं होते, तो हम जैसे लोग यहां चुनकर सदन में नहीं आते। बाबा साहब ने जो कहा उसकी कुछ लोग गलत व्याख्या कर कहने लगे कि उन्होंने हिन्दू विरोधी बात की है, जबकि ऐसा उन्होंने नहीं कहा है। बाबा साहब ने किसी एक धर्म को लेकर कोई बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उस समय के सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा था कि अगर आरक्षण को बढावा देंगे, तब प्रतिभावान लोगों का नुकसान होगा। इस प्रकार की बात पंडित नेहरू ने कई बैठकों में भी कही। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत प्रतिभावान को हम लोग भी बढाना चाहते हैं, लेकिन गरीबों पिछड़ों और वंचितों को कुचलकर नहीं हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि बाबा साहब दोबारा 1952 में चुनकर सदन में आना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने षड्यंत्र करके उनको हराने का काम किया। कांग्रेस को इसके लिए देशवासियों से माफी माँगनी चाहिए। बाबा साहब को कांग्रेस ने अपने शासन काल में भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने भारत रत्न उस समय दिया गया, जब भारतीय जनता पार्टी समर्थित सरकार केंद्र में आई।

भाजपा हर समय करती है संविधान पर हमला : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर समय संविधान पर हमला करती है और मोदी सरकार देशवासियों का हक एक उद्योगपति के हवाले कर देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों तथा पिछड़ों का हिस्सा उनको दे रही है। श्री गांधी ने शनिवार को भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि अभय मुद्रा का आईडिया भगवान शिव, भगवान कृष्ण, गुरुनानक, महात्मा बुध, कबीर आदि महापुरुषों से मिला। यह संविधान इन्हीं महापुरुषों की अभय मुद्रा के भाव से आया है जिसमें सबको निर्भय रहने की बात कही गई है। मनुस्मृति आज का कानून है और यह बात उन्हीं सावरकर ने कहा है जो आरएसएस की विचारधारा को आगे बढाने का काम करते रहे हैं। संविधान को लेकर जब आरएसएस के लोग बात करते हैं तो वे अपने नेता और अपनी विचारधारा को गाली देते हैं उनका अपमान करते हैं। उत्तर प्रदेश में संविधान का नहीं मनुस्मृति का कानून चल रहा है और वहां गरीब की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि

भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है यह बात भाजपा की विचारधारा के पोषक महापुरुष नेता ने कही थी जिनकी भाजपा के लोग पूजा करते हैं।

दलितों के संदर्भ में एकलव्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य की जाति के आधार पर उनका गुरु बनने से इनकार कर दिया था तो एकलव्य अकेले धनुषवाण चलाने की तपस्या करने लगे। काफी समय बाद उसी जंगल में एकलव्य ने अपने बाणों से एक कुत्ता बाधक बना लिया और कुत्ते को नुकसान पहुंचाए बिना उसे चारों ओर से बाणों से घेर लिया। जब द्रोणाचार्य उस वन से निकल रहे तो उन्हें कुत्ते की यह हालत देखकर आश्चर्य हुआ तो बोले यह काम किसने किया। एकलव्य ने स्वीकार किया और बोले कि आपकी मूर्ति बनाकर उसके सामने मैंने धनुष विद्या हासिल की है। द्रोणाचार्य ने कहा कि आपने शिक्षा ली है इसलिए दक्षिणा दीजिए। गुरु द्रोणाचार्य ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसका अंगूठा मांग लिया। इसी तरह से भाजपा हिंदुस्तान के युवकों का अंगूठा काटने में लगी है और भाजपा सरकार आज इसी तरह से अडानी को सारे काम देकर देश के युवाओं, गरीबों, कमजोरों का अंगूठा काट रहे हैं। उनका कहना था कि सरकार ने अग्निवीर योजना लेकर युवकों का अंगूठा काटा है, 70 बार पेपर लीक करवा कर सरकार ने युवाओं का अंगूठा काटा है। किसान अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन किसान की बात नहीं की जा रही है और उसका भी अंगूठा काटा जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

सरकार लोकसभा में सोमवार को पेश करेगी एक देश एक चुनाव संबंधी विधेयक

नई दिल्ली। सरकार एक देश, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आगामी 16 दिसंबर को लोकसभा में पेश करेगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल निचले सदन में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को गत 12 दिसंबर को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल ने दो मसौदा कानूनों को मंजूरी दी है, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराने का भी प्रस्ताव दिया था, लेकिन मंत्रिमंडल ने फिलहाल स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे से दूरी रखने का निर्णय किया है।

मोदी ने राज कपूर की 100वीं जयंती पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सिनेमा के शोमैन राज कपूर को उनकी 100वीं जयंती के मौके पर शनिवार को उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की1 श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज हम महान फिल्मकार, दूरदर्शी फिल्मकार, अभिनेता और सदाबहार शोमैन राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं! उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने लिखा, राज कपूर का सिनेमा के प्रति जुनून कम उम्र में ही शुरू हो गया और उन्होंने एक उम्दा कहानीकार के रूप में उभरने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी फिल्में कलात्मकता, भावना और यहां तक कि सामाजिक टिप्पणियों का मिश्रण थीं। उन्होंने आम नागरिकों की आकांक्षाओं और संघर्षों को आम जतना तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने लिखा, राज कपूर केवल एक फिल्म मेकर नहीं थे, बल्कि वे एक सांस्कृतिक राजदूत की भूमिका में थे। उन्होंने इस भूमिका में रहते हुए भारतीय सिनेमा को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज के फिल्ममेकर उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं, जो आगे की पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार 755 पदों पर होगी शीघ्र बहाली : मंत्री

पीएमसीएच शताब्दी वर्ष पर जुटेंगे दुनिया भर के चिकित्सक : मंगल

स्वास्थ्य मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

प्रात : किरण

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 41 हजार 755 पदों पर शीघ्र बहाली होगी। मंत्री श्री मंगल पांडे शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की और जल्द से जल्द नियुक्तियों को पूरा करने का भी निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न प्रशाखाओं से संकलित की गई रिक्तियों की कुल संख्या 43 हजार 838 है, जिसमें से विभिन्न प्रशाखाओं के द्वारा भेजी गई अधियाचना की कुल संख्या 41 हजार 755 है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग को कुल 69, बिहार लोक सेवा आयोग को 1943, बिहार तकनीकी

सेवा आयोग को 36 हजार 186, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद को 2537 अधिसूचना भेजी जा चुकी है। जिसकी नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष चिकित्सकों की लंबित वेतन भुगतान पर चर्चा की और इस मामले में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं इस बैठक में 100 बेड वाले शिशु अस्पताल की संचीका को स्वीकृति प्रदान करने हेतु संलेख तैयार करने के प्रस्ताव पर भी विमर्श किया गया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने शहरी क्षेत्र के वंचित वर्ग के लिए एक प्रस्ताव लाने का निर्देश दिया। कहा कि शहरी क्षेत्र के स्लम एरिया में रहने वाली आबादी को चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने में सहायता मिले। इस हेतु कार्ययोजना तैयार करें। श्री पांडेय ने कहा कि पीएमसीएच के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम पर भव्य आयोजन करने की योजना पर सहमति बनी है। इस आयोजन के लिए इस संस्थान से जुड़े विश्वभर में कार्यरत यहां के चिकित्सकों को न्योता भेजा जाएगा एवं उनकी खास मेजबानी विभाग की ओर से की जाएगी। वहीं ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के जेनरेटर के चालन हेतु ईंधन की उपलब्धता में कमी न आए इस हेतु भी खास निर्देश दिए गए। राज्य भर में स्वास्थ्य केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे तथा डीवीआर को उन्नत करने की दिशा में भी कार्ययोजना बनाए गए। श्री पांडेय ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग के सुदृढ़ीकरण पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं और प्रस्तावों को शीघ्र कार्यान्वित करने का उचित निर्देश दिया। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। इस समीक्षा बैठक में प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग,संजय सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

हर हाल में कानून का राज स्थापित किया जाएगा:डीजीपी

पदभार ग्रहण के बाद नए डीजीपी विनय कुमार ने भरी हुंकार

बोलें- अब अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त

प्रात : किरण

बिहार में नए डीजीपी विनय कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है । डीजीपी के रूप में चार्ज लेने के साथ ही विनय कुमार ने अपनी मंशा साफ कर दी। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ चौतरफा प्रहार किया जाएगा । हर हाल में कानून का राज स्थापित किया जाएगा । कानून का राज स्थापित करने में स्पीडी ट्रायल का महत्वपूर्ण योगदान है, हम इसमें तेजी लाएँगे । इथना ही नहीं अब बिहार पुलिस अपराधियों की संपत्ति को जब्त करेगी । हर थाने को टास्क दिया जाएगा ।

कानून का राज स्थापित करना प्राथमिकता

नवनियुक्त डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि कानून का राज स्थापित करने की प्राथमिकता रहेगी, कानून के शासन को स्थापित करने के लिए जितने भी नियम-परिनियम हैं, उन्हें प्रभावकारी ढंग से लागू किया जाएगा । अपराधियों पर सख्त नकेल कसा

विनय कुमार ने बिहार पुलिस महानिदेशक के तौर पर पदभार ग्रहण किया

जाएगा । अपराधियों के खिलाफ चतुर्दीक दिशा से काम किया जाएगा । स्पीडी ट्रायल में सुधार लाने की कोशिश की जाएगी । विनय कुमार ने कहा कि पूर्व में भी स्पीडी ट्रायल ने सुशासन को स्थापित करने में प्रबल भूमिका निभाई थी । इसका बड़ा संकेत जाता है । स्पीडी ट्रायल को सख्ती से लागू किया जाएगा । जो भी चिन्हित केस हैं, जिसमें साक्ष्य की प्रचुरता है, उन्हें चिन्हित कर स्पीडी ट्रायल के तहत अपराधियों को सजा दिलाई जाएगी । जिससे कानून का राज स्थापित हो सकेगा ।

हमलोग करेंगे अपराधियों की संपत्ति जब्त

उन्होंने कहा कि नए कानून बीएनएसएस में अपराधियों द्वारा अर्जित संपत्ति को जब्त करने का पृथक प्रावधान किया गया है । पहले हम लोग पोस्ट ऑफिस का काम करते थे, और ऐसे मामलों को प्रवर्तन निदेशालय को भेज देते थे । लेकिन नए कानून में प्रावधान किया गया है कि पुलिस के पदाधिकारी अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर सकते हैं । हर थाने को एक दो ऐसे मामले चिन्हित करने पड़ेंगे और त्वरित रूप से कार्रवाई करनी होगी । अपराधियों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी । पहले जो काम प्रवर्तन निदेशालय के माध्यम से होता था, अब हम लोग यह काम करेंगे ।

सरकार बनने पर हर महिला को दिए जाएंगे 2500 रुपए : तेजस्वी

- बोलें-माई-बहिन मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को दी जाएगी राशि

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है तो बिहार में हर महिला को 2500 रुपए दिए जाएंगे। शनिवार को दरभंगा में विशेष रूप से बुलाई प्रेस वार्ता में तेजस्वी यादव ने कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहाँ है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी यात्राओं के दौरान राज्य के हर हिस्से से हमें महंगाई से त्रस्त लोगों ने अपने अनुभव बताएं हैं। बढ़ती और व्यापक महंगाई के चलते घर-परिवारों को राहत की दरकार है। बिहार की करोड़ों माताओं-बहनों के आशीर्वाद से आज हमने यह निर्णय लिया है और हमें ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 2025 में हमारी सरकार बनने पर हम माई-बहिन मान योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का कार्य करेंगे। नए बिहार के साथ समृद्ध महिला, सुखी परिवार का सपना भी सच होगा।

बिहार के नवनिर्माण के लिए महिलाओं की समृद्धि जरुरीः

बिहार के नवनिर्माण की नींव महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरी है। हमारा मानना है कि जब महिलाओं को नकद हस्तांतरण मिलता है तो वे अपने परिवार की भलाई में अधिक पैसा निवेश करती हैं, जैसे पूरे परिवार के लिए पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवा, और बच्चों की शिक्षा। महिलाओं को सीधे लक्षित करके, हमारा ये कार्यक्रम घरेलू और सामुदायिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। इन नकद हस्तांतरणों का गुणक प्रभाव महत्वपूर्ण है। महिलाओं की बेहतर आर्थिक स्थिति पूरे परिवार और समुदाय के लिए लाभदायक हैं। हमारी सरकार द्वारा जो महिलाओं को जो राशि दी जायेगी वह महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने या कौशल प्रशिक्षण में निवेश करने में सक्षम बनाएगा तथा दीर्घकालिक आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देगी। इसके अतिरिक्त, नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण जैसे पूरक समर्थन के साथ डिजाइन किया जाएगा, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और दीर्घकालिक आर्थिक स्वतंत्रता को और बढ़ावा मिलेगा।

एक महीने में मिलेगा योजना का लाभ

महंगाई के इस दौर में जो बहने अपने मन का खा नहीं पाती, अपने मन का खरीद नहीं पाई। आज उन माँ-बहिनों के लिए समर्पित योजना की हम घोषणा करते हैं। ये तेजस्वी का वादा है कि सरकार बनने के एक महीने के भीतर हम इस योजना को अमली जामा पहना कर बिहार की हर माता हर बहन को स्वांलबी, सुखी, समृद्ध, सम्पन्न, स्वस्थ और उनके जीवन को सुगम बनाने का कार्य करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी सरकार का गरीबी कम करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने एवं हाशिए पर रहे नागरिकों की सामाजिक और आर्थिक क्षमता में निवेश करने की दिशा में एक सीधा और प्रभावशाली कदम होगा। आपका हर दुःख मेरे ज़िम्मे, बिहार की नई सरकार हमारी माता बहनों की सरकार होगी। क्यूँकि घर की महिला अगर सुखी समृद्ध होगी तो घर तरक़्की करेगा, हर घर तरक़्की करेगा तो पूरा गाँव तरक़्की करेगा, पूरा गाँव तरक़्की करेगा तो बिहार तरक़्की करेगा। मेरा हर संकल्प मैंने साकार किया है, हर कसम निभाई है, हर वचन पूरा किया है। मेरे 17 महीने के कार्यकाल में मैंने हर वो अपना वादा पूरा किया है जो मैंने अपनी जनता जनार्दन से किया था।

हवाई दावे और वादे के पोषक हैं तेजस्वी : विजय

नेता प्रतिपक्ष के लिए राजनीति कमिटमेंट नहीं इंटरटेनमेंट है

प्रात : किरण

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वादे का का पिटारा लेकर ट्विटर बॉय तेजस्वी ने जनता को दर्शन दिया है। उन्होंने बिहार की महिलाओं से वादा किया है कि उनकी सरकार बनी तो 2500 रुपया महीना महिलाओं को देंगे। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि किन महिलाओं को देंगे,उसका आधार क्या होगा तो कुछ बोल नहीं पाए । क्योंकि उनको अच्छे से पता है कि वो हवाई संस्कृति वाले शहजादे हैं। केवल हवा-हवाई दावे और वादे करना उनका काम है। जिसका कोई तार्किक और व्यवहारिक आधार नहीं होता । वास्तव में इनके लिए राजनीति कमिटमेंट नहीं है बल्कि एंटरटेनमेंट है । श्री सिन्हा ने आगे कहा कि तेजस्वी भूल गए हैं पर बिहार के लोग नहीं भूले हैं कि इनका पूरा परिवार महिलाओं के बारे में कैसी सोच रखता है। अभी हाल में इनके पिताजी के एक बयान में भी उसकी झलक लोगों ने देखी। और जब इनके माता-पिता का शासन था तब तो हमारी माँ-बहनें घर से निकलने से कतराती थीं । श्री सिन्हा ने कहा कि वास्तविकता यह है कि हमारी एनडीए की सरकार ने महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक स्थिति को बहुमुखी तरीके से सुधारने का प्रयास किया । उन्हीं प्रयासों के कारण महिलाएं आज शिक्षा और रोजगार में राज्य में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दे रही हैं । पंचायती राज व्यवस्था में आज उनकी भागीदारी 50 प्रतिशत से भी अधिक हो चली है । श्री सिन्हा ने कहा यही नहीं एक दौर में पलायन के लिए विवश बिहारी आज न केवल अपने घर में सुरक्षित है बल्कि राज्य को आगे बढ़ाने में सार्थक योगदान दे रहे हैं । गोली और गाली के दोधारी विकल्प से जूझने को मजबूर हमारे युवा विकसित बिहार बनाने के सपनों के साथ विकासपथ पर चल रहे है।

अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर पनपता है लोकतंत्र : धनखड़

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र केवल प्रणालियों पर ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर केंद्रित मूल मूल्यों पर भी पनपता है। श्री धनखड़ ने यहां भारतीय डाक एवं दूर संचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की संस्थागत चुनौतियाँ भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न

होती हैं। विचार की अभिव्यक्ति और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं। अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, डिजिटल संचार आयोग के वित्त सदस्य मनीष सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि मूल मूल्यों पर पनपता है। इसे अभिव्यक्ति और संवाद के नाजुक संतुलन पर केंद्रित होना चाहिए। अभिव्यक्ति और संवाद, ये जुड़वां ताकतें लोकतांत्रिक जीवन शक्ति को आकार देती हैं। उनकी प्रगति को व्यक्तिगत पदों से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक लाभ से मापा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि विविधता और विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे सकती है। लोकतांत्रिक स्वास्थ्य और आर्थिक उत्पादकता राष्ट्रीय विकास में बराबर भागीदार हैं। स्व-लेखा परीक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा, ह्लसेल्फ ऑडिट बहुत जरूरी है। किसी व्यक्ति या संस्था को गिराने का सबसे पक्का तरीका है, उसे या सज्जन या सज्जन महिला को जांच से दूर रखना। आप जांच से परे, आपका पतन निश्चित है।

जेल में एक रात बिताने के बाद रिहा हुए अल्लू अर्जुन

हैदराबाद/एजेंसी। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार सुबह हैदराबाद सेंट्रल जेल से रिहाई मिल गई। जेल से बाहर निकलने के बाद अल्लू अर्जुन ने मीडिया संग बातचीत की। उन्होंने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है। मैं ठीक हूं। मैं कानून में यकीन रखता हूं। अदालत में यह केस चल रहा है तो मैं बीच में कमेंट नहीं करूंगा। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं पुलिस के साथ सहयोग करूंगा। एक्टर के पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। अल्लू अर्जुन की रिहाई से उनके फैन्स बेहद खुश हैं। जेल से रिहा होने के बाद अल्लू अर्जुन परिवार के पास अपने घर पहुंच गए हैं। घर पहुंचने पर उन्होंने सभी फैन्स का उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। जिस महिला की जान गई है उनके परिवार के साथ मेरी संवेदना है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। मैं परिवार को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए मौजूद रहूंगा। सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं आज यहां आप लोगों के सपोर्ट की वजह से हूं। मैं अपने फैन्स का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। बता दें कि 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में पुष्पा 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की जान चली गई थी। इसी मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को बीती रात (13 दिसंबर) को गिरफ्तार किया गया था। अल्लू अर्जुन को 14 दिन की रिमांड पर भेजे जाने के बाद उन्हें शुक्रवार को चंचलगुडा सेंट्रल जेल ले जाया गया था।

संक्षिप्त खबरें

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आसामाजिक तत्व ने किया पथराव

मोकामा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नं-722234 पर आसामाजिक तत्व के लोगो ने टाल एवं हाथीदह लिंक के बीच पथराव किया है। पत्थरबाजी की घटना के बाद मोकामा आरपीएफ की टीम जांच करने में जुट गई है बताया जाता है कि पत्थर फेंके जाने की घटना के कारण ट्रेन के एक कोच का एक शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें किसी यात्री की चोट लगने की खबर नहीं है। यह घटना शुक्रवार की शाम की बतायी जा रही है। इस घटना को लेकर मोकामा आरपीएफ थाना के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आरपीएफ के द्वारा कुछ लोगों से मामले को लेकर पूछताछ भी की है

कटिहार एक्सप्रेस ट्रेन में ब्रेक वेंडिंग के कारण निकला धुंआ यात्रियों में हड़कंप

बाढ़। बाढ़ अनुमंडल के पंडारक और मेकरा के बीच कटिहार पटना इंटर सीटी एक्सप्रेस ट्रेन में ब्रेक बाइंडिंग के कारण धुआ निकलने लगा ब्रेक वेंडिंग के कारण दुआ निकलता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। पंडारक स्टेशन के आसपास ट्रेन रुकने के बाद यात्री तुरंत समान छोड़ ट्रेन से भागने लगे बताया जाता है कि कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के दो डब्बो से धुआं निकल रहा था। हालांकि जल्द ही इसको ठीक कर के ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ठंड के दिनों में ब्रेक शू से धुआं निकलना अक्सर देखा जा रहा है।

अनुदान राशि के वितरण को लेकर शिक्षक व शिक्षकेतर संघ ने नये प्रभारी प्राचार्य किया मुलाकात

फतुहा। शनिवार को स्थानीय एसकेएमभी कॉलेज के शिक्षक व शिक्षकेतर संघ का शिष्टमंडल नये प्रभारी प्राचार्य से भेंट की तथा सरकार प्रदत अनुदान राशि को जल्द ही कर्मियों के बीच वितरण करने की मांग की। लेकिन नये प्रभारी प्राचार्य प्रो राम किशोर प्रसाद ने अनुदान राशि के वितरण की मांग को यह कहते हुए ठुकरा दिया कि उन्हें अभी तक विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है। अनुमोदन के लिए दिया गया पत्र पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के संवधन शाखा में लम्बित पड़ा है। इसके बाद कर्मियों का शिष्टमंडल विश्वविद्यालय कुलपति से मिलकर प्राचार्य को अनुमोदन दिलाने की बात कही। विदित हो कि कालेज के अधिकांश शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी अनुदान की राशि के वितरण के लिए पूर्व प्रभारी प्राचार्य से भी मांग कर चुके है लेकिन वितरण नहीं हो पाया था। अब कर्मियों को नये प्रभारी प्राचार्य से काफी उम्मीद है।

स्वस्थ आहार ही सुरक्षित जीवन का आधार है : मंगल पांडेय

19 करोड़ की लागत से अगमकुआं में शुरू हुआ माइक्रोबायोलॉजी लैब अत्याधुनिक खाद्य प्रयोगशाला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं में राज्य का पहला संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला में माइक्रोबायोलॉजी लैब और उच्चस्तरीय उपकरण अनुभाग का शनिवार को शुभारंभ किया गया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आहार ही सुरक्षित जीवन का आधार है और इसी सोच के साथ राज्य सरकार खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही है। संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआं 1980 से खाद्य पदार्थों के रासायनिक परीक्षण में सक्रिय है। अब माइक्रोबायोलॉजी लैब और आधुनिक उपकरणों के जुड़ने से यह प्रयोगशाला विश्वस्तरीय बन गया है। यह राज्य का एकमात्र एनएबीएल और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। इस प्रयोगशाला में अब तीन प्रमुख प्रकार की जांच रासायनिक परीक्षण, उच्चस्तरीय उपकरणों द्वारा परीक्षण और सूक्ष्म जीवाणु परीक्षण उच्चस्तरीय उपकरणों के द्वारा किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक लैब में खाद्य पदार्थों में पेस्टीसाइड और वसा की मात्रा जांच, एंटीबायोटिक, माइकोटॉक्सिन और रंजकों की पहचान की जांच और भारी धातुओं (जैसे लेड, कैडमियम) की जांच हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि नई माइक्रोबायोलॉजी लैब की मदद से दूध, दूध उत्पाद, मांस, मछली और बोतलबंद पानी आदि की जांच की जा रही है। राज्य के पटना सहित सभी 9 कमिश्नरी में ऐसे और लैब खोले जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के पांच प्रमंडलों (पटना, मगध, तिरहुत, भागलपुर और पूर्णिया) में पहले से चल रहे चलंत खाद्य प्रयोगशाला वाहन के दायरे को बढ़ाने का प्रस्ताव भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को भेजा गया है। जल्द ही हर जिले में इन वाहनों की तैनाती होगी, जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच और सख्ती से हो सकेगी। राज्य सरकार न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में, बल्कि दूषित खाद्य पदार्थों से बचाव के लिए जन-जागरुकता अभियान चलाने में भी सक्रिय है। भविष्य में राज्य के अन्य जिलों में भी नई खाद्य प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। यह प्रयोगशाला राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो गुणवत्तापूर्ण, शुद्ध, और पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने 10 फूड सेफ्टी ऑफिसर को डेस्क टॉप का भी वितरण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक कदम राज्य सरकार के उस संकल्प को साकार करता है, जिसमें बिहार के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, मानक स्तर के खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रयासों से यह राज्य का पहला और देश का 13वां लैब है। इसमें छह करोड़ की लागत से तीन उच्च कोटि के उपकरणों को लगाया गया है। इसके अलावा अगले पांच वर्षों में रखरखाव और मानव बल पर पांच करोड़ खर्च होगा। यह पूरी योजना लगभग 19 करोड़ की लागत से शुरू की गई है। संस्थान के प्रभारी डॉ सत्येंदु सागर एवं संस्थान के गुणवत्ता प्रबंधक विनय कुमार सिंह ने मंत्री को जांच से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय सिंह, डॉ अजय प्रकाश, गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग, एफएसएसएआई, नई दिल्ली के निदेशक अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव सुरेन्द्र राय, स्वास्थ्य विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ उषा कुमारी, एनएमसी की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी, एनएमसीएच के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह, माइक्रोबायोलॉजी के एचओडी डॉ संजय कुमार, राजकीय फामेर्सी संस्थान के प्राचार्य डॉ राम कुमार चौधरी, डॉ अजय कुमार, महेंद्र प्रताप सहित एनएमसीएच चिकित्सकगण के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सिटी सिविल कोर्ट के प्रभारी न्यायाधीश बने जेएम निशित देव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिविल कोर्ट पटना सिटी एवं दानापुर के विभिन्न अनुभागों एवं विभागों के सुचारु संचालन के हित में पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी श्री निशित देव को और दानापुर सिविल कोर्ट का सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग)।। सह एसीजेएम-2 दानापुर को तत्काल प्रभाव से प्रभारी न्यायाधीश बनाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पटना के कार्यालय के द्वारा जारी आदेश संख्या 213/2024 जारी कर यह जानकारी दी गई है। इस संबंध में बताया गया कि सिविल न्यायालय पटना सिटी एवं दानापुर के विभिन्न अनुभागों एवं विभागों अर्थात प्रशासन, नजारत, प्रतिलिपि विभाग, पुस्तकालय एवं अभिलेख कक्ष के प्रशासन एवं सुचारु संचालन के हित में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास श्री निशित देव पटना सिटी को सिविल न्यायालय पटना सिटी का प्रभारी न्यायाधीश बनाया जाता है। इसी तरह दानापुर सिविल कोर्ट का सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग)।। सह एसीजेएम-2 दानापुर को तत्काल प्रभाव से प्रभारी न्यायाधीश बनाया गया है। इस जारी आदेश की प्रतिलिपि संबंधित न्यायाधीशों के साथ ही बार एसोसिएशन, पटना सिटी और दानापुर को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

सिटी सिविल कोर्ट : लोक अदालत में 743 मामलों का निष्पादन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया गया। इसमें कुल 743 मामलों का निबटारा किया गया। लोक अदालत में बैंक रिकवरी से संबंधित 322 मामले, बीएसएनएल का 57, आपराधिक मामले 334, इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित 30 मामलों का निबटारा किया गया। साथ ही एक करोड़ 65 लाख 51 हजार 149 रुपए पर समझौता भी हुआ। लोक अदालत में 53 लाख 67 हजार 150 रुपए रिकवरी भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए आठ बेंच का गठन किया गया था। इन बेंचों में एडीजे-4 रवीन्द्र कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सबा शकील, प्रतिमा कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमन कुमार, अनम सिद्दीकी, मारिया खान पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मौजूद रहे। लोक अदालत को सफल बनाने में कर्मियों में संतोष कुमार, रईसउद्दीन, विमला कुमारी, निशांत श्रीवास्तव, नसीमा खातून, रवि शेखर सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान पटना सिटी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजकिशोर पंडित आदि अधिवक्ताओं ने भी संबंधित विभाग और पीड़ित के बीच मध्यस्थता कराने का काम किया।

चित्रकला के युग पुरुष सत्यनारायण लाल का निधन, शोक



● कला जगत के लिए अंतहीन क्षति : नंदकिशोर यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बड़े ही सौम्य स्वभाव के सर्वप्रिय चित्रकार पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले 85 वर्षीय सत्यनारायण लाल उर्फ लाल साहब का निधन हो गया। वे उच्चतम कोटि के चित्रकार थे। उनका असमय जाना कला जगत के लिए अंतहीन क्षति है। ये बात बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने शनिवार को कही। क्रिएटिव नोशन के सचिव जितेन्द्र मोहन, प्रख्यात चित्रकार आनंदी प्रसाद बादल, कलाकार संघ के अध्यक्ष आलोक चोपड़ा, चित्रकार संजय रॉय के काफी करीबी रहे लाल साहब के निधन पर अपने मनोभाव व्यक्त करते हुए कहा कि पोट्रेट व कंटेमपररी कला पर उन्हें महारत हासिल थी। वे देश के उच्चतम कोटि के कलाकारों के बीच अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज करा रखी थी। समकालीन व नई पीढ़ी के चित्रकारों को हमेशा वे मार्गदर्शन करते रहे हैं। उनका पूरा जीवन कला साधना को समर्पित था। राज्य के अनेक उच्च पुरस्कारों से वे सम्मानित होते रहे हैं। चित्रकार सत्यनारायण लाल का अंतिम संस्कार खाजेकलां घाट पर हुआ। मुखाग्नि बड़े पुत्र विजय कुमार ने दी। उन्होंने अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ अमृत पथ पर चले गए। संवेदना व्यक्त करने वालों में सच्चिदानंद कुमार, अजय कुमार, सत्यदेव रंजन, नवीन रस्तोगी, अनिल रश्मि, अरविंद राज, यासीर अराफात, विश्व मोहन चौधरी संत, संगीतकार रवि रंजन, श्रेया कुमारी, विनीता कुमारी, शिल्पा कुमारी, सरिता कुमारी आदि शामिल हैं।

विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला में स्कूली बच्चों ने बिखेरा अपने हुनर का जलवा

बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं तकनीकी ज्ञान भी बेहद जरूरी : पूर्व मंत्री

प्रात :किरण संवाददाता

नौबतपुर : गोपाल विद्यार्थी प्रखंड क्षेत्र के गौरा जगदीशपुर स्थित ज्ञान भारती एजुकेशनल काम्प्लेक्स में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सह वर्तमान टेकारी विधायक एवं हम (से) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, विशिष्ट अतिथि पालीगंज एसडीएम अमनप्रीत सिंह, शिक्षाविद गोपाल विद्यार्थी, निदेशक उत्कर्ष शर्मा व प्राचार्या अरुणिमा शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किए वहीं डॉ अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं तकनीकी शिक्षा भी बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास होता है। एसडीएम अमनप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का जायजा लिया व कहा कि विज्ञान के सिद्धांतों को समझाने का एक प्रभावी तरीका था, छात्रों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में शामिल होकर एक से बढ़कर एक विज्ञान के मॉडल बनाए। जहां पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, जल संरक्षण, मानव संरचना, यातायात व्यवस्था इत्यादि पर एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चों के मॉडल को देखकर कहा कि बच्चों ने अपने मॉडल से साबित कर दिया कि वे नन्हे वैज्ञानिक से कम नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर बाल मेला में भी लोग बच्चों की प्रतिभा देख लोग दंग रह गये। उनके द्वारा बनाए गये स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद चख लोगों ने खूब सराहना की। बच्चों ने गाजर का हलवा, मोमोज, पानीपुरी, रायल पुरी, पोहा, फ्राईड राइस, पनीर चिली,लिट्टी चोखा समेत अन्य प्रकार के व्यंजन बनाए हुए थे। सभी वर्ग का अलग अलग राज्य का खाना अलग-अलग आकर्षक स्टॉल पर लगाया गया था। मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य गौरव सिन्हा, शिक्षक आर के दुबे, बोस सर, सोना सिंह, दिनेश तिवारी, आजाद आलम, दीपू एवं गौतम समेत सैंकड़ों अभिभावक व कर्मी मौजूद रहे।

नगर निगम पटना द्वारा सरस मेला की एक शाम स्वच्छता गीतों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। धरती तुझपर सौ जीवन कुर्बान है झ्हाँ हैं बिहारी यही हमारी पहचान है झ्र गाँधी मैदान , पटना में आयोजित सरस मेला में गुंजायमान यह गीत सशक्त बिहार एवं विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार कर रहा है ' सरस मेला परिसर में सशक्त महिला ,सशक्त बिहार एवं सशक्त भारतीय संस्कृति ,परंपरा एवं हुनर को परिलक्षित कर रहा हैं ' जहाँ देश भर से आई 300 से अधिक महिला उद्यमी लगभग 200 एवं स्वरोजगारी ग्रामीण विकास की गाथा दिखा एवं सुना रहे हैं । शनिवार को 50 हजार से अधिक लोग मेला में आये। बिहार सरस मेला ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा 26 दिसंबर 24 तक आयोजित है । सरस मेला में ग्रामीण हस्तशिल्प को प्रोत्साहन एवं बड़ा बाजार दिया गया है ताकि ग्रामीण परिवेश से आने वाली स्वयं सहायता से जुडी महिलाएं अपने अपने प्रदेश के शिल्प को प्रदर्शित एवं बिक्री कर रही हैं ' सरस मेला में खरीद-बिक्री के आंकड़ों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। बर्गर और पिज्जा के दौर महिलाएं देशी व्यंजनों को भी आगंतुकों के लिए परोस रही हैं ।सरस मेला में खरीददारी के बाद आगंतुक देशी व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं ' लिट्टी, सोवा का खीर , मक्के की रोटी, बाजरा की रोटी और सरसों की साग के स्टॉल पर कतार लग रही है ' खगड़िया से आई श्रीमती सुनीता देवी सोवा का खीर , मक्के की रोटी, बाजरा की रोटी और सरसों का साग बना और बेच रही हैं ' इनके द्वारा निर्मित पेढा की भी बड़ी मांग है ' खगड़िया के चौथम प्रखंड में गठित आन्नद जीविका महिला दुग्ध उत्पादक समूह की सचिव सुनीता देवी बताती हैं कि पिज्जा, वर्गर और चाउमीन के इस दौर में लोगों को स्वास्थ्य एवं पोषण के दृष्टिकोण से जागरूक करने एवं देशी तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वो चने की साग, मक्के की रोटी, बाजरे की रोटी , शुद्ध घी के पेढ़ा आदि सीगंतुकों को रूबरू करा रही हैं ' इस कार्य के लिए उन्हें जीविका सेसह्योग एवं मार्गदर्शन मिला है ' सुनीता देवी कोसी जीविका महिला स्वयं सहायता समूह से भी जुडी हैं ' देशी व्यंजनों की बिक्री से वो मेला में प्रतिदिन 20 से 22 हजार रूपया कमा रही हैं ' वो बताती हैं कि जीविका के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है ' सरस मेला में आकर काफी खुश हैं ' इनके साथ इनके पति भी स्टॉल से खरीद-बिक्री में सहयोग कर रहे हैं ' फूड जोन में दीदी की रसोई समेत अन्य स्टाल भी देशी व्यंजन उपलब्ध करा रहे हैं। फन जोन में बच्चे-बच्चियां झूले,घोडा गाडी का आनंद उठा रहे हैं ' सेल्फी जोन में हरु उम्र यादों को तस्वीर में संजो रहे हैं । पालना घर मेंछोटे-छोटे बच्चों को सौपकर लोग मेला में घूम रहे हैं, खरीददारी कर रहे हैं और लौटते वक्त बच्चों को साथ ले जा रहे हैं। सरस मेला परिसर में सुसज्जित विभिन्न विभागीय एवं बैंको के स्टॉल से आगंतुक सरकारी योजनाओ से लाभान्वित हो रहे हैं ' फटे-पुराने नोट बदलने से लेकर खेत-खतिहान, नक्शा की जानकारी, विभिन्न प्रकार की बीमा की जानकारी, आधार कार्ड , मवेशी पालन और खेती समेत कई प्रकार की जानकारियाँ उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य सांस्कृतिक मंच पर नगर निगम, पटना द्वारा सरस मेला की एक शाम स्वच्छता गीतों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के तहत जीरो वेस्ट प्रबंधन सरस मेला को प्रदर्शित किया गया । स्वच्छता पर आधारित गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति की गई ' इस दौरान नगर निगम के अधिकारी और कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे ' मंच संचालन स्वेता भाष्कर ने किया ।सेमिनार हाल में सामाजिक विकास विधा, जीविका द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्म लापता लेडिज महिलाओं को दिखाई गई । अक्षत इवेंट इंटरतेंमेंट द्वारा नाटक, मैजिक शो , लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई ' बिहार गाथा पर लोक कलाकारों ने लोक नृत्य प्रस्तुत की ' जट-जटीन , झिझिया , झूमर आदि की प्रस्तुति ने दर्शकों को झुमाया ' कलाकारों में राधा, प्रियंका, सलोनी,मधुमिता आदि रही ' मंच संचालन गुलाम सिमनानी ने किया ।

मारपीट के मामले में पुलिस ने नौ को किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तीन थाना की पुलिस ने मारपीट के दर्ज मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मालसलामी, दीदारगंज व चौक थाना की पुलिस ने की है। मालसलामी थाना की पुलिस ने मारपीट के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में रिकाबगंज के अनिल कुमार, रवि कुमार, रोशन कुमार, कल्लू राय और पंजाबी राय शामिल है। चौक थाना की पुलिस ने भी मारपीट के दर्ज मामले में जजक टोली के गोलू कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं दीदारगंज थाना की पुलिस ने फतेहपुर के विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, बलवंत सिंह और मारपीट के एक अन्य मामले में निखिल कुमार को गिरफ्तार किया है।

तख्तश्री के पार्किंग से अवैध वाहन व कमरे को खाली कराने का निर्णय

● प्रकाश पर्व पर बनने वाले पंडाल, डेकोरेशन, तोरण द्वार आदि का निर्देश जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही संगतों के सहयोग से दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर चार से छह जनवरी को मनाया जाएगा। इस बाबत 25 दिसंबर से प्रभातफेरी का दौर शुरू हो जाएगा। प्रकाश पर्व जैसे बड़े आयोजन को लेकर प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस हॉल में शनिवार को हुई। बैठक में और वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह के अलावा अधीक्षक दलजीत सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह, महाकांत राय आदि उपस्थित थे। बैठक में प्रकाश पर्व को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें तख्तश्री पटना साहिब के बेसमेंट के पार्किंग वाले स्थान से अवैध वाहनों को हटाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ऐसे कमरे, जो कुछ समय या माह के लिए आवंटित किया गया था, मगर उसे अब तक खाली नहीं किया गया या कोई कब्जा कर अवैध रूप से रह रहा है, उसे हर हाल में खाली कराने का निर्णय लिया गया। इससे प्रकाश पर्व पर बाहर से आने वाली संगतों को आवास उपलब्ध कराया जा सके। संगतों को ठहरने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। दरअसल प्रबंधक कमेटी के द्वारा तख्तश्री परिसर में तीन स्थान और बाड़े की गली में एक स्थान पर रिहाइश निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा पटियालावाले, संत बाबा हरबंश सिंह कारसेवा दिल्लीवाले और डॉक्टर संतोख सिंह आगरावाले के द्वारा रिहाइश निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें डॉ संतोख सिंह आगरावाले के द्वारा 24 कमरों का निर्माण पूरा कर दिया गया है। इसे इसी माह में संगतों के ठहरने के लिए अरदास करने के साथ ही सौंप दिया जाएगा। वहीं संगतों को ठहरने के लिए जो बन रहे रिहाइश पूरा नहीं हो पाया है, उसमें संबंधित कारसेवावाले बाबा जी से आग्रह किया गया है कि आने वाली संगतों के लिए जितना संभव हो सके, व्यवस्था कर कमेटी के पदाधिकारी को सूचित करें। इसके अलावा मालसलामी स्थित ओपी शाह सामुदायिक भवन, कटरा बाजार समिति परिसर में स्थित प्रकाश पुंज से सटे पटना भवन, कंगन घाट स्थित पर्यटक सूचना केंद्र को भी संगतों के ठहरने के लिए लिए जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं प्रकाश पर्व को लेकर बनने वाले तोरण द्वार, टेंट, पंडाल, डेकोरेशन आदि के लिए भी पदाधिकारी के द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है। बैठक के दौरान अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह का कहना था कि वर्तमान कमेटी के लिए संभवतः यह प्रकाश पर्व अंतिम होगा। इसलिए इसे यादगार बनाने की हरसंभव कोशिश जारी है।

बापू परीक्षा परिसर में हंगामा कर रोड जाम करने वाले पर एफआईआर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पुरानी बाइपास के कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा परिसर में शुक्रवार को आयोजित बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान हंगामा और प्रदर्शन किया गया था। परीक्षार्थियों ने सड़क जाम कर तोड़फोड़ भी करने की कोशिश की थी। इस संबंध में 60 से अधिक परीक्षार्थियों के खिलाफ अगमकुआं थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस हंगामा करने वाले परीक्षार्थियों की पहचान के लिए सीसीटीवी को खंगाल रही है। बापू परीक्षा परिसर में बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में शुक्रवार को 12 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र देरी से मिलने और प्रश्नपत्र के पैकेट का सील टूटा होने की बात कह कर कुछ परीक्षार्थी हॉल से बाहर निकल गए। ऐसे लोगों ने परीक्षा दे रहे अन्य परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट भी छिनने और फाड़ने की कोशिश की। यह सब पहले परिसर में हंगामा कर शोर-शराबा किए। इसके बाद बापू परीक्षा परिसर से बाहर निकल प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया था। इससे आम लोगों के साथ ही स्कूली छात्रों एंबुलेंस से जा रहे हैं आगे को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा साथ ही वाहनों का परिचालन भी अवरुद्ध हो गया था। इस कारण से चल रही परीक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ा। बाद में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आलोक कुमार सिन्हा के आवेदन पर पुलिस ने अज्ञात 60 से अधिक अज्ञात प्रदर्शनकारी परीक्षार्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने, सरकारी कामकाज में बाधा पैदा करने, सड़क जाम किए जाने से लोगों को हुई परेशानी सहित अन्य आरोप है। पुलिस ने बताया कि हंगामा करने वाले अभियुक्तों की पहचान के लिए पुलिस की टीम सीसीटीवी को खंगाल रही है। इसमें चिन्हित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अन्य फुटेज को जुटाया भी है, ताकि अभियुक्तों के खिलाफ साक्ष्य इकट्ठा किया जा सके। शुक्रवार को केंद्र पर स्थिति इस कदर बिगड़ गयी थी कि बापू परीक्षा परिसर पर अन्य थानों की पुलिस के अलावा बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य, डीएम, डीआईजी सह एसएसपी सहित अन्य वरीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहुंचना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने अपनी बात रखने के लिए वरीय प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव भी कर दिया था। प्रशासनिक अधिकारी उग्र भीड़ को समझाने-बुझाने का खासा प्रयास किए, लेकिन आक्रोशित परीक्षार्थी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों ने दूसरे कक्ष के परीक्षार्थियों के परीक्षा को बाधित करने का भी प्रयास किया। आक्रोशित परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट को फाड़, बिना जमा किए बाहर लाने, धांधली और प्रश्न पत्र वायरल होने की बात कह नारेबाजी करने लगे थे। अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

अब पटना में होगी मिलावटी खाद्य पदार्थों की अत्याधुनिक तरीके से जांच

19 करोड़ की लागत से शुरू की गयी अत्याधुनिक प्रयोगशाला : मंगल

- स्वास्थ्य मंत्री ने माइक्रोबायोलॉजी लैब और उच्चस्तरीय उपकरण अनुभाग का किया शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना के अगमकुंआ में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के पहले संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला में माइक्रोबायोलॉजी लैब और उच्चस्तरीय उपकरण अनुभाग का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक कदम राज्य सरकार के उस संकल्प को साकार करता है, जिसमें बिहार के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, मानक स्तर के खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रयासों से यह राज्य का पहला और देश का 13वां लैब है। जिसमें 6 करोड़ की लागत से तीन उच्च कोटि के उपकरणों को लगाया गया है। जिनके अगले पांच वर्षों में रख रखाव और मानव बल पर 5 करोड़ खर्च होगा। यह पूरी योजना लगभग 19 करोड़ की लागत से शुरू की गई है।

श्री पांडेय ने कहा कि स्वस्थ आहार ही सुरक्षित जीवन का आधार है और इसी सोच के साथ राज्य सरकार खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही है। संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, अगमकुआं 1980 से खाद्य पदार्थों के रासायनिक परीक्षण में सक्रिय है। अब माइक्रोबायोलॉजी लैब और आधुनिक उपकरणों के जुड़ने से यह प्रयोगशाला विश्वस्तरीय बन गई है। यह राज्य की एकमात्र एनएबीएल और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। इस प्रयोगशाला में अब तीन प्रमुख प्रकार की जांच रासायनिक परीक्षण, उच्चस्तरीय उपकरणों द्वारा परीक्षण और सूक्ष्मजीवाणु परीक्षण उच्चस्तरीय उपकरणों के द्वारा किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक लैब में खाद्य पदार्थों में पेस्टीसाइड और वसा की मात्रा जांच, एंटीबायोटिक, माइकोटॉक्सिन, और रंजकों की पहचान की जांच और भारी धातुओं जैसे लेड, कैडमियम की जांच हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि नई माइक्रोबायोलॉजी लैब की मदद से दूध, दूध उत्पाद, मांस, मछली और बोतलबंद पानी आदि की जांच की जा रही हैं। राज्य के पटना समेत सभी 9 कमिश्नरी में ऐसे और लैब खोलें जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के पांच प्रमंडलों पटना, मगध, तिरहुत, भागलपुर और पूर्णिया में पहले से चल रहे चलंत खाद्य प्रयोगशाला वाहन के दायरे को बढ़ाने का प्रस्ताव भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को भेजा गया है। जल्द ही प्रत्येक जिले में इन वाहनों की तैनाती होगी, जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जाँच और सख्ती से हो सकेगी। राज्य सरकार न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में बल्कि दूषित खाद्य पदार्थों से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने में भी सक्रिय है। भविष्य में राज्य के अन्य जिलों में भी नई खाद्य प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी।

यह प्रयोगशाला राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो गुणवत्तापूर्ण, शुद्ध, और पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित है। इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने 10 फूड सेफ्टी ऑफिसर को डेस्कटॉप का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में सीता साहू, मेयर, पटना, संजय सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, डॉ. अजय प्रकाश गुप्ता, निदेशक, गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग, एफएसएसएआई, नई दिल्ली, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, सुरेन्द्र राय, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, डॉ. ऊषा कुमारी, प्राचार्य एनएमसीएच, डॉ विनोद कुमार, अधीक्षक, एनएमसीएच के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन : विस चुनाव में 225 सीट जीतने का संकल्प

छठे चरण के 5 संगठन जिलों में जदयू जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रदेश जदयू द्वारा वैशाली, मधुबनी, पटना महानगर, सहरसा एवं शिवहर में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चैधरी की अध्यक्षता में प्रत्येक टीम में पार्टी के नौ-नौ नेतागण इसमें शामिल हुए। मधुबनी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद रहे।

2025 में विकास-विरोधी ताकतों को करेंगे परास्त : कुशवाहा

- जदयू नेताओं ने कहा-2025 में फिर से नीतीश कुमार बनेंगे मुख्यमंत्री
- छठे चरण के 5 संगठन जिलों में हुआ जदयू जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के तमाम कार्यकर्ता साथी मिशन 2025-लक्ष्य 225 को सकार करने हेतु पूरी तरह से कृतसंकल्पित और समर्पित हैं। कार्यकर्ता सम्मेलनो में उमड़ रहा जनसैलाब हमारी पार्टी के लिए अच्छे संकेत है और निश्चित ही इसका सकारात्मक असर आने वाले दिनों में दिखाई देगा। साथ ही उन्होंने कहा कि निष्ठवान कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकताओं के बदौलत 2025 में विकास-विरोधी ताकतों को हम परास्त करेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि सड़क, बिजली, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति ही क्रांति आई है। 19 वर्षों के शानदार कार्यकाल में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कुशल-नेतृत्व से प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाजिक न्याय के साथ विकास के मुलमंत्र को अपनाते हुए हमारे नेता ने सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के उत्थान में निरंतर काम किया है। हमें यह कहते हुए गौरव की अनुभूति होती है कि हमारे नेता ने अपनी दूरदर्शिता से प्रदेश के सुदूर गांवों तक विकास योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष हमारी सरकार के कामों का झूठा श्रेय बिटोरने की कोशिश में जुटा रहता है लेकिन जनता उनके इस राजनीतिक हतकंडे को बखूबी समझती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में चारों तरफ सत्ता पोषित अपराधियों का तांडव था। जनता भय के माहौल में जीवन व्यतीत करती थी लेकिन वर्ष 2005 में हमारे नेता ने सत्ता का बागडोर संभाला और प्रदेश को जंगलराज से मुक्ति दिलाई। बिहार की जनता अब पुनः उस दौर में वापस नहीं जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत ने इस बात को साबित कर दिया कि बिहार में हमारे नेता का विकल्प न कोई था, न है और ना ही होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू कार्यकताओं की, कार्यकताओं से और कार्यकताओं के लिए समर्पित पार्टी है। साथ ही उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को अधिक मजबूत और धारदार बनाना है साथ ही समाजिक सरोकार से जुड़े नए लोगों को साथ में जोड़ना है।

तेजस्वी के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम का तीसरा चरण आज से

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तीसरे चरण की अगली कड़ी कल 15 दिसम्बर को सुपौल से शुरू होगी। श्री गगन ने बताया कि तीसरे चरण की पहली कड़ी 4 से 7 दिसम्बर के बीच मुंगेर, खगड़िया, बेगुसराय, लखीसराय और शेखपुरा जिले के 17 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं के साथ संवाद हो चुका है। झारखंड विधानसभा चुनाव के पूर्व यात्रा के पहले और दूसरे चरण में तेजस्वी समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, बांका, जमुई सहित छह जिलों के कुल 48 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं से संवाद कर चुके थे। अबतक वे 11 जिलों के कुल 65 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित कर चुके हैं। राजद प्रवक्ता ने बताया कि तेजस्वी यादव कल 15 दिसम्बर को सुपौल, 16 दिसम्बर को सहरसा, 17 दिसम्बर को मधेपुरा, 18 दिसम्बर को अररिया, 19 दिसम्बर को किशनगंज, 20 दिसम्बर को पूर्णियां, 21 दिसम्बर को कटिहार एवं 22 दिसम्बर को भागलपुर में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कुल 44 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। अस्वस्थ रहने के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने आज सभी जिलाध्यक्षों से दूरभाष पर सम्पर्क कर तैयारी की समीक्षा की है, साथ हीं सभी जिला प्रभारियों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर कैम्प करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि यात्रा के अगले चरण की घोषणा भी जल्द ही कर दी जाएगी।

सरकार को छात्रों और युवाओं की कोई चिंता नहीं

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पीएससी परीक्षा में हुईं कथित अनियमितताओं पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार की मिलीभगत से हाल में ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने शुक्रवार देर रात एक वीडियो बयान में कुमार पर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 में कथित प्रश्नपत्र लीक को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों से संवाद करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। यादव ने दावा किया कि जिन छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और जिला मजिस्ट्रेट ने थप्पड़ मारा, उनसे कुमार का बातचीत न करना यह दशार्ता है कि वह एक थके हुए व्यक्ति हैं और बिहार पर शासन करने में असमर्थ हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया, सरकार राज्य में बिना प्रश्नपत्र लीक के कोई भी परीक्षा आयोजित करने में विफल रही हैचाहे वह कक्षा 10वीं, 12वीं, पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा या बीपीएससी की परीक्षा हो, परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं। इस सरकार को छात्रों और युवाओं के कल्याण की कोई चिंता नहीं है। यादव ने दावा किया, मैं कहता हूं कि प्रश्नपत्र लीक की ये घटनाएं राज्य प्रायोजित हैं।

वन नेशन, वन इलेक्शन देश की जरूरत : चिराग

बोलें- विपक्ष इसकी मेरिट पर चर्चा करे, बताएं क्या एतराज है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने वन नेशन, वन इलेक्शन को देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इसकी चाहत हमलोगों की लंबे समय से थी। उन्होंने विपक्ष के विरोध करने पर कहा कि विपक्ष को हर एक फैसले से ऐतराज है। शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे नेता और मेरे पिता रामविलास पासवान की भी यही सोच रही थी कि देश में एक साथ चुनाव हो। उन्होंने कहा हर दूसरे और तीसरे महीने देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं। यह न सिर्फ आर्थिक बोझ देश के ऊपर डालने का काम करते हैं, बल्कि जिस तरीके से मशीनरी के डिप्लॉयमेंट को लेकर एक व्यवस्था तैयार करने की जरूरत पड़ती है, उसमें भी समय बहुत ज्यादा बर्बाद होता है। इस स्थिति में जब आचार संहिता लगती है तो विकास की गति कहीं ना कहीं रूकती है। इस कारण देश में एक ही बार चुनाव हों और पांच साल तक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा, विपक्ष को हर एक उस फैसले पर ऐतराज है, जो पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लिया जाता है। मैं चाहता हूं कि विपक्ष इसकी मेरिट पर चर्चा करे, बताएं क्या एतराज है? क्यों यह सही नहीं है? एक तरफ जो उन लोगों की बातें हैं, जो छोटे दल हैं, एक साथ चुनाव में उनको दिक्कत होगी। आज की तारीख में देश की जनता इतनी समझदार है कि दो राज्यों में चुनाव के संघीय ढांचे को समझती है। लोकसभा के साथ जिन राज्यों में चुनाव हुए उसके परिणाम अलग हुए हैं। आंध्र प्रदेश इसका उदाहरण है। जहां लोकसभा के परिणाम कुछ थे और विधानसभा के परिणाम कुछ और। यह दशार्ता है कि देश की जनता इस बात को अच्छे से जानती है कि भारत के संघीय ढांचे में किस तरीके से मतदान करना है। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके लिए संभव हो तो हमारी सरकार एक कमेटी का गठन करेगी। हम लोग जेपीसी का भी गठन करेंगे। विपक्ष वहां पर मेरिट के ऊपर इसकी चर्चा करे। उन्होंने लालू यादव के आंख सेंकने वाले बयान पर कहा कि इससे अशोभनीय और अभद्र टिप्पणी कुछ नहीं हो सकती। इतनी गिरी हुई टिप्पणी करना कतई जायज नहीं है। वे खुद इतने अनुभवी नेता हैं और उनके मुंह से इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती। जिस तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यात्रा पर निकल रहे हैं, उसका लाभ 2025 के बिहार चुनाव में जरूर होगा। पत्रकारों के संविधान के मुद्दे पर चर्चा को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर मंत्री चिराग पासवान ने तंज कसते हुए कहा, जो लोग संविधान को पॉकेट में लेकर घूमने का काम करते हैं, वह कभी समझेंगे ही नहीं कि संवैधानिक मयार्दा क्या होती है। जिन लोगों ने संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोगों को राजनीति से अछूता नहीं रखा, उनके ऊपर भी टीका-टिप्पणी करने का काम किया, वह कभी संवैधानिक मयार्दा को नहीं समझ पाएंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के लेटरल एंट्री और प्राइवेटाइजेशन के जरिए आरक्षण को खत्म करने के आरोप पर उन्होंने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि लेटरल एंट्री की शुरूआत किसने की थी। लेटरल एंट्री की शुरूआत विपक्षी दलों के सरकारों ने की थी।

छात्रों के साथ दुर्व्यवहार मामले को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

पटना। पटना के इनकमटैक्स गोलंबर पर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले डीएम को बर्खास्त करने को लेकर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुमार रोहित के उपस्थिति में प्रदर्शन किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि आए दिन प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक का मामला देखना को मिल रहा हैं जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा हैं उन्होंने सरकार से पेपर लीक से निजात के लिए ठोस कानून बनाने की बात कही। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुमार रोहित ने बताया कि बीपीएससी छात्रों के साथ जो दुर्व्यवहार पटना के डीएम के द्वारा किया गया वह निंदनीय हैं उन्होंने पटना डीएम को बर्खास्त करने की मांग की । इस मौके पर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के सोनू अग्रवाल, विकास कुमार झा. डॉ आलोक, रोहित कुमार, अमित सिकन्दर, राहुल पासवान, विवेक चौबे, रोशन, नीतीश,ऋद्धि गांधी, नीरज झा, समेत दर्जनों युवा कांग्रेस के कार्यकता उपस्थित रहे।

सरकार ने जो निर्णय लिया, स्वीकार है : आलोक राज

पटना। 105 दिन तक बिहार के डीजीपी रहे आलोक राज ने शनिवार को नए पुलिस महानिदेशक विनय कुमार को जिम्मेदारी सौंप दी। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राज्य सरकार का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि राज्य सरकार ने हमें राज्य का डीजीपी बनाया और मैं 105 दिनों तक राज्य का डीजीपी रहा और मैं जनता का डीजीपी रहा। पुलिस भवन निर्माण विभाग के सीएमडी बनाए गए आलोक राज ने कहा कि उनके कार्यकाल में बिहार में तीन मुख्य अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। कई बड़े अपराध कर्मी गिरफ्तार में भारी मात्रा में हथियार गोली बरामद किये गए। मैं इस उपलब्धि के लिए एसटीएफ के अधिकारी को बधाई देता हूं। वहीं इस अवधि में छपरा में बीएनएस कानून के तहत पूरे भारत में पहले यह नए कानून के तहत सजा दिलाई गई। उन्होंने कहा कि पुलिस कल्याण के लिए हमने कई काम किया। विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हुई और सभी बड़े त्यौहार बहुत शांतिपूर्वक निकल गए । मैं सभी आईजी डीआईजी एसएसपी एसपी को अपने ओर से धन्यवाद देता हूं बधाई देता हूं शुभकामना देता हूं। मैं पुलिस मुख्यालय के सभी सहयोगी पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं. आभार व्यक्त करता हूं। मैं आशा करता हूं कि आप इसी तरीके से उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे सरकार ने जो निर्णय लिया, स्वीकार है आलोक राज ने कहा कि मैं मुख्य सचिव के साथ-साथ होम डिपार्टमेंट के सभी अधिकारियों का धन्यवाद देता हूं। सरकार का जो निर्णय है मैं उसे स्वीकार करता हूं। मुझे कम समय मिला इसका मुझे कोई मलाल नहीं है।

चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट में स्कूल ऑफ क्रिकेट विजयी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार यानी 14 दिसंबर को खेले गए मुकाबले में स्कूल ऑफ क्रिकेट ने कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी को 54 रन से पराजित किया। स्थानीय बिहार क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर चल रहे इस टूनार्मेंट के अंतर्गत खेले गए मैच में टॉस स्कूल ऑफ क्रिकेट ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। स्कूल ऑफ क्रिकेट ने 25 ओवर में सात विकेट पर 226 रन बनाये। जवाब में कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी की टीम 22.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 172 रन बना सकी। रौनक गुप्ता को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। संक्षिप्त स्कोर : स्कूल ऑफ क्रिकेट : 25 ओवर में 7 विकेट पर 226 रन, गौरव राज 16, अभिनव सिन्हा 54, सदन सरफराज 40, शिबू कनीस नाबाद 32,सैयद तलहा अहमद 17,उज्ज्वल कुमार 14, नीरज कुमार 11, आयुष नाबाद 10, अतिरिक्त 30, आयुष वर्मा 3/33, नेहाल राज 1/48, डारेन राजा 1/45, अवधेंद्र कुमार 1/22 । कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी : 22.3 ओवर में 172 रन पर ऑल आउट गौरव 17, नेहाल राज 25,अजीत राज 11, अवधेंद्र कुमार 21, डारेन राजा नाबाद 53, अतिरिक्त 31, रौनक कुमार 3/26, रौनक गुप्ता 4/45

कांग्रेस सोशल मीडिया डिपार्टमेंट की बैठक के बाद हुआ पुनर्गठन

पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनावों को देखते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सौरभ सिंहा ने की जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक प्रणव भी और बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल मीडिया कॉर्डिनेटर अक्षित जी उपस्थित रहें। बैठक को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक प्रणव ने कहा कि बिहार में भाजपा जदयू के झूठे वादों और विकास के दावों को जनता के सामने लाना होगा इसके लिए हमें मजबूती से लड़ाई लड़नी होगी। नेशनल कॉर्डिनेटर अक्षित जी ने कहा कि कांग्रेस के जमीनी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के कार्यों की प्रशंसा की। प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सौरभ सिंहा ने बताया कि आगामी चुनावों से पूर्व सोशल मीडिया विभाग का पुनर्गठन किया गया है और इस बैठक में सभी जिला के प्रभारी उपस्थित रहें और उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें सम्मानित किया। चुनावों से पहले हम कमर कस कर भाजपा और जेडीयू के झूठ की फैक्ट्री को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सौरभ सिंहा, उपाध्यक्ष खालिद अमीन शेख , कोऑर्डिनेटर रवि कुमार , अमित सिंह सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

नुक्कड़ नाटक जल जीवन हरियाली का मंचन

पटना। पटना पुस्तक मेला में लोक पंच की प्रस्तुति नुक्कड़ नाटक जल जीवन हरियाली का मंचन किया गया, जिसके लेखक मनीष महिवाल एवं निर्देशन रजनीश पांडे ने किया। नाटक के माध्यम से पानी बचाने पर जोर दिया गया, जिस तेजी से हम लोग पेड़ पौधे को काटते जा रहे हैं उससे हमें कितना नुकसान हो रहा है इस पर प्रकाश डाला गया। नाटक के पात्र उस्ताद और जमुरे के संवाद ने दर्शकों को मनोरंजन के साथ सोचने पर मजबूर कर दिया कि अगर आप अभी ध्यान नहीं देते हैं तो आने वाले समय में लोगों का जीवन दुबर हो जाएगा। हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए अगर ऐसा संभव नहीं हो तो कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम से जरूर लगाए, अगर आप ऐसा करते हैं

मिस बिहार 2024 का ऑडिशन हुआ शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बड़ी संख्या में लड़कियों ने लिया भाग

मिस बिहार 2024 का ऑडिशन शुरू हो चुका है। इसी के साथ फैशन इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने वाली बिहार की उन लड़कियों का इंतजार भी आज खत्म हो गया जो सालो भर मिस बिहार बनने के लिए ढेर सारी तैयारियां करते हैं। ऑडिशन के पहले दिन बिहार के विभिन्न जिलों से आयीं कंटेस्टेंट का जलवा रेड कारपेट पर देखने को मिला। इस दौरान तमाम कंटेस्टेंट परिचय, डांस, आईक्यू टेस्ट से ज्यूरी मेंबर को रिझाती नजर आयीं। ओसियन विजन द्वारा बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ दहेज हटाओ अभियान के तहत आयोजित मिस बिहार 2024 के ऑडिशन में आज 107 कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया, जबकि इस बार मिस बिहार के लिए 730 कंटेस्टेंट ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। ऑफलाइन ऑडिशन में जो प्रतिभागी भाग नही ले पाए उनके लिए ऑनलाइन ऑडिशन रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगा। ये जानकारी ओसियन विजन के डायरेक्टर प्रवीण सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि मिस बिहार 2024 के ऑडिशन राउंड में ज्यूरी मेंबर में मिसेज बिहार डॉ शबनम, फैशन डिजाइनर आशीष अग्रवाल,फैशन कोरियोग्राफर राजीव रॉय और एंटरप्रिन्योर दुर्गेश रहें। जिन्होंने ऑडिशन में सभी कंटेस्टेंट से खूबसूरती,कम्यूनिकेशन स्किल, आई क्यू,पर्सनालिटी के पैमाने पर कई सवाल पूछे। प्रवीण ने बताया कि मिस बिहार 2024, मिस बिहार का यह 14वां सीजन है, जहां बिहार की बेटियां अपने टाइलेंट का जलवा बिखेर रही हैं। ऑडिशन के पहले दिन मुकाबला नेक टू नेक देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि रूफ फाउंडर इस इवेंट को सोशल सपोर्ट दे रहा है और हेल्पिंग ह्यूमन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड है। मिस बिहार 2024 का फिनाले दिसंबर के अंतिम सप्ताह में संभावित है, जिसमें मिस इंडिया, मिस बिहार के अलावा बॉलीवुड और फैशन इंडस्ट्री के कई नामचीन चेहरे शिरकत करेंगे। इसमें से कई चेहरे मिस बिहार 2024 के फिनाले के ज्यूरी टीम में भी शामिल होंगे।

सीएम नीतीश ने किया महिलाओं का उत्थान : श्रवण

पटना महानगर जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोलें मंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना महानगर जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन राम लखन सिंह यादव कॉलेज अनिसाबाद में पटना महानगर के जिलाध्यक्ष जनाब आसिफ कमाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसका उद्घाटन करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरे बिहार के उत्थान में लगे हुए हैं 10 लाख 63 हजार महिलाओं का जीविका समूह बनाया गया है 1 लाख 2 हजार महिलाओं को विशेष सहायता दी जा रही है और उनको सरकार की ओर से जीविकोपार्जन हेतु 2-2 लख रुपए की सहायता राशि दी गई है। तालाब के रख-रखाव के लिए के लिए एवं बकरी पालन के लिए आर्थिक सहायता सरकार की ओर से प्रदान की जा रही है। सरस मेला में पहली बार बिहार के महिला उद्यमियों को स्टॉल लगाने में प्राथमिकता दी गई है ताकि महिला उद्यमियों के सामानों की बिक्री हो सके। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने दलितों के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिए अनेकों काम किया। आजादी मिलने के उपरांत दलितों के वोट लेकर कुछ लोग सिर्फ सरकार बनाने के लिए वोट बैंक के रूप में दलितों का इस्तेमाल करती थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल के 20 वर्षों में सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से स्थान के लिए पंचायत में आरक्षण दिया पढ़ाई के लिए अंबेडकर छात्रावास का निर्माण कर शैक्षणिक उत्थान का कार्य किया आर्थिक उत्थान के लिए उद्यमी योजना बनाकर सशक्त बनाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों के शासनकाल में समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए अद्वितीय काम हुआ है। खासकर महिलाओं के उत्थान हेतु के लिए नीतीश कुमार ने देश स्तर पर मॉडल स्थापित किया है समाज के वंचित तबके अत्यंत पिछड़ा, दलित और महादलित के सशक्तिकरण हेतु बिहार सरकार अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए हैं। आजादी के बाद का श्री नीतीश कुमार का यह सर्वश्रेष्ठ कार्यकाल है जनता दल (यूनाईटेड) के प्रदेश के उपाध्यक्ष सह विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि पार्टी की प्राथमिक इकाई पंचायत और वार्ड को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के साथ समाज के वंचित, पीड़ित, अनुसूचित जाति, अति पिछड़ा के सात अकलियत भाइयों के घरों एवं टोलों के बीच जाना होगा ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ राज्य के तमाम लाभुकों को मिले आने वाले दिनों में पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी जिस पार्टी की प्राथमिक इकाई संगठन जिला मजबूत हो सके। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, कहकंश परवीन, रामसेवक सिंह, ललित नारायण मंडल, अरुण मांझी, निहोरा प्रसाद यादव, अरविन्द निषाद, रणविज कुमार, डॉ धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, जितेंद्र पटेल, धीरज कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, रविंद्र पटेल, शत्रुध्न पासवान, आफताब आलम, बँटी चंद्रवंशी, कमल नोपानी मौजूद रहे।

नए साहित्य के साथ कालजयी रचनाएं बनी पुस्तक प्रेमियों की पसंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पुस्तक मेला में पुस्तक प्रमियों की उमड़ रही भीड़

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में चल रहे सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट (सीआरडी) द्वारा आयोजित पटना पुस्तक मेला में पुस्तक प्रेमियों की पसंद नए साहित्य के साथ कालजयी पुस्तकें बन रही हैं। इस महीने की 17 तारीख तक चलने वाले इस पुस्तक मेला में प्रतिदिन पुस्तक प्रेमियों का हुजूम उमड़ रहा है। शाम के समय पुस्तक प्रेमियों की भीड़ के कारण प्रकाशकों के स्टॉल भरे रह रहे हैं। स्कूली बच्चे जहां अपने अभिभावकों के साथ पुस्तक खरीदने आ रहे हैं तो कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपनी पसंदीदा पुस्तक की तलाश में पुस्तक मेले का दीदार कर रहे हैं। कई बुजुर्ग पुस्तक प्रेमी भी पुस्तक मेले में अपने ज्ञान की वृद्धि के लिए पुस्तक की खोज में भटक रहे हैं। कुल मिलाकर सभी उम्र के लोग इस पुस्तक मेला में आ रहे है। जमकर हो रही पुस्तकों की बिक्री के कारण प्रकाशक भी खुश हैं। प्रभात प्रकाशन के अमित शर्मा कहते हैं कि महान साहित्यकारों के साथ महापुरुषों की जीवनी की मांग खूब हो रही है। स्वामी विवेकानंद, एपीजे अब्दुल कलाम , रतन टाटा की जीवनी की पुस्तकें बिक रही हैं। मेले में प्रेमचंद की पुस्तकों की भी मांग हो रही है तो फणीश्वर नाथ रेणु के म

संक्षिप्त खबरें

जनता दल यूनाइटेड का जिला कार्यकर्ता का सम्मेलन

मधुबनी जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यकर्ता सम्मेलन मधुबनी के टाउन क्लब फील्ड में किया गया जिसमें जिला के भारी मात्रा में कार्यकर्ता शामिल हुए इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय झा जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल, लेशी सिंह एवं महेश्वर हजारी शामिल हुए सभी ने नीतीश कुमार के कार्यकाल का जम के तारीफ किए और कार्यकर्ता एवं जनता से आह्वान किया कि 2025 विधानसभा चुनाव में 225 सीटो लाकर के एनडीए के हाथो की मजबूत करे।

बूढ़ी गंडक नदी में मछली मारने गए मछुआरे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

समस्तीपुर, कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के बड़की पुनास वार्ड नंबर आठ निवासी टुनटुन सहनी (42 वर्ष) की बूढ़ी गंडक नदी में मछली मारने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता शिवराम सहनी ने बताया कि टुनटुन अपने दो दोस्तों के साथ कल रात करीब 10 बजे मछली पकड़ने के लिए नदी की ओर गया था। सुबह ग्रामीणों ने टुनटुन का शव नदी में उपलाते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया था। मृतक के परिवार में इस घटना से मातम पसरा हुआ है। कपूर्रीग्राम थाने के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

विभूतिपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार मिश्र को किया प्राधिकृत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभूतिपुर के निलंबित होने के कारण प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यों को संपादन हेतु मनोज कुमार मिश्र प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विथान को विभूतिपुर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। पत्र निर्गत करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी समस्तीपुर ने बताया कि निदेशक शिक्षा विभाग बिहार पटना के द्वारा कृष्णदेव महतो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभूतिपुर को कई अपराधों के विरुद्ध सरकारी सेवा नियमावली 2005 के प्रावधानों के तहत निलंबित किया गया है। इससे संबंधित प्रतिलिपि सभी विभागीय पदाधिकारियों को भेजा गया है।

पुलिस ने हत्याकाण्ड के नामजद आरोपी के घर किया कुर्की

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव में गौरी शंकर उर्फ ककू हत्याकांड के नामजद के आरोपी जो लंबे अरसे से फरार चल रहे थे। कोर्ट के निर्देश पर थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गांव में जाकर कुर्की जपर्ती किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि मई माह 2024 में ककु की हत्या घर पर जाकर बदमाशो द्वारा पिट पिट कर आरोपियों ने कर दी थी। इसको लेकर थाने में परिजनों द्वारा हत्या की प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। नामजद आरोपी लंबे अरसे से दोनों फरार चल रहे थे। बगलगीर के यहां जिम्मेनामा पर कुर्की किए गए सामानों को रखा गया है।

मारपीट की घटना में दो जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी थाना क्षेत्र के सोरमार गांव में दो पक्षों में भूमि विवाद में मारपीट में महिला सहित दो लोग जख्मी हो गये। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सीएचसी में लाया गया जहां जख्मी की पहचान सोरमार हाट निवासी धनेश्वर राम की पत्नी 38 वर्षीय शीला देवी व पुत्र 27 वर्षीय राजा कुमार शामिल है इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि दोनों बहन का इलाज सीएचसी में जारी है। स्थिति में सुधार है।

भारत नेपाल जिला स्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक आयोजित

बॉर्डर क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर दोनों देशो द्वारा संयुक्त अभियान चलाने पर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारत-नेपाल जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मिथिला चित्रकला संस्थान सौराठ मधुबनी की सभा कक्ष में में अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं सीडीओ धनुषा रामु राज कादरिया की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमे दोनो पक्षोके प्रतिनिधि मंडल के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक में दोनो पक्षो के अधिकारियो द्वारा बारी बारी से विभिन्न मुद्दो पर विस्तृत रूप से द्विपक्षीय चर्चा की गई।बिहार के रास्ते भारत में नेपाल से फेक करेसी के आवागमन पर रोक लगाने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई । बैठक में दोनों देश के बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से बल दिया ।दोनो पक्षो के सदस्यो ने बारी-बारी से मानव तस्करी शराब के भारतीय सीमा में प्रवेश पर नियंत्रण बिहार में शराब बंदी को प्रभावी रूप से लागू करने में नेपाल के सीमावर्ती जिलों का महत्वपूर्ण सहयोग बॉर्डर पर अतिक्रमण जाली नोटो पर अंकुश अपराधियो की धड़पकड़ असामाजिक तत्वो द्वारा खुली सीमा का दुरुपयोग प्रतिबंधित दवाओ का दुरुपयोग सूचनाओ का आदान प्रदान सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर व्यापक चर्चा हुई,एवं संबधित अधिकारियो ने अपनी अपनी बात रखी।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने सर्वप्रथम नेपाली प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयो पर अपनी बात विस्तार से रखी। उन्होने कहा कि दोनो देशो के अधिकारियो को आपसी समन्वय के साथ पूरी तरह से सजग होकर कार्य करना होगा।उन्होने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध सदियो से अत्यंत प्रगाढ़ रहे है।दोनो देशो के बीच बेटी-रोटी का सम्बंध है। दोनो ही देशोके नागरिको के बीच आपसी प्रेम एवं सौहाद्र बनी रहे,इसको लेकर भी भी हम निरन्तर प्रयासरत है।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि हमेशा से ही दोनो पक्ष विभिन्न मुद्दो पर आपसी बातचीत से सभी बातों का हल निकालते आयेहै उन्होने बॉर्डर क्षेत्र अतिक्रमण को लेकर दोनो ही देश का संयुक्त अभियान चलाने की बात कही। उन्होने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाना मानव तस्करी को रोकना नो मैन्स लैंड अतिक्रमण शराब के धंधेबाजोके धड़पकड़ सूचनाओ के आदान-प्रदान सहित कई विषयो पर दोनो पक्षोके संबधित अधिकारियो ने अपनी-अपनी बाते रखी जिसमे कई विषयो पर आपसी सहमति भी जताई गई है।उन्होने कहा कि हमे आपसी तालमेल बनाकर पूरी सजगता के साथ कार्य करना होगा। जिलाधिकारी ने नेपाली पक्ष के साथ हुई चर्चा के आलोक में कस्टम ऑफिसर को भी अगली बैठक से भाग लेने की बात कही।उन्होने बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण और फलदाई बताया।बैठक की संयुक्त अध्यक्षता कर रहे सीडीओ धनुषा ने भी कहा कि दोनो ही देश के बीच मे सदियो से बेटी-रोटी का संबंध है। उन्होने कहा कि यह बैठक न केवल हमारे दोनो देशो के बीच सद्भाव और मित्रता का प्रतीक है बल्कि सीमा क्षेत्र में शांति सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने दोनो देश एक दूसरे के अपराधियो की सूची आदान-प्रदान करने सहित कई विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होने अपराधियो की धर पकड़ सूचनाओ का आदान प्रदान नेपाल में शराब की बिक्री पर नजर रखने अवैध शराब एवं शराबियो पर कड़ीनजर नेपाली नंबर के वाहनो के भारतीय सीमा में प्रवेश नेपाली सिम का दुरुपयोग आदि विषयो पर अपनी बाते रखी।इसके पूर्व दोनो देशो के राष्ट्रगान के साथ बैठक की शुरूआत हुई।उक्त बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने किया। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार कॉन्सुलसीजी आई बीरगंज मनीष दास अपर समाहर्ता शैलेश कुमार डीपीआरओ परिमल कुमार अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर बीरेंद्र कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी कुमारी मनीषा अनुमंडल पदाधिकारी फुलपरास अभिषेक कुमार एसडीसीमयंक सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर विप्लव कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलपरास सुधीर कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपट्टी नीतीश कांत भारती एसएसबी 48वी वाहिनी के कमांडेंट जीएस भंडारी एसएसबी 18वीवाहिनी के कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा उत्पाद अधीक्षक विजय कांत ठाकुर सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।वही नेपाल के दल का नेतृत्व सीडीओ धनुषा रामु राज कादरिया ने किया। उनके साथ सीडीओ महोतरीलाल बाबूकबारी सीडीओ सप्तरी भोला दहल सीडीओ सिरहा बासुदेव दहल असिस्टेंट सीडीओ महोत्तरी उपेंद्रनुपाने असिटेंटसीडीओ धनुषा विजय राजसुबेदि सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस महोत्तरी नकुल पोखरेल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस सप्तरी धकेन्द्र खातिवाद डिप्टी सुपरिटेडेट ऑफ पुलिस सिरहा एवं धनुषा आर्म्ड पुलिस फोर्स नेपाल नेशनल इन्वेस्टिगेशन टीम नेपाल के ऑफिसर सहित नेपाल प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

जयनगर अनुमंडल अनुश्रवण समिती की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में गत बैठक की पुष्टि नये राशनकार्ड व खाद्यान्न की गुणवत्ता जयनगर में अबैध नर्सिंग होम में उपचार के दौरान लगातार हो रहे मौत विधुत विभाग एवं शिक्षा से संबंधित समस्याओ का निदान करने पर बैठक में चर्चा किया गया। अनुमंडल अनुश्रवण समिति सदस्य सह भाकपा माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने बैठक में सीएमआर के माध्यम से कि जा रहे आपूर्ति चावल के गुणवत्ता पर ध्यान रखने एवं एसएफसी बिहार गोदाम जयनगर से लदनिया चले जाने के कारण जनवितरण प्रणाली दुकानदारो को खाद्यान्न उठाने में हो रहे असुविधाएं के कारण उपभोक्ताओ को समय पर आपूर्ति नही होने को देखते हुए जयनगर में गोदाम के लिए भूमि अधिग्रहण कर अविलम्ब निर्माण करने तथा जयनगर में दर्जनो अबैध नर्सिंग होम स्थानीय उपाधीक्षक कुमार रौनित अनुमंडल अस्पताल के संरक्षण में संचालित होने के कारण लगातार महिलाएं की हो रहे मौत को देखते हुए नर्सिंग होम पर कार्रवाई करने शहर में प्रखंड कार्यालय पटना गद्दी चौक स्टेशन चौक बस स्टैंड के नजदीक 11 हजार वोल्ट विधुत तार पेड़ से सटने के कारण होने वाली बड़ी घटनाएं को देखते हुए अविलम्ब स्थाई निदान करने देवधा दक्षिणी मौजा एवं कुआढ़ मौजा में अंचल कार्यालय जयनगर के अभिलेख संख्या-1 व 4 वर्ष 2004 - 2005 में दर्जनो महादलित पचार्धारी को दिए गए पर्चा के आधार पर भूमि पर कब्जा एवं अवैध खरीद-विक्री पर रोक लगाने बसेरा योजना 2 के तहत वर्षों से भूमि पर बसे भूमि की पर्चा देने और जयनगर से कोरहिया तक कमला नदी के तटबंधो के किनारे बसे सैकड़ो भूमिहीन परिवारों को बसेरा योजना 2 के तहत भूमि आवास देने और उद्यमी योजना के तरह 2 लाख रुपए सहायता राशि प्राप्त करने के लिए अंचलाधिकारी जयनगर को दिए गए 1886 आवेदन पर जांचोपरांत 70 हजार रूपया तक का आय प्रमाण-पत्र बनाने और प्राइवेट स्कूलो में महंगे प्रकाशन के किताब पर रोक लगाने की मांग किया गया।बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी लदनियां एवं बासोपट्टी जयनगर विपिन आंसु बासोपट्टी लदनियां के अमीतेश कुमार बिहार गोदाम बासोपट्टी प्रबन्धक मुशर्रफ हसन मुख्य पार्षद कैलाश पासवान भाकपा-माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो माकपा अंचल मंत्री कुमार राणाप्रताप सिंह जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह विधायक प्रतिनिधि नरेन्द्र नारायण कुंवर विधान परिषद प्रतिनिधि अनुरंजन सिंह बासोपट्टी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विरेन्द्र यादव बसपा के साविर सहित जनवितरण प्रणाली दुकानदारो के प्रतिनिधि दीपक कुमार एवं सुरेश यादव और रसोई गैस प्रबन्धक अनुमंडल कर्मचारी सुरेंद्र दत्ता अन्य लोगो ने भाग लिया ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कौशल विकास केंद्रित है : प्रो संजय कुमार चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कौशल विकास केंद्रित है। इस नीति में छात्रों में कौशल विकास कर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। इस सेमिनार में भी शोधकताओं में कौशल विकास कैसे विकसति हो इसके लिए चार्चा-परिचर्चा करने की जरूरत है। छात्र किन विषयों पर शोध करें, इसकी एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करना विभागाध्यक्षों का कार्य है। उक्त बातें भारतीय समाज विज्ञान शोध परिषद् द्वार प्रायोजित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के बीएड (नियमित) एवं विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्त्वाधान में ह्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय ज्ञान परम्परा एट विकसित भारतह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी के उद्याटन सत्र में कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कही। प्रो. चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी गुरुकुल परंपरा के साथ तकनीकी शिक्षा पर जोर देती है। आने वाले समय में विश्वविद्यालयों को भी परंपरागत शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा को केंद्र के रूप में तैयार किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि छात्रों में आत्म गौरव के साथ आत्मचिंतन और आलोचनात्मक क्षमता भी विकसित करने की जरूरत है। जब तक मूल्य चिंतन को जीवित नहीं रखा जाएगा, तब तक आगे का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता है। भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाने की चिंता सबकी होना चाहिए। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. हरेकृष्ण सिंह,केएसडीएसयू के पूर्व प्रति-कुलपति प्रो सिद्धार्थ शंकर सिंह,कुलसचिव प्रो. विजय कुमार यादव,दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो रुद्र कांत अमर,परीक्षा नियंत्रक प्रो विनोद कुमार ओझा ने सम्बोधित किया।बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार मिलन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ निधि वत्स ने किया। सेमिनार में डॉ राजीव कुमार, डॉ संजीव कुमार शाह, डॉ शम्भू प्रसाद, डॉ अखिलेश मिश्र, डॉ मिर्जा रूहुल्लाह बेग, डॉ उदय कुमार, डॉ प्रियंका राय, डॉ शुभ्रा, डॉ जय शंकर सिंह, डॉ रेशमा तबस्सुम, कुमार सत्यम, गोविन्द कुमार व शोधार्थी शामिल थे।

नैनो यूरिया एवं डीएपी आधारित कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में इफको नैनो यूरिया एवं डीएपी आधारित कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक एके पालीवाल नैनो उर्वरक के प्रयोग एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्रीय प्रबंधक फराज अहमद ने किसानों को मिट्टी जांच करने के उपरांत देवी उर्वरक प्रयोग करने का आग्रह किया। मौके पर राहुल, प्रणव कुमार, आरची भार्गव, हरि नारायण सिंह, विश्वनाथ सिंह, हरे राम मिश्र, सतीश कुमार मिश्र, राजेश झा, रामभरोस राय आदि मौजूद थे।

बच्चों पर दबाव न बनाएं अभिभावक, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दें : विकास कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।होली क्रॉस प्री प्राइमरी स्कूल, मदारपुर में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान 4 से 6 वर्ष के बच्चों ने प्रेयर डांस, वेलकम डांस, मदर टेरेसा के संवाद के साथ-साथ, हिंदी, उर्दू, बंगाली, नेपाली एवं पंजाबी भाषाओं में नृत्य एवं संगीत, कव्वाली और विभिन्न तरह के कई कार्यक्रम किये जिसे बच्चों के अभिभावक एवं दर्शकों ने काफी सराहा एवं स्कूल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य सिस्टर पुष्पिका और उनकी टीम को बधाई दी। मुख्य अतिथि दरभंगा सदर अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे किसी भी चीज में कम नहीं है। इसका प्रमाण आज का यह कार्यक्रम है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया की बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी ही बनने का दबाव नहीं दे बल्कि उन्हें जिस क्षेत्र में उनकी प्रतिभा दिखाई पड़ती है उस क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहयोग करें और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को निखारने का काम करें।विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक, यातायात अवधेश कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल के हमारे भविष्य हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन समेत स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि बच्चों के प्रतिभा को निखारने में अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी से निभाएं। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर पुष्पिका ने कहा कि समय की आवश्यकता ईश्वर की इच्छा है इस आदर्श वाक्य को ध्यान में रखते हुए यह विद्यालय चलाया जा रहा है। इस अवसर पर होली क्रॉस की नॉर्थ ईस्ट जोन की संयोजिका सिस्टर एलसिट, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्य सिस्टर जैंसी मैथ्यू, प्रबंधक सिस्टर नीली, सिस्टर सरिता, सिस्टर लुसी, सिस्टर त्रिजा रोमन कैथोलिक चर्च के फादर रॉय मैथ्यू, सहायक फादर नोवेल के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका दीपावली एवं दिव्यांशी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुजीता ने किया।

लेशी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी माननीय प्रभारी मंत्री मधुबनी जिला सह मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार पटना लेशी सिंह की अध्यक्षता में डीआरडीए मधुबनी के साभागार में जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत पुल पुलियो पथो के निर्माण की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पूर्व से निर्मित जर्जर पुल की जगह नए पुल का निर्माण बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल की जगह नए पुलों का निर्माण मिसिंग लिंक पथ का निर्माण निर्मित पुलों के पहुच पथ के निर्माण बसावटो की संपर्कता प्रदान करने हेतु पथो एवं पुल पुलिओ का निर्माण आदि विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई।इस संबंध में माननीय सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए जिस्केअलोक में माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा सभी संबधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। उक्त बैठक में माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद घनश्याम ठाकुर माननीय सदस्य बिहार विधान सभा बिनोद नारायण झा अरुण शंकर प्रसाद सुधांशु शेखर मीना कुमारी हरिभूषण ठाकुर बेचौल समीर कुमार महासेठ भरत भूषण मंडल जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एसपी सुशील कुमार जिला परिषद अध्यक्ष मती बिंदु गुलाब यादव डीडीसी दीपेश कुमार नगर आयुक्त अनिल चौधरी प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा हेमंत कुमार सहित सभी संबधित विभागो के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

अब थाना पर नहीं अंचल कार्यालय पर हो रहा भूमि विवाद से जुड़े मामलों का निपटारा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को लेकर प्रत्येक शनिवार को थाने पर आयोजित होने वाला जनता दरबार दूसरे सप्ताह भी 14 दिसंबर को अंचल अधिकारी के नहीं आने के कारण नहीं हो सका। इस कारण नोटिस पर थाना पर आए दोनों पक्षों के लोग परेशान दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस के द्वारा अंचल कार्यालय पर भेज दिया गया। बता दें कि बीते 30 नवंबर को सीतामढ़ी के परिहार अंचल अधिकारी (महिला) को थाना प्रभारी द्वारा बंधक बना लिए जाने की घटना सामने आयी थी। इसके विरोध में राज्यभर में सीओ थाना परिसर नहीं जा रहे हैं। इसको लेकर राजस्व अधिकारियों के संघ बिहार रेवेन्यू सर्विस एसोसिएशन (बिरसा) ने कहा है कि इस घटना से पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। कहा है कि यह घटना राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण अभियान को चुनौती है। जब तक आरोपी थाना अध्यक्ष के पर कार्रवाई नहीं की जाती है, संघ के सदस्य थाना दिवस एवं अन्य सभी कार्य जिसमें थाना में जाना पड़े, उसका बहिष्कार करेंगे। बिरसा ने मांग करते हुए कहा है कि सीओ के क्षेत्र में एक से ज्यादा थाना आते हैं, इसलिए भूमि विवाद की सुनवाई अंचल कार्यालय में हो। अधिकारी ने अपने अंचल कार्यालयों में ही जमीन संबंधी विवादित मामलों की सुनवाई करें। सीओ को उनके कार्य क्षेत्र अंतर्गत दण्डाधिकारी (मजिस्ट्रेट) की शक्ति प्रदान करने और अंचल अधिकारियों को सरकार अंग रक्षक (बॉडी गार्ड) उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि अंचल अधिकारी थाना पर आयोजित होने वाले जनता दरबार में नहीं आ रही हैं। इससे भूमि विवाद के शिकायतकताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थाना के जनता दरबार में आने वाले लोगों को अंचल कार्यालय भेजा जा रहा है। वहीं अंचल अधिकारी सलोनी करण ने कहा कि अंचल कार्यालय पर ही अब जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस शनिवार की दोपहर तक भूमि विवाद के 9 मामले आए थे।

छिनतई और फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा, लोडेड पिस्टल और गोली के साथ एक गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में दलसिंहसराय थाना क्षेत्र में छिनतई और फायरिंग के आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह गिरफ्तारी विशेष छापामारी अभियान के दौरान की गई। बीते 13 दिसंबर की शाम दलसिंहसराय थाना के पुअनि रंजीत कुमार सिंह और उनकी टीम 29 और 30 नंबर रेलवे गुमटी के बीच संदिग्धों पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान ग्राम अजनौल की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन मोटरसाइकिल सवार दो लोग तेजी से भाग निकले। पीछे बैठे तीसरे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया था। उसकी पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के ढेपुरा वार्ड 28 के अमित कुमार चौधरी के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई। गिरफ्तार मनीष कुमार की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान मनीष ने स्वीकार किया कि वह 6 दिसंबर की रात ग्राम कमरॉव निवासी चंदन कुमार को गोली मारने और छिनतई के प्रयास में शामिल था। इस घटना को लेकर दलसिंहसराय थाना में कांड संख्या 380/24 दर्ज है। मनीष ने इस वारदात में अपने चार अन्य साथियों की संलिप्तता भी स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि फरार दो आरोपियों सहित मनीष के चार अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

जिलाधिकारी द्वारा थप्पड़ मारने की घटना की कड़ी निंदा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 70वीं बीपीएससी परीक्षा के दौरान हुई गंभीर अव्यवस्थाओं और पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह द्वारा एक परीक्षार्थी को थप्पड़ मारे जाने की घटना की तीव्र निंदा की है।परीक्षा के दौरान कई केंद्रों पर प्रश्न पत्र विलंब से वितरित किए जाने की खबरें सामने आई हैं। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र लीक होने की भी सूचना है, जिसने न केवल परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया है, बल्कि परीक्षार्थियों के बीच गंभीर शंकाएं और आक्रोश पैदा किया है। वहीं, पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा एक परीक्षार्थी को थप्पड़ मारे जाने की घटना अत्यंत निंदनीय, अमानवीय और अलोकतांत्रिक है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी का ऐसा व्यवहार प्रशासन में व्याप्त संवेदनहीनता और निरंकुशता का जीता-जागता उदाहरण है। प्रशासन का कर्तव्य छात्रों को एक गरिमापूर्ण और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है, न कि उनके साथ दुर्व्यवहार करना। राज्य सचिव विजय कुमार ने बीपीएससी और राज्य सरकार से मांग कि की जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह इस अमानवीय कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, परीक्षा के दौरान हुई अव्यवस्थाओं और प्रश्न पत्र लीक के मामलों की अविलंब निष्पक्ष न्यायिक जांच कर स्थिति स्पष्ट किया जाए।उन्होंने छात्रों और न्याय पसंद लोगों से परीक्षाओं में हो रहे भ्रष्टाचार और धांधली के खिलाफ तथा निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जनवादी तरीके से आंदोलन तेज करने की अपील की है।

सीपीएम का दो दिवसीय 24वां जिला सम्मेलन शुरू

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी समस्तीपुर का 24वां दो दिवसीय जिला सम्मेलन जनता महाविद्यालय सिंघिया बुजुर्ग के परिसर में प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम लोकल कमेटी विभूतिपुर उत्तर के सचिव सह सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष श्याम किशोर कमल की अध्यक्षता में विशाल आम सभा हुई। सभा को राज्य सचिव ललन चौधरी, केन्द्रीय कमेटी सदस्य अवधेश कुमार, राज्य सचिव मंडल सदस्य सह स्थानीय विधायक अजय कुमार, जिला सचिव रामाश्रय महतो, राज्य कमेटी सदस्य राम दयाल भारती, मनोज प्रसाद सुनील, नीलम देवी, शाह जफर इमाम, मनोज कुमार गुप्ता, जिला सचिव मंडल सदस्य सह सम्मेलन के स्वागत सचिव महेश कुमार, सत्य नारायण सिंह, उपेन्द्र राय, जिला कमेटी सदस्य सह सम्मेलन के कोषाध्यक्ष अरविन्द कुमार दास, मिथिलेश सिंह, विश्वनाथ महतो, शशिकांत झा, सिया प्रसाद यादव, नवीन चन्द्र सिंह, गंगाधर झा, राम प्रकाश यादव, सुरेन्द्र प्रसाद सिंहा, भोला राय, दिनेश पासवान, संगीता राय, विधान चन्द्र, राम सेवक राय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि देश आज विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। डबल इंजन की सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य की हालत बद्तर होती जा रही है। सार्वजनिक उपक्रमों को मिट्टी के भाव बेचा जा रहा है। किसानों को अपने उत्पादित वस्तुओं का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। मजदूरों का पलायन बदस्तूर जारी है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। जनता के जन कल्याणकारी योजनाओं और मुद्दों पर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इसके बाद राज्य सचिव ललन चौधरी ने झंडोतोलन किया। तदुपरान्त शहीदों के सम्मान में गगनभेदी नारों को गुंजायमान किया। शहीद वेदी पर सभी प्रतिनिधियों और आम जनता ने माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पूर्व कापन चौक और सिंघिया घाट से लाल झंडों से सजा विशाल जुलूस सम्मेलन स्थल पर पहुंचा।

एनडीए सरकार विकास के साथ न्याय कर ग्राम स्वराज के सपनों को साकार कर रही हैं : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

केवटी(दरभंगा)। बिहार की एनडीए सरकार विकास के साथ न्याय की नींव को मजबूती प्रदान कर ग्राम स्वराज के सपनों को साकार कर रही हैं । केवटी विधानसभा के 22 पंचायतों में जल्द आधुनिक तकनीक से पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य प्रारंभ होने की दिशा में पंचायती राज निरंतर प्रयासरत हैं । केवटी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 17 सिंहवाड़ा के 5 पंचायत में पंचायत सरकार भवन का चयन हुआ हैं । जमीन संबंधित मामला निष्पादित होते ही शेष पंचायत सरकार भवन बनाने का कवायद प्रारंभ की जाए

संक्षिप्त खबरें

युवक ने नाबालिग लड़की को लेकर हुआ फरार

जमुई [झाझा] नगर क्षेत्र के एक मुहल्ले से एक नाबालिग लड़की को बहाल फुसलाकर एक युवक के द्वारा अपने साथ भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने बताया कि पुत्री कोचिंग सेंटर पढ़ने की बात करते हुए घर से निकली और काफी घण्टो के बाद वह वापस घर नही आई जिसके बाद खोजबीन करना शुरू किया लेकिन कुछ भी पता नही चल सका। खोजबीन के दौरान मेरे मोबाइल पर सोहजना गांव के रहने वाले युवक सौरभ कुमार का फोन आया जिसमे उसने मेरी पुत्री को आरा जिला ले जाने की बात की। पीड़ित पिता ने पुलिस से पुत्री के साथ किसी अनहोनी न हो जाये उससे पहले पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाया है। पीड़ित पिता ने दर्ज आवेदन में नामजद युवक के अलावे उसके जीजा एक अन्य पर पुत्री को भगाने में संलिप्तता होने की बात भी आवेदन में दर्शाया है।

बिहार के स्कूलों को 80 हजार से अधिक कमरों की जरूरत

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार के शिक्षा विभाग में शिक्षा में आमूल परिवर्तन की दिशा में जो कदम उठाया है वह वास्तव में सराहनी आवश्यक है लेकिन तकनीकी जरूर को भी पूरा करने के लिए सरकार को कदम उठाने की आवश्यकता है शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार बिहार में मार्च 2025 तक 80000 करों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है विभाग ने जिले के ताई समय में कमरों का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि स्कूल में बच्चों के कक्षा संचालन में कोई दिक्कत नहीं आए शिक्षा विभाग और बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से कमरों के निर्माण कार्य की निरंतर निगरानी भी की जा रही है राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी को अतिरिक्त वर्ग कक्षा की आवश्यकता का आकलन कर विभाग को जानकारी भेजी जानी है इस संबंध में पदाधिकारी बताते हैं कि आधारभूत संरचना के निर्माण आदि मध्य से राज्य सरकार की ओर से जिलों को 3000 करोड रुपए पूर्व में दिए गए हैं साथ ही और भी राशि इस मद में भेजने की कार्रवाई की जा रही है ताकि निर्माण कार्य प्रभावित नहीं हो ग्राम पंचायत के स्कूलों में 17000 कमरों की आवश्यकता होगी राज्य की 4000 से अधिक ग्राम पंचायत में उत्क्रमित उत्क्रमित मध्य विद्यालयों का संचालन शुरू किया गया है उन स्कूलों में 17000 अतिरिक्त कमरों के निर्माण की जरूरत है

पक्षी आश्रयणी केंद्र सहित छापा पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

योजना से सम्बंधित जानकारी लेकर निरीक्षण करते डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] जमुई डीएम अभिलाषा शर्मा के द्वारा झाझा के नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र का पूरा जायजा लिया । नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने जिला के अधीनस्थ अधिकारी के साथ छापा पंचायत की ओर रुख किया और छापा पंचायत में खेल मैदान के अलावे अमृत सरोबर का भी निरीक्षण किया और कई तरह के दिशा निर्देश दिया। डीएम के दौरा नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र का निरीक्षण किये जाने के बाद बर्ड म्यूजियम के लिए मिले जमीन से सम्बंधित जानकारी लेते हुए जमीन का निरीक्षण भी किया। आश्रयणी केंद्र पर सैलानियों के लिए घूमने सहित बैठने की सुविधा की जानकारी लेते हुए सर्द के मौसम में आश्रयणी केंद्र पर अलग अलग देशों से आने वाले साइबेरियन पक्षियों के आगमन और उनकी सुविधाओं से सम्बंधित जानकारी वनक्षेत्र के मौजूद पदाधिकारी से लिया। डीएम ने नागी पक्षी आश्रयणी केंद्र के निरीक्षण को लेकर बताया कि सिंचाई विभाग के द्वारा आश्रयणी केंद्र के लिए कई महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तावित की गई है उसका निरीक्षण किया गया इसके अलावे जो भूमि उपलब्ध की गई है उसके बारे में जानकारी ली गई। डीएम ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मनरेगा के द्वारा हर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण करवाया जा रहा है उसकी भी जांच की गई ताकि क्षेत्र के बच्चों में जो खेल को लेकर उत्साह रहता है उन बच्चों को अपना खेल मैदान हो जाने से उसका लाभ मिलेगा। जन जीवन हरियाली के तहत जो अमृत सरोबर बनाया गया है उसकी भी जांच की गई ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। अमृत सरोबर में और बेहतर करके इसे छठघाट के रूप में बदला जा सकता है। मौके पर डीडीसी सुमित कुमार, एसडीओ अभय तिवारी, बीडीओ रविजी, एसएचओ संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिले के सभी प्रखंडों में 17 दिसम्बर से 30 जनवरी तक प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन : डीएम

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि जिले में आम जनों को सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानीय स्तर पर प्रशासन की सभी इकाइयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर कर लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रखने के उद्देश्य से जमुई जिला अन्तर्गत सभी प्रखंडों के पंचायतवार 17 दिसंबर 2024 से 30 जनवरी 2025 तक पूर्वाहन 10:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक प्रतिदिन ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ' जिसमें संबंधित प्रखंड के आम लोग अपनी समस्याओं तथा शिकायतों के साथ उपस्थित होंगे ' आगे उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के कार्यक्रमों तक आम जनता की पहुंच व प्रभावकारी जन शिकायत निवारण तथा ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा ' साथ ही सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित राज्य के कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जनसाधारण को अवगत कराते हुए लोगों की शिकायतों का कार्यक्रम स्थल पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में शिकायतों के निस्तारण के लिए अलग-अलग टेबल लगाने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम में आवेदक द्वारा समर्पित आवेदन पर कार्रवाई को लेकर संबंधित पदाधिकारी को विगत एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने को निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी महोदया ने लोगों से अपील किया है कि अगले सप्ताह में लगने वाले इस तरह के कैंप में अपनी समस्याओं को लेकर जरूर आएं। कैंप में आये सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारीगण द्वारा न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी ।

विज्ञान, कला और धर्म में बंदरों की बहुआयामी भूमिका: डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई : विश्व बंदर दिवस के अवसर पर विज्ञान, कला और धर्म के क्षेत्र में बंदर का योगदान विषय पर नगर परिषद जमुई स्थित आनंद विहार कॉलोनी में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि मंकी डे प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य बंदरों और प्राईमेट्स के संरक्षण, अधिकारों और उनके महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। बंदर दिवस प्रकृति के सबसे चंचल प्राणी का सम्मान करने का प्रतीक है। बंदर और मानव के बीच अनोखा रिश्ता है. बंदर एकता और नैतिकता का पाठ पढ़ाता है। गांधी के तीन बंदर भी नैतिकता के पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान, कला और धर्म के संदर्भ में बंदर की भूमिका बहुआयामी और महत्वपूर्ण है। विज्ञान क्षेत्र में बंदर का उपयोग जैविक और चिकित्सा विज्ञान में प्रमुखता से किया जाता है। उनका मानव के साथ 96 से 98 प्रतिशत साम्य होने के कारण वैज्ञानिक उन्हें मानव की विभिन्न क्रियाकलापों को सम्मान के लिए प्रयोग करते है। कला के क्षेत्र में भी बंदर का चित्रण प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक हुआ है। चित्रकला, मूर्ति कला और साहित्य में बंदर को विभिन्न रूपों में दशार्या जाता है। पंचतंत्र और अन्य कहानियों में बंदर का चरित्र नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। भारतीय धर्म में बंदर की भूमिका विशेष महत्व रखती है। हनुमान जी जो बंदर के रूप में पूजित हैं, शक्ति, भक्ति और साहस के प्रतीक माने जाते हैं। रामायण में बंदरों की भूमिका आदर्श मित्र और भक्त के रूप में अद्वितीय है। बौद्ध और जैन धर्म में भी बंदर का उल्लेख नैतिक और करुणा की कहानियों में मिलता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान कला और धर्म का केवल एक जीव के रूप में ही नहीं, बल्कि नवीन सभ्यता का समझ और दिशा देने में महत्वपूर्ण रही है। इसलिए बंदर का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कहा गया है कि- बंदर की चालाकी पर हर कोई हैरान, लेकिन उनके भीतर है ज्ञान का वरदान। बंदर जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके विलुप्त होते होने से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ सकता है। मानव गतिविधियों यानी वनों की कटाई और शिकार ने बंदरों के आवाम को खतरे में डाल दिया है। अतः उनके संरक्षण के लिए जागरूकता और ठोस कदम उठाना आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि बंदर और मानव के बीच एक अनोखा और गहरा रिश्ता है, जो जैविक सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं से जुड़ा हुआ है। कहते हैं कि बंदर और मानव का विकास क्रम लगभग समान होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामचंद्र रवि ने कहा कि बंदरों की शारीरिक संरचना, व्यवहार और मस्तिष्क कार्य प्रणाली में भी समानता पाई जाती है। बंदर अपनी दुनिया का राजा होता है. मस्ती का दूसरा नाम बंदर है. नकल बंदर की फितरत होती है। प्रो. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में बंदर का विशेष महत्व है. क्योंकि बंदर फलों को खाकर उसके सीड्स को जंगलों में विस्तारित करते हैं, जिससे वृक्षारोपण में सहयोग मिलती है। बंदर जैव विविधता को बनाए रखने में योगदान देते हैं। कहते हैं कि बंदर की उत्पत्ति करीब 55 से 60 मिलियन वर्ष पूर्व हुई थी। कहा जाता है कि बंदर मनुष्य के पूर्वज हैं। एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के जंगलों में अधिकांश बंदर पाए जाते हैं। बंदरों की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता जरूरी है। मौके पर प्रो. डीके गोयल,प्रो. सरदार राम, प्रो. प्रभाष कुमार, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. निरंजन कुमार दुबे, प्रो. कैलाश पंडित, प्रो. सत्यार्थ प्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता श्री अनिल कुमार पाठक, छात्र विपुल कुमार अतुल कुमार आदि ने पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए बंदर संरक्षण को आवश्यक बताया ,और कहा कि विश्व में सबसे पहले मंकी डे केसी सोरो और उनके मित्रों ने यूएसए में मनाया था।

किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगद सहित अन्य सामान का किया चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- लछुआड़ थाना क्षेत्र के दरखा बल्डा मोड़ के समीप बीते शुक्रवार रात्रि चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाया। जहाँ चोरों ने ताला तोड़ कर नगदी सहित हजारों की सामान चोरी कर ली ।वहीं दुकानदार सुदर्शन कुमार पिता जनार्दन तांती ग्राम बल्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि हम रोज की तरह शाम में अपना दुकान बंदकर घर चले गये थे। लेकिन शुक्रवार की रात्रि में चोरों ने दुकान की ताला तोड़कर नगदी सहित दुकान का लगभग सामान चुरा लिया। वहीं पीड़ित दुकानदार सुदर्शन ने कहा की मैंने एक साल पूर्व दुकान खोलकर अपना परिवार का भरण पोषण कर रहे थे।, वहीं शनिवार को अहले सुबह लोगों के द्वारा जानकारी मिली कि दुकान में चोरी हो गया है। चोरी का समाचार मिलते ही हम आनन फानन में दुकान आया तो देखा की दुकान का लगभग सारा सामान गायब था। दुकान में रखा दो जरकिन लगभग 100 लीटर तेल, 5 बोरा चावल, पान मसाला, खैनी एवं अन्य कीमती सामान सहित आठ हजार नगद कुल मिलाकर लाख रुपए तक का सामान चोरी कर लिया।इसकी सुचना लछुआड़ थाने को दिया गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची, और जानकारी ली। इस घटना लेकर दुकानदार ने थाने में लिखित आवेदन देकर,न्याय की गुहार लगाई है । वहीं इस सम्बन्ध मे लछुआड़ थाना अध्यक्ष उपेंद्र पाठक ने बताया की बाल्डा मोड़ स्थित किराना दुकानों मे चोरी की घटना हुई,इसको लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है आवेदन के अलोक मे पुलिस छानबीन में जुट गई।

खो खो प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। शनिवार को उच्च विद्यालय नौवागढ़ी के प्रांगण में प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी कुमार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं इसकी जानकारी देते हुए खेल शिक्षक चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था, जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग से प्लस टू उच्च विद्यालय नौवागढ़ी मुंगेर के आठ छात्रा चयनित हुआ था। बिहार चैंपियन प्रतियोगिता भी सैंडिस कंपाउंड भागलपुर में अंदर 17 खो खो का भी आयोजन हुआ जिसमें बालिका वर्ग से 12 तथा बालक वर्ग से 12 छात्र का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन हुआ । सभी चयनित छात्र-छात्रा 21 21 दिसंबर से 26 दिसंबर2024 तक मथुरा उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे । चयनित बालिका वर्ग के 12 सदस्य में से 5 छात्रा +2 प्लस टू उच्च विद्यालय नौवागढ़ी मुंगेर के हैं। तथा एक छात्र भी प्लस टू उच्च विद्यालय नौवागढ़ी मुंगेर के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे । इस उपलक्ष में हषोल्लास के साथ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक शिक्षिका ने बच्चों एवं खेल शिक्षकों को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना एवं हार्दिक शुभकामनाएं दिया । राष्ट्र स्तर के लिए चयनित छात्र जिसे सम्मानित किया गया निम्न है शिवानी कुमारी, स्वाति कुमारी, राखी कुमारी, मुस्कान कुमारी एवं प्रिंस कुमार, अनुप्रिया तथा विद्यालय के द्वारा शारीरिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसका नाम निम्नलिखित है - मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, रंजन कुमार, संजीत कुमार एवं चंदन को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

धान की सबसे अधिक पैदावार करने वाले क्षेत्र तारापुर में सिंचाई के सारे स्त्रोत हैं ध्वस्त

- क्षेत्र के मजदूरों को सालों भर नहीं मिलता काम

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर(मुंगेर)। जिले में सबसे अधिक विभिन्न प्रजाति के धान की पैदावार करने एवं कहलाने वाले अनुमंडल क्षेत्र तारापुर में सिंचाई के सारे बड़े-बड़े स्त्रोत पूरी तरह से ध्वस्त हैं । गौरतलब है कि इस क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर सुविधा नहीं रहने के कारण मजदूरों को साल भर का काम भी नहीं मिल पाता है । जिसके कारण क्षेत्र के मजदूर बड़ी संख्या में रोजी-रोटी के लिए बिहार से बाहर विभिन्न प्रदेशों के लिए पलायन कर जाते है । तारापुर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों पूर्व बना सिंचाई के बड़े-बड़े जलस्त्रोत की मरम्मती और किए गए उसका अतिक्रमण को स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से जिला प्रशासन अगर पूरी तरह से सुव्यवस्थित कर दे तो क्षेत्र के किसानों की पैदावार में वृद्धि होगी । साथ ही साथ इस क्षेत्र के मजदूरों को सालों भर यहां काम मिलेंगे और उनका पलायन भी रुकेगा । सिंचाई की बेहतर सुविधा नहीं रहने के कारण जब धान की खेती करने का समय नजदीक आते हैं तो किसानों का आधा से अधिक धान बिचरा पानी बिना पूरी तरह से सूख जाते हैं । कमोबेश यहीं हाल रब्बी फसल की बुवाई के बाद सिंचाई को लेकर क्षेत्र में किसानों के बीच बड़े पैमाने पर समस्या उत्पन्न होती है । बता दें कि प्रत्येक 5 साल बाद विधानसभा चुनाव के मौके पर राज्य सरकार के बड़े-बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री चुनावी भाषण में क्षेत्र के किसानों के बीच लंबी-लंबी घोषणाएं तो करते हैं । सरकार बनते ही किए गए सारी घोषणाएं पूरी तरह से छलावा साबित होकर रह जा रहे हैं। क्षेत्र के कई किसानों में गीता प्रसाद सिंह पियारपुर, पूर्व मुखिया विजय यादव माधोडीह , शशि कुमार सुमन खुदिया, प्रकाश यादव खानपुर , इत्यादि बताते हैं कि क्षेत्र के सबसे बड़ा जलाशय बदुआ, चानकेन, मुहाने, सकरी के अलावे अन्य छोटे-छोटे जलस्त्रोत में वर्षों से जमा गाद की साफ सफाई करा दी जाए तो क्षेत्र के किसानों को समय-समय पर खेती में सिंचाई के लिए पानी मिलता रहेगा।

धमना में महायज्ञ के लिए किया गया भूमिपूजन, निकली शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धमना गांव में श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर शनिवार की सुबह 7 बजे भूमिपूजन सह ध्वजारोहण हेतु ग्रामीणों का शोभा यात्रा निकाला गया। जिसमे मोटरसाइकिल, टोटो, ऑटो, फोरवीलर, डीजे वी घोड़े की सवारी साथ चल रहे थे। आयोजक मंडली के संयोजक सह अध्यक्ष मुखिया प्रतीक शर्मा उर्फ पप्पू ने बताया कि ये शोभा यात्रा यज्ञशाला से शुरू होकर धमना काली मन्दिर होते हुए काशीकुंड, सितूचक, मछिंद्र, केशोपुर , दादपुर, कावर चौक, लहरनिया टांड़, छापा, धपरी, दिघरा, गोविंदपुर, गिद्धौर - महुली पेट्रोल पंप होते हुए संसारपुर रेलवे फाटक से पुनः धमना वापस हुआ। इसके बाद भूमि पूजन का कार्यक्रम पूरे नियम निष्ठा के साथ सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि भूमि पूजन के बाद 30 जनवरी से 7 फरवरी तक महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के सफल संचालन में समिति अध्यक्ष प्रतीक शर्मा , उपाध्यक्ष चंदन मंडल,जवाहर यादव, चंदन यादव, पिंटू रावत,पंकज शर्मा, मुकेश शाह, विनोद यादव के अलावा, धमना पंचायत क्लब, मिलेनियम स्टार फाउंडेशन व सर्वजन कल्याण सेवा समिति सक्रिय रूप से योगदान देंगे।

बैगलेस सुरक्षित शनिवार के तहत हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बैगलेस सुरक्षित सप्ताह शनिवार के तहत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों व शिक्षक के देखरेख में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बैगलेस शनिवार के तहत हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान की भूमिका बच्चों के बीच गतिविधि के माध्यम से कराया गया।वही सुरक्षित शनिवार के तहत हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान की बच्चों को जानकारी दी गयी। इस मौके पर मध्य विद्यालय बनझुलिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार राम द्वारा स्कूली बच्चों को हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी विद्यालय में दी गयी। वहीं मध्य विद्यालय रतनपुर में प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विद्यालय बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया। इधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंधौरा में भी बैगलेस सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत बच्चों को हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान से जुड़े कई संवेदनशील बिंदुओं की जानकारी विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गयी। इधर प्राथमिक विद्यालय रामाकुराव में शिक्षिका वंदना कुमारी द्वारा विद्यालय के बच्चों को संबंधित बीमारी को लेकर जानकारी कार्यक्रम के दौरान दी गयी। संबंधित क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में बैगलेस सुरक्षित शनिवार के तहत समाज में हर तबके के बच्चों को हाथ धुलाई,खुले में शौच के खतरे,सुरक्षित मल का निपटान से संबंधित जरुरी विषयों की जानकारी दे उनके अंदर मानसिक चेतना के विकास का प्रयास किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजय मिश्रा,अमरेश सिंह,रंजीत राम,रवि कुमार रवि,कैलाशपति यादव,युगल किशोर रजक,अवधेश कुमार पप्पू,वंदना कुमारी,मनीषा कुमारी,संजय रजक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में मौजूद थे।

विद्यालयों में बदहाली का आलम बिखरा पड़ा हुआ है

- जिले के कई मध्य विद्यालय में दैनिक व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही है

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । शिक्षा का अधिकार अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में दूर-दूर तक नजर नहीं आते कई विद्यालयों में बदहाली का आलम बिखरा हुआ है शिक्षा विभाग की हकीकत बयां कर रही है सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय रामधारी पर एक नजर डालें तो शिक्षा विभाग की कई खामियां और शिक्षा विभाग की पोल खोल देती है विद्यालय में पढ़ने के लिए शिक्षकों की कोई कमी नहीं है लेकिन एक से आठ वर्ग तक के बच्चों को पढ़ने के लिए मात्र चार कमरे की विद्यालय में उपलब्ध हैं प्रति घंटी एक वर्ग कक्ष में दो कक्षा की पढ़ाई होती है जबकि शिक्षक के रूप में एक ही घंटी में एक वर्ग कक्षा में दो या तीन शिक्षक पढ़ाते हैं इससे यों तो सहज अंदाजा लगाना काफी है कि विद्यालय में पठान पठन की स्थिति कैसी हो सकती है सबसे अहम बात तो यह है कि सभी वर्ग कक्षा अति जर्जर है जिसकी जानकारी अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन इस ओर अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहा है छत में भी कंपन आने से बच्चों एवं शिक्षकों में भवन गिरने का भय बना हुआ रहता है ऐसा प्रतीत होता है की कभी भी हल्का भी कंपन होने पर छत गिरने से बच्चों और शिक्षकों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है विभाग इसके निर्माण के लिए लापरवाह हैं प्रधानाध्यापक राजेश कुमार बताते हैं कि विद्यालय की सारी समस्याओं से बड़े अधिकारियों को लिखित रूप से कई कई बार अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है वहीं मध्य विद्यालय राम दीदी की समस्या के संबंध में आनंद शर्मा डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान बताते हैं कि रामधारी विद्यालय की समस्या मेरे संज्ञान में है इस संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी छात्र-छात्राओं की समस्या दूर की जाएगी।

राम जानकी ठाकुर बाडी से अष्टधातु के 13 मूर्ति चोरी होने का प्राथमिक दर्ज, जांच मे जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)।बरियारपुर थाना क्षेत्र के राम-जानकी ठाकुर बाडी ब्रह्मस्थान से अष्टधातु से 13 मूर्ति के चोरी होने की सुचना मिलते ही बरियारपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। जहां जिणशिरण देख सशंकित हो घटनास्थल पर साक्ष्य संग्रह करने की कवायद शुरू कर दिया। जहां जिर्नसिर्न अबस्था देख स्थानीय ग्रामीणों के साथ बातचीत कर घटनास्थल का मुआइना किया। 200 मीटर की दुरी पर ताला काटने का औजार देखा। संग्रहीत किया। जॉच प्रारम्भ हुआ। घटना के सम्बंध राम-जानकी ठाकुर बाडी के महन्त राजाराम दास ने कहा 1किलो 500ग्राम वजन के अष्टधातु के राम,जानकी,लक्षमण,हनुमानजी के दो छोटे लड्डू गोपाल, के साथ साथ कुल टोटल 13 मूर्ति को चोरों ने चोरी कर ले गये । इस सम्बंध में राजाराम दास के अधिनस्थ चार ठाकुर बाडी के देखभाल करने की जिम्मेदारी है।हमारे अधिनस्थ राम जानकी ठाकुर बाडी बाजार, राम-जानकी ठाकुर बाडी ब्रह्मस्थान, राम-जानकी ठाकुर बाडी ऋषि कुण्ड, राम-जानकी ठाकुर बाडी डगड़ाचक सभी संस्थानों पर सेवादार देखभाल करते आ रहे है।ब्रह्मस्थान ठाकुर बाडी कन्हैयालाल दास पिता राजाराम दास प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है।

रेलवे इंडियन इंस्टीच्यूट परिसर स्थित दुगार्मंदिर में मनाया गया शताब्दी वर्ष

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] शनिवार को रेलवे कॉलोनी के बीच बने रेलवे इंडियन इंस्टीच्यूट परिसर स्थित मां दुगार्मंदिर का एक सौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें संध्या बेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच महाआरती किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर परिसर मां दुर्गा की भव्य मंदिर का निर्माण भी किया जा रहा है। मौके पर दीपोत्सव भी श्रद्धालुओं के द्वारा मनाते हुए मंदिर को दीप से सजाया गया। मौके पर मौजूद मन्दिर कमेटी के सदस्य राजीव रौशन, सन्नी कुमार, पंडित छोटू पांडेय ने बताया की प्रत्येक वर्ष मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया जाता है लेकिन इसबार मंदिर का एक सौ वर्ष पूरा हो गया है। मां दुर्गा की महाआरती और विशेष पूजा अर्चना पूरी आस्था के साथ विधिपूर्वक पूरा किया जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। यह बड़े ही भक्तों के लिए गौरव की बात है कि अंग्रेजी हुकूमत के बीच यहां पर पूर्व में कुछ रेलकर्मी के द्वारा पूजा प्रारम्भ किया गया जिसका पालन यहां के रहने वाले रेलकर्मी एवं अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा पारंपरिक नियमो का पालन करते हुए आ रहा है।

फरार कैदी पकड़ा गया

मुंगेर। उत्पाद थाना सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा मेडिकल जांच के लिए लाया गया कैदी इमरजेंसी वार्ड के समीप से भाग गया। हालांकि उत्पाद विभाग के सिपाही और अस्पताल के निजी सुरक्षा गार्ड द्वारा के कर टीवी अस्पताल के समीप भाग रहे कैदी को पकड़ लिया । जानकारी के अनुसार उत्पाद थाना पुलिस ने दो नंबर गुमटी निवासी शिवम कुमार को शराब पीने के आरोप में पड़कर मेडिकल जांच के लिए शुक्रवार की शाम 7:00 बजे सदर अस्पताल लेकर गए थे । कैदी के साथ गए उत्पाद थाना के जवान इमरजेंसी वार्ड में कैदी का मेडिकल जांच के लिए पुर्जा कटा रहे थे तभी मौका देखकर कैदी इमरजेंसी वार्ड से फरार हो गया कैदी को भागते हुए देख कर जवान और सदर अस्पताल के तैनात सुरक्षा गार्ड ने कैदी का पीछा किया। टीवी अस्पताल के समीप उस को पकड़ लिया गया। इसके बाद उक्त कैदी का मेडिकल जांच कराया जा सका। उत्पाद थाना अध्यक्ष स्वीटी सुप्रिया ने बताया कि अस्पताल में पूर्जा काटने के दौरान आरोपी भागने लगा था जिसे पकड़ लिया गया है।

सदर अस्पताल के प्रसव विभाग में महिलाओं का सत प्रतिशत डाटा एंट्री नहीं होने से 12 नियमित परिचर्चा से पूछा गया स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड कमीर्यों के द्वारा पोर्टल पर लाभुकों का सत प्रतिशत डाटा अपलोड नहीं करने के कारण 12 प्रसव वार्ड की 12 नियमित परिचर्चा ए श्रेणी से शोकोज पूछा गया है। सदर अस्पताल सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के प्रसव वार्ड में सिविल सर्जन के निर्देश के बावजूद इनबॉक्स पर काम नहीं हो रहा है प्रसव वार्ड में प्रसव करने वाली महिलाओं और नवजात का यूनिक पोर्टल डीबीटी पोर्टल और भाव पोर्टल पर 7% एंट्री नहीं हो पा रहा है अस्पताल उपाधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रसव वार्ड की इंचार्ज हेमा कुमारी टीकाकरण की इंचार्ज बीना कुमारी सहित प्रसव वार्ड की बार है नियमित परिचर्चा ए श्रेणी से शो कोच किया गया है साथ ही हिदायत दी गई है क्या स्पष्टीकरण का प्रथम चेतावनी के बाद भी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होने पर स्थानांतरण की कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को पत्राचार किए जाने का निर्देश है

अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि गर्भवती और प्रसव के पश्चात नवजात का होने वाले टीकाकरण की रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड किया जाना है इसके अलावा सदर अस्पताल में प्रसव कराने वाली महिलाओं को प्रसव के उपरांत प्रसूता का आधार पासबुक और डिस्चार्ज स्लिप डीबीटी पोर्टल पर अपलोड करना है इसके अलावा भाव पोर्टल पर मरीज का रिपोर्ट अपलोड करना है परंतु प्रसव वार्ड के कर्मियों द्वारा पोर्टल पर लाभुकों का सत प्रतिशत डाटा अपलोड नहीं किया जा रहा है जिसे गंभीरता से लेते हुए वार

सम्पादकीय

धमकियों से तो नहीं चल सकती संसद

संसद का शीत सत्र धमकियों से ठिठुरता नजर आ रहा है। इस सात्र के पास कामकाज के लिए गिने-चुने दिन बचे है। सात्र 20 दिसंबर को समाप्त हो जाएग। 25 नवमबर से शुरू हुए इस सत्र में या तो हंगामा हुआ है या फिर आपस में धमकियां दी गयीं हैं। संसद के सदस्य ही नहीं बल्कि सभापति भी इस घातक, अलोकतांत्रिक और अप्रिय घटनाक्रम में शामिल हैं। संसद के शीत सत्र में जो नजीरें बन रहीं हैं वे आने वाले दिनों के लिए बड़ी कष्टदायक हो सकती है। संसद के शीत सत्र की सबसे बड़ी त्रासदी राज्य सभा के सभापति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव है। इस अविश्वास प्रस्ताव का नतीजा हालाँकि ढांक के तीन पात जैसा ही निकलेगा, लेकिन इसके बहाने संसद में जिस तरह के संवाद हो रहे हैं, धमकियां दी जा रहें हैं वे बहुत ही अशोभनीय हैं। सभापति जगदीप धनकड़ खुद को किसान का बेटा कहकर विपक्ष के आगे न झुकने की बात कर रहे हैं, वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे धनकड़ को अपने हुए अत्याचारों को गिनाकरधनकड़ को बोना साबित करने में लगे हैं। सदन में एक भी ऐसा नेता नहीं है है जो इस अप्रिय विवाद को सुलझाने के लिए आगे आया हो। सबके सब आपस में उलझ रहे हैं। जिस सदन में संविधान पर बहस होना चाहिए थी, उस सदन में बहस कम, मुठभेड़ें ज्यादा हो रहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने जब जस्टिस लोया की मौत पर सवाल खड़े किए तो उस पर भी सदन में खासा हंगामा हो गया. संविधान को लेकर महुआ मोइत्रा ने संसद में अपनी बात की शुरूआत हिलाल फरीद की नज्म- मुबारक घड़ी है.. से की। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने संविधान पर चर्चा के दौरान न्यायपालिका के रोल पर भी कई टिप्पणियां की. महुआ मोइत्रा ने पूर्व सीजेआई (डीवाई चंद्रचूड़) का बिना नाम लिए के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें पूर्व चीफ जस्टिस ने राम मंदिर फैसले को लेकर कहा था कि उन्होंने फैसला देने से पहले भगवान का ध्यान लगाया था. महुआ मोइत्रा ने कहा कि हमको संविधान का ध्यान लगाने वाले जज चाहिए ना कि फैसला देने से पहले भगवान का ध्यान लगाने वाल। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा कि महुआ मोइत्रा ने जो बातें कही है या तो वह उसको सदन में सत्यापित करें या फिर उनके खिलाफ संसदीय परंपरा के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आपको याद हो की इसे पहले टीएमसी के कल्याण बनर्जी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के बीच भी बहस के दौरान धमकियों का आदान-प्रदान हो चुका है। बनर्जी ने सिंधिया को लेडी किलर कहा था, तो सिंधिया ने भी उन्हें अपने तरिके से धमकाया था। ऐसी तमाम घटनाएं हैं जो बेहद अफसोसनाक लगती हैं। अब बहुत कम सदस्य ऐसे बचे हैं जिनके बोलते समय संसद में पिन ड्राप सायलेंस की स्थितियां बनतीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बोले या विपक्ष के नेता हंगामा होता ही है, क्योंकि दोनों ही पक्ष संयम, मयार्दा और सौन्जी का लगभग तिरस्कार कर चुके हैं। संसद केईए कार्रवाई में आ रही इस गिरावट के लिए विपक्ष और सत्ता पक्ष बराबरी से जिम्मेदार हैं। कभी-कभी तो लगता है की संसद सदस्य हों या सदस्य के साथ ही मंत्री सदन में आने से पहले ही सदन में हंगामा या ड्रामा करने जा मन बनाकर आते हैं। संसदीय कार्य करने की तैयारी न सरकार की दिखाई देती है और न विपक्ष की।

आईएफएफआई 2024: एक सिनेमाई उत्सव, एक रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन और इस दौरान कुछ हंसी-मजाक

जब मैं यहाँ बैठकर 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पर विचार कर रहा हूँ, तो मैं सोचता हूँ सिनेमा सिर्फ.एक फिल्म की लंबाई नहीं है, बल्कि यह उसके द्वारा पीछे छोड़े गए प्रभाव के बारे में है। और क्या आईएफएफआई 2024 ने कोई प्रभाव छोड़ा है! अगर इस साल का महोत्सव एक फिल्म होती, तो यह एक ब्लॉकबस्टर होती झ यह नई कहानी, अविस्मरणीय अभिनयों और एक या दो कथानक मोड़ से भरी होती, जो हम सभी को चौंका देती। सिनेमा 1913 से ही हमारे देश के दिल में है, जब भारत ने अपनी पहली फिल्म रिलीज की थी। तब से, हमारे दर्शकों ने इसे ऐसे अपनाया है, जैसा कोई और नहीं कर सका है। हम दुनिया में फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता और उपभोक्ता बन गए हैं। इस साल, मैंने महोत्सव के अधिकारियों से उन लोगों का जश्न मनाने के लिए कहा, जिन्होंने इसे संभव बनाया है - हमारे दर्शक। उनके अटूट समर्थन की वजह से ही हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, जो समय, सीमाओं और पीढ़ियों से परे है। रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति से लेकर युवा फिल्म निमार्ताओं द्वारा निर्मित अविश्वसनीय कहानियों तक, फिल्म महोत्सव 2024 एक क्लासिक फिल्म की तरह था- जो जीवंतता, रंग और अविस्मरणीय क्षणों से भरा था। लेकिन अधिकांश फिल्मों के विपरीत, इसके बाद आभार को प्रदर्शित (क्रेडिट रोल) नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, हम सभी अगले महोत्सव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए संख्याओं से शुरू करते हैं: 11,000 से अधिक उपस्थित लोग, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि के रेखांकित करता है। फिल्म बाजार, सबसे बड़े फिल्म बाजारों में से एक के रूप में उभरा, जिसके प्रतिनिधियों की संख्या में 142% की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई और 1,876 प्रतिभागी शामिल हुआ। इसका मतलब था अधिक सहयोग, अधिक भागीदारी और अधिक रचनात्मक प्रतिभाओं का एक साथ आना। हमने गोवा में छह नए स्थानों पर अपने स्क्रीनिंग स्थलों का विस्तार भी किया - क्योंकि जब आप इस तरह का भव्य उत्सव मनाते हैं, तो आपको मल्टीप्लेक्स से ज्यादा स्क्रीन की जरूरत होती है। हमने गोवा में हर किसी को पहली पंक्ति में बैठने की जगह देने के लिए कला अकादमी का एक अस्थायी थिएटर भी जोड़ा - स्क्रीनिंग के दौरान लोगों के चेहरे खिले हुए थे। आईएफएफआई 2024 पूरी तरह से युवाओं के बारे में था - और न केवल उन युवाओं के बारे में जिन्हें आप फिल्मों में देखते हैं, बल्कि उनके पीछे के फिल्म निमार्ताओं के बारे में भी। युवा फिल्म निमार्ता: भविष्य अभी हैह्व थीम के साथ, हमने भारतीय सिनेमा में आगे क्या आने वाला है, इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नवोदित फिल्म निमार्ताओं की 66 फिल्मों में से कुछ को देखते हुए, यह सचमुच महसूस होता है कि, हम यहां नए दिग्गजों का जन्म देख रहे हैं। भविष्य के रचनाकार (सीएमओटी) कार्यक्रम मुख्य आकर्षणों में से एक था, जिसमें 100 युवा फिल्म निमार्ताओं को एक साथ लाया गया, ताकि वे कर कुछ नया और अभिनव कर सकें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्हें 48 घंटे की लघु फिल्म चुनौती में शामिल किया गया, जिसमें एक थ्रिलर की ऊर्जा थी - तेज गति, उच्च दांव और रोमांच से भरपूर। परिणाम? प्रमुख प्रोडक्शन हाउस से 62 प्रस्ताव! यह केवल भविष्य नहीं है - भविष्य आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। नई विशेषज्ञता पर भी जोर दिया गया, जिसमें एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर मास्टरक्लास शामिल थे। इन सत्रों ने रेखांकित किया कि कहानी कहने का भविष्य विकसित होते प्रारूपों और तेजी से बदलते उपकरणों में निहित है, लेकिन इसके मूल में, कहानी कहने की कला कालातीत बनी हुई है। हम सभी आज की युवा आवाजों के बारे में उत्साहित थे, आईएफएफआई ने भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को सम्मानित करने को भी महत्वपूर्ण माना - जिन्होंने कहानी कहने की ऐसी भाषा बनाई, जिसका हम आज जश्न मनाते हैं। इस साल, हमने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर राव और तपन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उनकी फि ल्में उन महान क्लासिक्स की तरह हैं, जिन्हें हम सभी देखते हैं, जो हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ। आवारा, देवदासु और हम दोनों जैसी उनकी कालजयी क्लासिक्स की विशेष स्क्रीनिंग से हमें जादू को फिर से जीने का मौका मिला, जबकि मीरामार बीच पर सुदर्शन पटनायक द्वारा एक शानदार रेत कला स्थापना ने हम सभी को इन दिग्गजों की विरासत को एक नयी रोशनी में सराहने पर मजबूर कर दिया। साथ ही, उनके योगदान को अमर बनाने के लिए माई स्टैम्प के माध्यम से इन दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी गई। अगर कोई ऐसा स्टैम्प है, जो सिनेमा के सार को दशार्ता है, तो वह उनके चेहरे वाला स्टैम्प है। हर साल, आईएफएफआई किसी खास देश की सिनेमाई उपलब्धियों का जश्न मनाता है।

सुशासन के संकल्प को साकार करती मोहन सरकार

प्रदेश सरकार के प्रयासों से प्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। आज उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग, फिल्म, तकनीक जैसे सभी सेक्टर में देश और दुनिया के निवेशक प्रदेश में रूचि दिखा रहे हैं। राज्य सरकार ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पहली बार उचित प्रावधान किए हैं जिसके चलते एमपी की तरफ निवेशक तेजी से आकर्षित हो रहे हैं पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. यादव की लंदन, जर्मनी की विदेश यात्रा भी निवेश की दृष्टि से अहम रही। इन सभी यात्राओं से सेमीकंडक्टर और सौर ऊर्जा में 25, 150 करोड़ का निवेश आया है। सौर ऊर्जा सेक्टर में 150 करोड़ रुपए, मॉड्यूलर हाउसिंग प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़, आईटी सेक्टर में 1100 करोड़ का प्रस्ताव सरकार को मिले हैं।

हर्षवर्धन पाण्डे
लेखक

शासन की संपूर्ण व्यवस्थाओं में जनता के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और सेवा-भाव से सभी को समर्पित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना सुशासन का मूलमंत्र है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्य प्रदेश भी हर दिन सुशासन के नए अध्याय लिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बागडोर संभालते ही प्रदेश में सुशासन का सूर्यादय हुआ है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में एक साल की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। मोहन सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतिफल है कि आज प्रदेश के हर कोने में सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण स्वच्छ और ईमानदार प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना रहा है। आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुख्य उद्देश्य है। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं जिसके कारण प्रदेश में विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने अपने एक के छोटे से कार्यकाल में अपने काम से न केवल जनता का दिल जीता है बल्कि अपने सख्त निर्णयों के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने भी अपनी अलहदा पहचान बनाने में सफलता पाई है। उन्होनें योग्य अफसरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर अपने बुलंद इरादों को सभी के सामने जताया है। इस एक साल के छोटे से कार्यकाल में उन्होनें अपनी खुद की नई टीम बनाई और सीएम आवास से लेकर मंत्रालय, संभाग और जिलों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने से भी परहेज नहीं किया। हर समय एक्शन में रहने वाले डा. मोहन यादव के तेवरों को देखकर आज प्रदेश में नौकरशाही के चेहरा पूरी तरह से बदल चुका है। सीएम की कमान संभालने के साथ ही उन्होंने हर किसी अधिकारी के ट्रैक रिकार्ड को न केवल खंगाला बल्कि कार्यक्षमताओं के अनुरूप सभी को नए कार्यों का प्रभार सौंपा। खास बात ये है मोहन सरकार में बेलगाम नौकरशाही पर भी नकेल कसी गई है जिस कारण मध्यप्रदेश का डबल इंजन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए मुखिया की तीव्र गति से निर्णय लेने की क्षमताओं से मध्यप्रदेश में एक बदलाव की नई बयार चली है। नई विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था होने से अब प्रदेश के विकास कार्यों में न केवल तेजी आयी है बल्कि समय -समय पर मॉनीटरिंग किये जाने से जनता के हित में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं। यही कारण है आज प्रदेश में देश और विदेश के निवेशक भी अपनी रूचि दिखा रहे हैं। साइबर तहसील डिजिटल इंडिया की दिशा में प्रदेश के नागरिकों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में की गई बड़ी पहल है। इसके जरिए लोगों को कई कामों को करने में आसानी हुई है। भूमि खरीदी और बिक्री के बाद आने वाली कठिनाइयों को साइबर तहसील के जरिये काफी आसान कर दिया गया है। संपदा 2.0 के तहत सॉफ्टवेयर सिस्टम का डिजिटलाइजेशन किया गया है। डिजिटलाइजेशन के माध्यम से राजस्व प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। साइबर तहसील परियोजना को प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किया गया है। इससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से निजात मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। साइबर तहसील खोले जाने का सबसे प्रमुख उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और लोगों को सुविधा पहुंचाना है। साइबर तहसील में सार्वजनिक नोटिस की प्रक्रिया को भी सरल किया गया है। विभिन्न राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण साइबर तहसील के माध्यम से प्रदेश में अब संभव हो रहा है। ऐसी पहल करने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश बना है। मध्यप्रदेश में राजस्व प्रकरणों का समाधान करने राजस्व महाअभियान बड़े स्तर पर सरकार ने शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर विभिन्न कामों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया गया जिसमें भू-अभिलेखों का शुद्धीकरण, लंबित राजस्व मामलों का निपटाना और डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम किसान योजना का लाभ, फॉर्मर आईडी आदि भी शामिल रहा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2.0 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया गया जिसमें बहुत कम समय में ही 50 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है जो प्रदेश में एक बड़ा कीर्तिमान है। राजस्व महा-अभियान 3.0 को 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलाने के निर्देश दिये हैं जिसमें अभी तक 80 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो गया है। मध्यप्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में सरकार ने स्मार्ट पीडीएस राशन योजना शुरू की है। इस योजना के प्रदेश में करीब 5 करोड़ से अधिक हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। स्मार्ट-पीडीएस स्कीम के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 8.35 करोड़ रुपए 3 वर्ष में खर्च किए जाएंगे। इससे सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के क्रियान्वयन, विस्तार एवं संधारण, डेटाबेस में भिन्नता, डेटा रिकवरी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी कठिनाइयों का निराकरण होगा। प्रदेश में सरकार ने अपने कड़े फैसले में विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित और अनियमित प्रयोग को प्रतिबंधित किया है साथ ही खुले में मांस बेचने को भी प्रतिबंधित किया है। डिजिटल इंडिया के बढ़ते कदम के तहत प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया। पहले क्लाउड सेवाओं के लिए निजी व अन्य सरकारी कंपनियों को भारी भरकम राशि अदा की जाती थी लेकिन इस नीति को मंजूरी मिलने के बाद क्लाउड सेवाओं के लिए बाहर की किसी कंपनी को अलग से धन नहीं देना होगा। प्रदेश सरकार ने अपनी क्लाउड पॉलिसी-2024 के तहत डेटा सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है जिसमें सभी का सरकारी डेटा रखा जा सकेगा। इस निर्णय से म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से विभागों को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी एवं क्लाउड सेवाओं के भुगतान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों की न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद से उत्पन्न आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का उल्लेख शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश भर में वैवाहिक विवादों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मनोज कुमार अग्रवाल
लेखक

देश में बनने वाला हर कानून नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, ताकि हर पीड़ित को इंसाफ और उसका हक मिल सके। महिलाओं के साथ होने वाले तमाम तरह के अपराधों, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और हिंसा से उन्हें बचाने के लिए उन्हें कई कानूनी कवच दिए गए हैं, इससे उनकी स्थिति पहले से मजबूत हुई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाएं गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे है। असंतुष्ट पत्नियां दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं। ऐसी घटनाएं वास्तव में देखने को मिली हैं कि पति से संबंध तोड़ने से पहले नाराज पत्नियां हिंसा और उत्पीड़न का इल्जाम न सिर्फ पति के पूरे परिवार, बल्कि दूरदराज के रिश्तेदारों पर भी लगा देती हैं। अकसर ऐसे आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं होते, मगर उसके पहले आरोपी बनाए गए व्यक्तियों को कोर्ट-कचहरी की प्रक्रिया के दौरान लंबी परेशानी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने इस कानून के दुरुपयोग को उजागर किया है। परिवार की कलह से तंग आ चुके एक एआई इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक घंटा 20 मिनट का यह वीडियो वायरल हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष ने इस वीडियो को रिकॉर्ड करने के बाद बेंगलुरु स्थित अपने घर में फांसी लगा ली थी। वीडियो में अतुल ने पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप से पैदा हुई परिस्थितियों पर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उनके ही पैसे से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी उन्हें उनके बेटे से न मिलने देती है और न ही फोन पर बात कराती है। अतुल ने 24 पत्रों का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला अतुल अपनी नौकरी के चलते बेंगलुरु में रहता था। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर में था। उसने अपने सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ससुरालवालों पर आरोप है कि उन्होंने झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सुसाइड नोट के हर पन्ने पर न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल ने अलग से रखा था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे। दरअसल दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में ह्यघरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम ह्यआईपीसी 498 एह्ल पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुमार्ना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा आईपीसी 304 बी जोड़ी गई। आईपीसी 304 बी में ह्यदहेज हत्याह्ल का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी प्रकार के जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी मृत्यु से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी और इसका दहेज मांगने से संबंध है तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। अतुल का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से शीर्ष न्यायालय ने चिंता जतायी है। सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पतियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। अदालत ने कहा है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

डिया गठबंधन की दशा और दिशा

योगेंद्र योगी

सूत न कपास, जुलाहों में लठ्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसियत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं हैं। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उस घोड़ा-गाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुड़सवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढे के बजाय पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया। इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यास्पद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदुंभि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार हैं। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है, पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं, लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। लेफ्ट नेता डी. राज्या ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है।

सफाई व्यवस्था में लाखों का फर्जीवाड़ा उजागर होने पर भी नहीं हो रही कार्रवाई:महापौर

चार माह से लटका हुआ है विभागीय आदेश, महापौर और सशक्त स्थायी समिति के प्रस्ताव का अनुपालन

■ **केवल पगार फेस ऐप आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस के आधार पर होना है सफाईकर्मियों का भुगतान**

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।महापौर गरिमा देवी सिकारिया नगर निगम क्षेत्र की साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही, धांधली और लुट की छूट जैसी स्थिति को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इसको लेकर उन्होंने नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह को कड़ा पत्र लिख कर नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर खेद जाहिर करते हुए सुधार का निर्देश दिया है। महापौर श्रीमति सिकारिया ने अपने संबंधित पत्र में स्थिति और प्रशासनिक उदासीनता का विस्तार से उल्लेख किया है। महापौर ने स्पष्ट किया है कि विभागीय आदेश के आलोक में नगर निगम की सशक्त स्थयी समिति द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए दो दो बार निर्देशित किया है। उन्होंने नगर आयुक्त श्री सिंह को स्मारित करते हुए बताया है कि विगत 20 नवंबर 2024 को संपन्न बैठक नगर आपकी सहमति के बाद सर्व सम्मति से हुए निर्णय में एक दिसंबर 2024 से ही पगार ऐप आधारित बायोमेट्रिक हाजिरी और सफाईकर्मी की पहचान के आधार पर ही मानदेय भुगतान का निर्णय हुआ था। बावजूद इसके अब तक नगर निगम के अधिसंख्य वार्डों की साफ सफाई व्यवस्था में बड़े पैमाने पर धांधली और लुट बेरोक टोक जारी है। इधर बानूछापर के आकाश यादव के द्वारा विभागीय प्रधान सचिव को नगर निगम के वार्ड 02, 03, 22, 29 और 40 आदि वार्डों के पार्षदगण द्वारा अपने सगे संबंधी और करीबियों को सफाई कर्मी

बनाकर बड़े पैमाने पर लूट खसोट की शिकायत की गयी है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभाग के अवर सचिव राजीव रंजन तिवारी ने इसको लेकर त्वरित जांच करने का आदेश दिया है।बावजूद इसके सक्षम निकाय द्वारा निर्देशित करने के करीब चार माह बाद भी लाखों के संबंधित फजीर्वाड़ा पर महीनों बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। श्रीमति सिकारिया ने लिखा है कि नगर निगम के सफाई कर्मियों की हाजिरी अचूक रूप से पगार ऐप पर आधारित और बायोमेट्रिक अटेंडेंस का सक्षम सत्यापन के बाद ही सफाईकर्मियों के मानदेय राशि का भुगतान किया जाय। इसको लेकर महापौर ने नगर आयुक्त को याद दिलाया है कि नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बीते 28 फरवरी 2024 की बैठक में नगर प्रबंधक के पगार ऐप के लागु करने के प्रस्ताव पर डेमो कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था।

जिसके बाद भी तत्कालीन नगर आयुक्त के पत्रांक 1727 दिनांक 24 जुलाई 2024 के आलोक में संपन्न डेमो प्रदर्शन के आधार पर बीते 25 जुलाई 2024 को ही संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में पगार फेस ऐप के बायोमेट्रिक अटेंडेंस पर आधारित सफाई व्यवस्था प्रबंधन और सफाई कर्मियों के लिए भी को शत प्रतिशत प्रभावी बनाने का निर्णय हुआ था। उनके चार महीने बाद भी निर्णय को लागू नहीं किया जा सका है। महापौर ने अपने पत्र में लिखा है कि विभाग और सशक्त स्थायी समिति के सख्त आदेश के बावजूद इसको गंभीरता से नहीं लेना नगर निगम प्रशासन की नियत पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। यह हमारे लिए अत्यंत खेद चिंता का विषय है। महापौर ने यह भी बताया है कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के स्थल निरीक्षण में जगह जगह कूड़ा कचड़ा पसरा मिलने के साथ सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था लचर पाई गई है। अपने पत्र की प्रति श्रीमती सिकारिया द्वारा जिलाधिकारी और विभागीय प्रधान सचिव को भेज कर नगर निगम क्षेत्र की साफ सफाई व्यवस्था में मची लाखों की लूट पर संज्ञान में लेने का अनुरोध किया है।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के आगमन पूर्व विकास कार्यों का लिया जायजा

डीएम ने लचका निर्माण , आंगनबाड़ी आदि का किया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित घोटवा टोला में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण शनिवार की शाम जिले के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने किया।

जिलाधिकारी ने गांव के निकट जंगली नाले पर बने लचका निर्माण का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली

जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सावित्री दास से आवश्यक जानकारी ली। केंद्र पर मौजूद उपकरण का निरीक्षण किया । जल नल के लगे कनेक्शन की जानकारी ली। चिन्हित स्थलों पर तेजी से पेवर ब्लॉक लगाने हेतु

जिला पार्षद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री के संभावित आगमन पर शहद, और जीविका के द्वारा निर्मित हस्तकरघा, थारू क्षेत्र मिश्रौली में निर्मित शॉल की प्रदर्शनी मुख्यमंत्री के आगमन पर स्टॉल के रूप में शोभा बढ़ाएगी। इस बाबत पूछे जाने पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री का आगमन इस क्षेत्र में होने जा रहा है। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।मुख्यमंत्री अपने सभी कार्यक्रमों की शुरूआत हमेशा की तरह इस बार भी चंपारण की धरती से करेंगे। इसे लेकर हो रही तैयारी का जायजा लिया जा रहा है

संक्षिप्त खबरें

वारंटी को पकड़कर भेज गया जेल

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा सीजेएम कोर्ट द्वारा निर्गत आदेश के आलोक के आधार पर नौरंगिया पुलिस ने कार्यवाई करते हुए फरार चल रहे अभियुक्त को पकड़कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जीतपुर नौरंगिया निवासी शिवमोहन गोंड को उसके आवास के समीप से एएसआई राणा रणजीत सिंह ने न्यायालय द्वारा निर्गत ट्रायल नम्बर 1524 आदेश के आलोक में गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए शिवमोहन गोंड को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया है।

देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र एकारी गांव निवासी प्रमोद यादव के पुत्र चंदन यादव एवं अंशु यादव पिता संतोष यादव दोनों ग्राम एकारी गांव निवासी बताए जाते हैं। यह दोनों स्कुटी से कहीं जा रहे थे । जहां पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर थाने के गेट समीप से गिरफ्तार कर लिया गया स्कूटी के डिक्की में बींस लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने वाहन को जप्त करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

विरोध के बाद चांदपुरा में शमशान भूमि में नहीं लगेगा ओपन जिम

इसुआपुर । अंचल क्षेत्र के सहवां पंचायत के चांदपुरा पश्चिम टोला शमशान घाट की भूमि पर ग्रामीणों के विरोध पर ओपन जिम नहीं लगेगा। ज्ञात हो कि पंचायत की बीडीसी गुड़िया देवी की अनुशंसा पर उक्त शमशान घाट की भूमि पर ओपन जिम लगाने की योजना बनाई गई थी। जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया। इससे संबंधित सैकड़ों ग्रामीणो ने अंचलाधिकारी इसुआपुर को एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया था। जिसमें कहा गया था कि उक्त भूमि पर सैकड़ों वर्ष पहले से हमारे पूर्वजों का दाह संस्कार होता आ रहा है। उसी जगह पर स्थानीय बीडीसी पंचायत प्रतिनिधि द्वारा ओपन जिम लगाने की योजना बनाई गई थी। इस बावत सीओ करुण करण ने बताया कि मेरे पास इससे संबंधित प्रपोजल आया था। जिसको जांचोंपरांत रिजेक्ट कर दिया गया है। अब वहां किसी प्रकार का ओपन जिम नहीं लगेगा। वहां पहले की तरह शमशान घाट बना रहेगा।

कोर्ट परिसर में वात्सल्य भवन का हुआ उद्घाटन

छपरा कोर्ट। व्यवहार न्यायालय परिसर में महिला मुद्दई और मुदालहमों के सुविधा के लिए वात्सल्य भवन का उद्घघाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने किया। उद्घघाटन समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नीरज कुमार मुख्य न्यायिक पदाधिकारी जिगर साह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडे जिला पदाधिकारी अमन समीर पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष मुख्य न्याय रक्षक पूर्णेन्दु रंजन सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। वात्सल्य भवन में महिलाओं द्वारा बच्चों को दुध पिलाने का कमरा, छोटे बच्चों को खेलने के लिए खिलौना की व्यवस्था, महिलाओं को कपड़े बदलने की व्यवस्था की गई है।इस भवन के उदघाटन हो जाने से न्यायालय परिसर में आने वाले महिलाओं को काफी सहूलियत मिलेगी।

एनक्यूएएस के राज्यस्तरीय असेस्मेंट में शीतलपुर का एचडब्ल्यूसी बिहार में बना टॉपर

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के समर्पण और कड़ी मेहनत के बदौलत एक बार फिर सारण जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र अपनी अलग पहचान स्थापित किया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वान मानक के राज्य स्तरीय असेस्मेंट में सारण जिले के दिघवारा प्रखंड के शीतलपुर डीह स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पूरे में बिहार में पहला स्थान हासिल कर टॉपर बना है। राज्य स्तरीय असेस्मेंट में एचडब्ल्यूसी को 94 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। पूरे बिहार में अलग-अलग जिले के 38 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की रैंकिंग जारी की गयी है, जिसमें शीतलपुर डीह एचडब्ल्यूसी को सबसे अधिक अंक मिला है। स्वास्थ्य क्षेत्र में यह उपलब्धि सारण जिले के लिए गर्व की बात है,

और इससे पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर सकारात्मक संदेश जाएगा।

अब शीतलपुर एचडब्ल्यूसी को राष्ट्रीय स्तर पर भी इस उत्कृष्टता के प्रमाण पत्र के रूप में मान्यता मिली है। यह सफलता न केवल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह राज्य के अन्य जिलों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करती है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की मेहनत रंग लायी:

शीतलपुर डीह स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) को राज्यस्तरीय असेस्मेंट में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है, जो यहां के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस उपलब्धि को हासिल करने में जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस सफलता में सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, आरपीएम प्रशांत कुमार, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डीएमओ डॉ दिलीप कुमार सिंह, डीटीओ डॉ रत्नेश्वर प्रसाद, एनसीडीओ डॉ भूपेंद्र नारायण सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रौशन कुमार, सीएचओ विकास कुमार, सीएचओ करिश्मा कुमारी, बीएचएम रिचा कुमारी, एएनएम, आशा व अन्य अधिकारियों का योगदान अत्यधिक सराहनीय रहा है।

इसके अलावा, सहयोगी संस्था डबल्यूएचओ, यूनिसेफ, पीरामल स्वास्थ्य, पीएसआई, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के प्रतिनिधियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए। यह सफलता न केवल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करती है, बल्कि पूरे बिहार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के समर्पण को एक प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करती है। शीतलपुर डीह एचडब्ल्यूसी की यह उपलब्धि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

हेल्थ वेलनेस सेंटर पर उपलब्ध है ये सुविधाएं

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रौशन कुमार ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। इस मान्यता ने हमें यह साबित करने का अवसर दिया कि हमारे स्वास्थ्य सेवाएं उच्चतम मानकों पर खरा उतरती हैं। हम आने वाले समय में भी गुणवत्ता को बनाए रखते हुए मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नगर निगम बोर्ड की बैठक संपन्न,कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।छपरा नगर निगम के महापौर के द्वारा नगर निगम के बोर्ड की बैठक आहूत की गई जिसमे विगत 20.09.2024 को हुई बोर्ड के बैठक की सम्पूष्टी, 19.11.2024 को सम्पन्न सशक्त स्थायी बैठक की सम्पूष्टी पर चर्चा की गई । वार्ड 16 मे संतोष कुमार के द्वारा कबीर अंतयेष्टि के लाभुकों को मिलने वाली राशि मे बिलम्ब होने के कारण नाराजगी ब्यक्त की गई ककार्य मे लापरवाही करने वाले कर्मी को अन्य कार्य देने या बदलने पर विचार किया गया कसुजीत कुमार मोड़ द्वारा सदन मे बात कही गई जो कर्मी बहुत दिनों से एक ही घटक मे कार्य कर रहे है उसको चेंज किया जाये कप्रहलाद राम द्वारा बिना होलडिंग और बिना सर्वे वाले क्षेत्र को भी आवास देने पर सदन पर चर्चा उठायी गई कवार्ड 34 से वार्ड पार्षद कुंती देवी कहा गया की अधूरा रोड बना है उसको पूरा किया जाय और नाला का स्लैब टूट गया उसको भी नया लगाया जाये कवार्ड 38 से नरगिस बानो के द्वारा कहा गया कि गाँधी चौक से गरखा ढाला तक सफाई का कार्य सफाई एजेंसी के द्वारा नहीं किया जा रहा है कवार्ड 44 के पार्षद के द्वारा कहा गया कि नये नल जल का कनेक्शन कब से शुरूआत किया जायेगा सदन मे बात उठायी गई कनगर निगम के कर्मी को शिकायत करने पर उसका जवाब उल्टा दिया जाता है कजिसके लिए सदन मे बात उठायी गई कवार्ड पार्षद 33 सशक्त स्थायी समिति के द्वारा टैक्स कलेक्शन एजेंसी के द्वारा लिया जाना टैक्स उसका एक ही रेट रखा जाये क्योंकि स्पेरो एजेंसी के द्वारा टैक्स कलेक्शन मे सुधार किया जाये क सदन मे वार्ड पार्षद के द्वारा कहा गया कि वार्ड मे जो भी एजेंसी के द्वारा कार्य कराया जाता है उसका एन वो सी वार्ड पार्षद के द्वारा देने के उपरांत ही भुगतान किया जायेगा जिसके लिए सदन ने सहमति दी कनगर निगम को ई ऑफिस कराने हेतु बोर्ड के सदन मे रखा गया कजिसके लिए नगर प्रबंधक अरविन्द कुमार के द्वारा ई ऑफिस कराने हेतु जानकरी बिधिवत दिए कसदन ने इसको बहुमत से ई ऑफिस के कार्य कराने पर सहमति व्यक्त की गई कस्ट्रीट लाइट के सभी वार्डो मे सर्वे हो रहा है उसमे खराब और नये लाइट लगाने हेतु सर्वे किया जायेगा जिसमे सभी पोलो एवं गली को भी लाइट लगाने हेतु सहमति व्यक्त की गई । सफाई एजेंसी के कार्य की समीक्षा एवं स्पष्टीकरण के सम्बन्ध मे वार्ड पार्षद हेमंत राय के द्वारा सफाई एजेंसी के द्वारा साफ सफाई के कार्य से असंतुष्ट दिखे कसफाई एजेंसी प्रतिनिधि के द्वारा कहा गया कि सभी रुटो पर साफ सफाई करा जा रही है सफाई एजेंसी को मानव बल बढ़ाने द्वारा कहा गया कसभी वार्डो मे बराबर मात्रा मे सफाई मजदूर को लगाने हेतु सदन मे बात उठायी गई । सरकारी बाजार मे बन रहे मल्टी शॉपिंग काम्प्लेक्स की अनुमति सदन के द्वारा नहीं दिया गया कमहापौर, वार्ड पार्षद को बैठने के लिए सिटिंग एरिया, उप महापौर का कार्यालय एवं सभागार का भी नया बनाने एवं मरम्मती कराने हेतु सहमति व्यक्त की गई ।

बगहा यूपी को जोड़ने के लिए पूल निर्माण की खबर से सीमावर्ती लोगों में खुशी की लहर

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा को यूपी से जोड़ने के लिए शहर के शास्त्री नगर से बेलवनिया तक गंडक नदी पर पुल का निर्माण होगा। इस परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद बगहा के लोगों में खुशी है। दरअसल लोगों को यूपी जाने के लिए बगहा से 18 किमी दूर रतवल जाना पड़ता था और वहां से गौतम बुद्ध सेतु के रास्ते गंडक दियारा पार होकर बांसी के रास्ते पडरौना जाना पड़ता था। लिहाजा गंडक नदी पर शहर के बीचों बीच शास्त्रीनगर में एक पूल निर्माण को हरी झंडी मिली है। इससे दियारा पार के चारों प्रखंडों समेत उत्तरप्रदेश की दूरी काफी कम हो जाएगी और लोगों को समय का बचत भी होगा। साथ हीं गंडक नदी में नाव के सहारे दियारा आवागमन करने की बाध्यता भी कम होगी। जिससे नाव हादसों पर अंकुश लगेगा। बगहा भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बगहा विधायक राम सिंह ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे और माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री श्री सतीशचंद्र दुबे जी के प्रयास से बगहा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यह बड़ा तोहफा मिला है। इस अति महत्वकांक्षी परियोजना के मंजूरी के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के पास हमलोगों ने लगातार प्रयास किया। इस पूल निर्माण से बगहा अनुमंडल के चार प्रखंडों–पिपरासी, भितहा, मधुबनी, और ठकराहा–सहित पुलिस जिला बगहा के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा साथ अनुमंडल के बीच की दूरी लगभग 50 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। यह पुल न केवल लोगों के आवागमन को आसान बनाएगा बल्कि व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। क्योंकि कुशीनगर हैरिटेज से पर्यटक आसानी से वाल्मीकि टाइगर रिजर्व का भ्रमण करने आ सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बगहा जिलाध्यक्ष श्री भूपेन्द्रनाथ तिवारी जी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज प्रसाद सिंह ,सतीश वर्मा , जिला मीडिया प्रभारी हृदया दुबे जिला उपाध्यक्ष श्री ऋतु जायसवाल,जिला महामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला जी, सुजीत चौरसिया , नागेंद्र साहनी, अमित पांडेय आदि मौजूद थे।

जलनल से लोग हुए परेशान वार्ड नम्बर 6 और 14 में मामला पेयजल का गहराया

■ **संवेदक और ऑपरेटर की मनमानी के बीच फंसे ग्रामीण**

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर पंचायत के 6 नंबर वार्ड में बुधवार सुबह से नलजल ऑपरेटर के द्वारा जलापूर्ति बाधित कर दी गई है। ऑपरेटर के मुताबिक बोर्ड में टेक्निकल समस्या के कारण बिधुत आपूर्ति नहीं हो रही है। बीते कई दिन से संवेदक और ऑपरेटर की मनमानी के कारण ग्रामीणों को मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना में शुमार हर घर नल का जल की आपूर्ति बाधित हो गई है बता दें की वार्ड नंबर 6 में हमेशा नल से जल की आपूर्ति बाधित रहती है जिससे आम लोगों को नल का शुद्ध जल प्राप्त नहीं हो पाता।वहीं पंचायत के 14 नम्बर वार्ड के ई टाइप कॉलोनी में पिछले 15 दिनों से पेयजलापूर्ति बंद है जिससे पेयजल के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। इस बाबत पूछे जाने पर पंचायत के उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बीते कई दिनों से जलापूर्ति बाधित है संवेदक मणिलाल से दूरभाष पर संपर्क नहीं हो पा रहा है बतादे कि इसके पूर्व भी मानदेय भुगतान को लेकर कई दिनों तक नलजल की सप्लाई ऑपरेटर के द्वारा बाधित कर दी गई थी,जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है ।वे शुद्ध पेयजल से वंचित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमेशा नल से जल की आपूर्ति बंद कर दी जाती है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल से महरुम करना कतई उचित नहीं है। ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों से इस मामले में पहल करते हुए शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है।

राजेन्द्र महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राध्यापकों का हुआ स्वागत

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रीमियर कॉलेज राजेन्द्र महाविद्यालय में भौतिकी विज्ञान विभाग के तत्वावधान में नवनियुक्त प्राध्यापकों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं नवनियुक्त प्राध्यापकों के बीच परिचय सत्र एवं अन्य एकेडमिक गतिविधियों के संबंध में वातार्लाप किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुशील कुमार श्रीवास्तव ने नवनियुक्त सभी

प्राध्यापकों को शुभकामना दीं। उन्होंने महाविद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर नवनियुक्त शिक्षकों ने महाबिद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाने एवं भौतिकी विज्ञान विभाग को शैक्षणिक पटल पर सर्वश्रेष्ठ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के भौतिकी विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों की उपस्थिति विभाग को गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग से चयनित 6 शिक्षक इस महाबिद्यालय के विभाग में योगदान दिए हैं और यह छात्रों एवं विभाग के लिए सुखद है। भौतिकी विज्ञान विभाग में नवनियुक्त प्राध्यापकों का स्वागत किया गया उनमें डॉ सुनील प्रसाद, डॉ ओम प्रकाश, डॉ गौरव शर्मा, डॉ सुप्रिया कुमारी, डॉ अंकित कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ नवीन कुमार सिंह, हिंदी विभाग के डॉ सुनील पांडेय,राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ गौरव कुमार सिंह, प्रो अरुण कुमार सिंह,राजेश झा, विश्वविजय सिंह आदि उपस्थित थे।

चोरी से बिजली जलाने को लेकर छापेमारी, किया फाइन

मकेर (सारण)। बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने मानव बल के साथ किया छापेमारी जिसमे दो लोगो ने स्मार्ट मीटर से बाई पास कर बिजली जलाते हुए पकड़ा ।मकेर जेई प्रमोद शुक्ला ने मकेर थाना में दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमे मकेर बाजार निवासी रंजीत कुमार जोशी पर दस हजार बीस रुपये एवम महेंद्र प्रसाद पर आठ हजार छः सौ पैसठ रुपये का जुमार्ना लगाया है ।

जेई ने बताया कि अबैध रूप से बाईपास कर बिजली जलाने की घटना से विभाग को लगातार हानी हो रही हैं जिसको लेकर छापेमार दस्ता का गठन किया गया है जिसमे मानव बल अवधेश कुमार सिंह एवम सुमित कुमार सिंह के साथ की गई थी ।

रउरे कुछ करीं बड़ा बाबू ,जेकरा खातिर खून पसीना बहवनी उहे हमार ना भइल

■ **न्याय के लिए दर दर की ठोकर खा रहा खेतिहर मजदूर ,प्राथमिकी हुई दर्ज**

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा।मजदूरी नहीं करने पर पिटाई मामले में रसूलपुर थाना के माधोपुर गांव वासी पीड़ित 55 वर्षीय जनक प्रसाद उर्फ गड़हा थाना कार्यालय पहुंच थानाध्यक्ष को आपबीती सुनाई।पीड़ित ने बताया कि थाना परिसर में जब वह स्वभावतः नीचे बैठा तो थानाध्यक्ष ने कहा कि यह आप का गांव नहीं है आप कुर्सी पर बैठिये।पीड़ित के अनुसार थानाध्यक्ष ने कहा कि उसके मामले में स्वयं वे माधोपुर जा कर जांच पड़ताल की लेकिन आवेदन में जिस गवाह का नाम था उसमें एक ने घटना की गवाही देने से इंकार कर दिया।आप दूसरा गवाह कोई लाइये।इतना सुनते ही पीड़ित जनक प्रसाद उर्फ गड़हा फफक कर रो पड़ा और कहा कि ह्यजेकरा घरे जाके महीना महीना भर गोबर गोथार तक कइनी ,खून पसीना बहवनी, उहे हमार ना भइल अब रउरे कुछ करीं बड़ा बाबू.।

इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि खेतिहर मजदूर जनक प्रसाद के मामले को लेकर पुलिस बहुत ही सख्त है।थानाध्यक्ष ने कहा कि वे खुद केस की जांच में गये थे पर दो में से एक गवाह घर पर नहीं था दूसरा गवाह जो मिला वह केस के बारे में कहा कि उसे कुछ मालूम नहीं है।उधर पीड़ित के परिवार पर

आरोपी पक्ष से दबाव मिल रहा है कि आरोपी भी अगलगी केस कर चुके हैं।यह जानकर बीपीएल परिवार से आनेवाला पीड़ित परिवार पुरी तरह सहमा हुआ है।

पीड़ित की ह्दयरोगी पत्नी पुरी तरह बीमार पड़ गई है।गांव में ग्रामीण स्तर पर सुलह समझौता के लिए हर जगह से पीड़ित पर दबाव है।मामला थाने में जाने से तनाव है।

पीड़ित जनक उर्फ गड़हा ने बताया कि गांव के एक किसान के यहां खेती कार्य के अलावे महीनों महीनों उनके घर पर रह पशुओं की देखभाल व गोबर गोथार तक करता है।वे सब भरोसा दिये थे कि तुमसे मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ जहां कहोगे बोलेंगे।पर पुलिस जब आई तो वे भी मुकर गये।उसका कोई नहीं है।मालूम हो ढौं प्राथमिकी में गांव के दो दबंग भाइयों मुन्ना व सुधीर ने अधेड़ खेतिहर मजदूर जनक प्रसाद की उनके खेतों में काम नहीं करने को लेकर जम कर पिटाई कर दी।जिसका इलाज एकमा सीएचसी चल रहा है।

एनक्यूएएस प्रमाणीकरण को लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मानपुर का हुआ मूल्यांकन

एचडब्ल्यूसी में गर्भवती महिलाओं, शिशु व आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरिक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण हेतु सामुदायिक उपस्वास्थ्य केंद्र के विश्लेषण करने हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर पटना से आई दो सदस्यीय टीम के द्वारा जिले के मैनाटांड प्रखंड अन्तर्गत मानपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय टीम में उपस्थित पिरामल के डॉ प्रवीण रंजन मोहराना एवं पटना क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर गर्भवती महिलाओं, शिशु, बुजुर्गो व आम लोगो को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं

का निरिक्षण किया। मौके पर उपस्थित टीम ने बताया की क्वालिफाई होने के बाद ही एचडब्लूसी को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। मूल्यांकन के दौरान टीम द्वारा सभी अलग अलग कमरों में मिलने वाली स्वास्थ्य व्यवस्था का गहनता से एक एक बिन्दुओ का मूल्यांकन किया। इस दौरान रजिस्टर चेक करने के साथ ही उपस्थित महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जाँच कराने आए लोगों से फीड बैक लिया।

स्वास्थ्य उप केंद्र पर उपलब्ध हैं 120 तरह की दवाएं

जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीक्यूए डॉ आलोक कुमार ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 120 तरह की दवाएं एवं 14 प्रकार के जाँच उपलब्ध है। केंद्र पर सीएचओ फूल कुमारी द्वारा स्वास्थ्य जाँच के साथ ही कई प्रकार के एक्टिविटी कराए जाते है। लोगो को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया जाता है। गंभीर बीमारी के लक्षण होने पर बड़े अस्पताल में रेफर किया जाता है। इससे क्षेत्र के स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है। 70% से ऊपर स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेशन मिलेगा। उन्होंने बताया की स्वास्थ्य केंद्र का 8 मानकों पर मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही भारत सरकार द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

मौके पर राज्य स्तरीय टीम में पिरामल के डॉ प्रवीण रंजन मोहराना एवं पियूष रंजन, जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीक्यूए डॉ आलोक कुमार, डीयूएचसी चंद्र किशोर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार चौधरी, पिरामल के जिला प्रतिनिधि राजेश कुमार झा, पीएसआई इंडिया से राकेश कुमार, सीएचओ फूल कुमारी, एएनएम, आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।

संक्षिप्त खबरें

ग्रामीणों ने किया मां भारती की आरती करते ग्रामीण

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) ।काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में 8 वर्षो से होते आ रही मां भारती की आरती में ग्रामीणों ने जोरशोर से भाग लिया ।उक्त दौरान आरती के प्रति ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया । आरती में उपस्थित ग्रामीणों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,अखिलेश्वर पांडेय,उदय पांडेय, पिंटू सिंह ,सुशील पाण्डेय,नंदे सिंह, दिनेश सिंह,के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे ।

बिजली बिल सुधार शिविर में ऑन द स्पॉट शिकायतों का किया निबटारा

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड के मानपुर पंचायत में बिजली बिल सुधार कैंप लगाया गया।इन कैंपों में बिजली बिल सुधार, डबल बिजली बिल, खराब मीटर, गलत रीडिंग, नए बिजली कनेक्शन, कृषि बिजली कनेक्शन व स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत सुनी गई और उसका निदान किया जा रहा है। साथ ही इन कैंपों में 19234 रुपए बकाए बिल की वसूली भी की गई। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि शीर्ष कंपनी के निदेशानुसार 14 तारीख तक शिविर का आयोजन करना था। उक्त पंचायत में आयोजित कैंप में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 2 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। कैंप मे सुपरवाइज संदीप कुमार, मानवबल उदय प्रताप सिंह, श्रीभगवान आदि मौजूद रहे।

घर वालों ने चोरी करते हुए चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले

काराकाट (रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत परासी गांव में शुक्रवार की देर रात घर में चोरी होने की घटना प्रकाश में आया है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात करीब 1 बजे के आसपास थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत परासी गांव में स्वर्गीय उमाशंकर राम के पुत्र सुरेंद्र राम के घर चोरी होने की घटना घटित हुई । चोरी की घटना को कारीत करने वाला उसी गांव का रहने वाला श्याम बिहारी यादव के पुत्र राकेश यादव बताया जाता है । जो अपने ही गांव के सुरेंद्र राम के घर सामान की चोरी कर रहा था, तभी अचानक घर वाले को कोई बर्तन गिरने की आवाज सुनाई दी । उक्त दौरान सभी लोग जगकर अपने घर की तलाशी लेने लगे तो उसी क्रम में चोरी करते हुए राकेश यादव को पकड़ लिए ।जिसकी सूचना घर वालों द्वारा दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई । सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के सब इंस्पेक्टर रमन सिंह अपने दल बल के साथ उक्त गांव पहुंच पकड़े गए चोर को अपने गिरफ्त में ले लिया ।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत परासी गांव में चोरी की घटना घटित हुई लेकिन मामला असफल रहा । उन्होंने बताया कि गृहस्वामी सुरेंद्र राम के द्वारा स्थानीय थाना में चोरी की घटना को कारीत करने वाले आरोपी राकेश यादव के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कराया । श्री चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

भानस पुलिस ने 67 पेटी शराब किया बरामद,कारोबारी फरार

दिनारा(रोहतास)। भानस थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चिल्हरुआ में छापेमारी के क्रम में ब्लू लाईन देशी शराब 56 पेटी जिसमें करीब 500 लीटर व विंडसर लाईन देशी शराब 11 पेटी जिसमें करीब 99 लीटर व देशी महुआ शराब करीब 15 लीटर यानी कुल मिलाकर 614 लीटर बरामद किया गया है । मामले में शराब कारोबारी भागने में सफल रहा ।शराब कारोबारी का पता लगाने हेतु अग्रिम कार्रवाई की जा रही है । इसकी जानकारी भानस थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने दी ।

25 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का कलश यात्रा आज,तैयारी पूरी

काराकाट(रोहतास) । काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाद में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 25 कुंडीय महायज्ञ के लिए रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी । जिसकी संपूर्ण तैयारी ग्रामीणों के सहयोग से यज्ञ समिति द्वारा कर ली गई है । यज्ञ समिति में राम विनोद मिश्रा को अध्यक्ष,नर्वदेश्वर मिश्रा को उपाध्यक्ष,बृजबिहारी मिश्रा को कोषाध्यक्ष,अवधबिहारी मिश्रा को महासचिव आदि को बनाया गया।

,उमाकांत मिश्रा को सचिव,

व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

इस वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

जिला सत्र न्यायाधीश भोजपुर जिलाधिकारी एवं भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। व्यवहार न्यायालय, आरा परिसर में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के तत्वाधान में वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन व्यवहार न्यायालय आरा के परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोजपुर आरा भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक, मिस्टर राज, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनमोहन ओझा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, मणिक कुमार सिंह, लोक अभियोजक, नागेश्वर दुबे, जिला शासकीय अधिवक्ता राजनाथ सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी, सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ पक्षकारगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, गौतम कुमार द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18 पीठ का गठन किया गया था।

कुल निष्पादन 1362 हुआ है जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 621 वादों का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया एवं न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 741है, जिसमें अपराधिक मामले की संख्या146 , विद्युत वादों की संख्या 105, मोटर दुर्घटना वाद की संख्या 04 , रेलवे एक्ट के मामले की संख्या 452 , खनन मामले से संबंधित मामलों की संख्या 32 , पारिवारिक वाद से संबंधित मामले की संख्या 04 एन आई एक्ट मामले की संख्या 02 का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। साथ ही कुल मो0 -59335118 रुपए समझौता की राशि रही। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में रामचंद्र सिंह +2 विद्यालय बिराहिमपुर करजा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं किताब देकर सम्मानित भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 3 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था जिस कारण इतनी संख्या में सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जा सका है।

आरा में केंद्रीय विद्यालय संगठन का किया गया 62वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरा में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 62वें स्थापना दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री तनय सुल्तानिया, जिलाधिकारी भोजपुर सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित करके किया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के छात्रों से अपने प्रशिक्षण के दौरान मिले अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन के चयनित छात्रों से मुलाकात की थी, और उनके आचरण तथा देश के प्रति उनके विचारों से वह अत्यधिक प्रभावित हुए। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे विद्यालय के गौरवमयी इतिहास के अनुरूप समावेशी शिक्षा के माध्यम से अपने बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास करें।कार्यक्रम के दौरान, विद्यालय के छात्रों ने लघु नाटक वृद्धाश्रम प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके अलावा, छात्रों द्वारा प्रस्तुत संगठन गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी आनंद से विभोर हो गए। कक्षा 6 की छात्रा उमंग ने रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध रचना ह्लबांग्ला गीतह्व का अत्यंत मनमोहक उद्बोधन किया, जिसे सभी ने सराहा।मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य श्री एम एस अहमद ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया। अपने उद्बोधन में, श्री अहमद ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के उद्देश्यों और उसकी प्रमुख उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, और विद्यालय के निरंतर विकास के लिए प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

धान खरीद के लिए प्राथमिकता देते हुए अधिप्राप्ति की जाए : नोडल पदाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । किसानों से धान क्रय- सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निदेश दिया गया कि साप्ताहिक लक्ष्य 20 प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।साथ ही उपस्थित प्रखण्ड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अध्यक्ष को भी तेजी से छोटे किसानों से धान खरीद हेतु प्राथमिकता देते हुए अधिप्राप्ति की जाए, जिसका सतत अनुश्रवण वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। किसानों का भुगतान :- सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि धान बेचने वाले किसानों का 48 घंटे के अंदर भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में निदेश दिया कि इस कार्य का सतत अनुश्रवण वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि समिति स्तर पर एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी स्तर पर त्वरित गति से किसानों के भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगें ।

पैक्सों का मिलों से सम्बद्धता:- सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि पैक्सों का मिलों से सम्बद्धता प्रतिवेदन दिनांक 15.12.2024 तक अचूक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। पैक्सों से मिलों के सम्बद्धता में दूरी का विशेष ध्यान देने हेतु निदेश दिया गया, ताकि पैक्सों को धान कुटाई हेतु ज्यादा दूरी तय नहीं करना पड़े ।

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी को जख्मी कर छिने गये सरकारी पिस्टल बरामद, नौ आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

जगदीशपुर । जगदीशपुर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-12.12.2024 को जिलान्तर्गत बिना नम्बर के मोटरसाईकिल को लेकर विशेष वाहन चेकिंग के अभियान अभियान कम में जगदीशपुर थानान्तर्गत जिओ पेट्रोल पंप के पास जगदीशपुर थाना द्वारा चेकिंग के दौरान बिना नम्बर का 01 एक पल्सर एवं 01 अपाची मोटरसाईकिल का जप्त किया गया। जप्त मोटरसाईकिल को छुड़ाने के लिए अभय यादव एवं मतेन्द्र कुमार अन्हारीबाग तियर, जगदीशपुर चम्पारण मीट हाउस के दुकान पर से 12-13 आदमी बुलाकर लाये और पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला कर कर्मियों को जख्मी कर सरकारी पिस्टल छिन लिये। जख्मी पुलिस कर्मी को ईलाज दुलौर अस्पताल में कराया गया तथा बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल आरा में भेजा गया। इस संबंध त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी पिस्टल की बरामदगी एवं घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी जगदीशपुर के नेतृत्व में डी०आई०यू० टीम, थानाध्यक्ष, जगदीशपुर एवं थाना बल के द्वारा छापामारी के दौरान 09 अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए सरकारी पिस्टल को बरामद किया गया है। सभी अभियुक्तों को पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

स्वच्छ आरा, सुंदर आरा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार, आरा नगर निगम द्वारा बहियारा स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र पर कूड़ा निस्तारण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बहियारा स्थित डंपिंग यार्ड लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में फैला है, जिसमें से 10,400 वर्ग मीटर क्षेत्र को 10 फीट ऊँची घेराबंदी से सुरक्षित किया गया है। यहाँ आरा नगर निगम द्वारा एकत्रित किए गए अपशिष्ट पदार्थों का व्यवस्थित रूप से संचयन किया जाएगा।

भविष्य में इस स्थल पर विभिन्न प्रकार की मशीनों के माध्यम से कूड़ा प्रसंस्करण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और दक्ष बनाने की योजना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कूड़े की दुर्गन्ध को नियंत्रित करना और महामारी के फैलने से रोकना है। इसके लिए, कूड़े पर जैव-संस्कृति का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे कूड़े पर होने वाले कीटों, जैसे मक्खियाँ और मच्छर, का नियंत्रण किया जा सके। जैव-संस्कृति के प्रभाव से कूड़े का अपघटन तेजी से होता है, जिससे वातावरण में कोई अप्रिय गंध नहीं फैलती।

इसके अलावा, आरा नगर निगम ने इस स्थल पर कूड़े की हस्तगत छांटाई (सॉर्टिंग) प्रक्रिया भी शुरू की है, ताकि विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट को अलग-अलग करके उनका सही तरीके से निस्तारण किया जा सके। इस पूरे प्रयास का उद्देश्य आरा को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

नगर व्यवसायिक संघ की जग जीवन मार्केट में बैठक किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नगर ब्यवसाई संघ कि बैठक जगजीवन मार्केट आयोजित हुई अध्यक्षता इनामुदिन खान ने किया किया तटपश्चात अप्रैल 2024 से आरा नगर निगम द्वारा किराया मामले मे गैरकानूनी रवाइयां इस्तमाल किये जाने का प्रस्ताव संघ के महामंत्री राज किशोर शर्मा ने रखा और बताया कि आरा नगर निगम जब जब किराया बढ़ाने का समय होता है वे कानून उलगान करते आया है जिसके कारण केश नंबर 64/2012आरा सिबिल कोट मे चल रहा निगम अधिवक्ता और सुस्त अदालत के कारण बारह साल होने को है अभी तक फैसला नहीं आया ।2024 अप्रैल से नगर आयुक्त अपने मौखिक आदेश से 25% 2014 से येरियर साथ किराया का मौखिक बात कर पेच फसा दिया और किराया काटना बंद करा दिया है

तटपश्चात दिनांक 19-9-24 निगम बोड कि बैठक हुआ जिसमे सांसद बिधायक एमएलसी मेयर नगर आयुक्त पार्षद द्वारा सर्व सहमति से 15%किराया अप्रैल 2024 से लेना पास हुआ इसके बाद भी दुकानदार को कोई नोटिस नहीं मिला है और नगर आयुक्त के मौखिक आदेश से आज तक किराया असूली बंद है और बजार शाखा किराया प्रभारी मंगल कुमार और राजू प्रसाद 25%किराया असूल का दबाव बना रहे है जो उचित नहीं है निगम बोड बैठक का प्रस्ताव नगर आयुक्त को मंजूर नहीं है निगम बोड को स्पस्ट कहना चाहिए और उन्हें नोटिस निर्गत करना चाहिए आज कि बैठक मे सर्व सहमति से प्रस्ताव पास हुआ कि बगैर नोटिस कोई दुकानदार किराया नहीं देगा ।

साथ ही संवैनिक तौर से आयोजित नगर निगम बैठक से पास प्रस्ताव के अवमानना पर बिहार सरकार और बरिष्ठ पदाधिकारी को पत्र लिखेगा तथा आंदोलन भी करेगा बैठक को सम्बोधित करने मे मुमताज आलम सरफराज आलम मुकेश कुमार अकवाल संदीप कुमार इबरार आलम मुना कुमार बिजेन्दर कुमार गुप्ता राजू गुप्ता अनिल कुमार ने किया धन्यवाद ज्ञापन मो. रिंकू ने किया।

टीकाकरण अभियान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने गुलजार मोहल्ला में निकाली जागरूकता रैली

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गुलजारबाग मोहल्ला में टीकाकरण अभियान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली गई । जागरूकता रैली का आयोजन बिक्रमगंज पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सौरभ प्रकाश के नेतृत्व में की गई ।रैली का आयोजन गुलजारबाग मोहल्ला के सीफा हॉस्पिटल से शुरूआत की गई । तत्पश्चात उक्त स्थल से टीकाकरण को लेकर जागरूकता रैली गुलजारबाग , सामुदायिक सामुदायिक भवन, कश्मीरी मस्जिद,पीरी मोहल्ला से होते हुए सीफा अस्पताल पर आकर संपन्न हुई ।रैली में एएनएम स्कूल की छात्रा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक बिक्रमगंज अशोक कुमार , प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सूर्यपुरा मोहम्मद इरफान खान,पीरामल फाउंडेशन जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार,प्रखंड सामुदायिक मोबिलाइजर अनीश नारायण ,राजीव कुमार ,अर्पण कुमार पट्टीदार ,राजू सिंह , डॉ आजाद ,आशा कर्मी एवं आशा फैसिलिटर द्वारा गांव में टीकाकरण के लिए जन जागरण को लेकर टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया । साथ ही साथ सभी वार्ड वासियों को यह भी बताया गया कि आज सामुदायिक भवन गुलजारबाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रमगंज द्वारा निःशुल्क टीकाकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा । जिसमें सभी बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण किया जाएगा ।साथ ही योग्य लाभार्थियों को निःशुल्क जांच और दवा वितरण की जाएगी । मौके पर सीफा अस्पताल के डॉक्टर अकील अहमद , अयूब खान की सराहनीय भूमिका रही । इसकी जानकारी बिक्रमगंज पीएचसी स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने दी ।

जय माँ काली बखोरापुरवाली मन्दिर ट्रस्ट ने मंदिर के दक्षिण परिसर में किया विशाल भूमि पूजन का आयोजन

आरा। जय माँ काली स्व. योगेन्द्र प्रसाद सिंह एवं स्व. राधिका देवी चिकित्सालय का किया जाएगा। इसका उद्द्घाटन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष एवं होटल मौर्या, पटना के एक्स्यूटीव डायरेक्टर बी०डी० सिंह , अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार एवं भूतपूर्व सैनिक संघ, बिहार के अध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिह ने किया उद्घाटन मुख्य अतिथि मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाकार एवं आकाश ग्रुप ऑफ इन्सच्यूसन बक्सर-भोजपुर के चेयरमैन डा० लक्ष्मण तिवारी जो विशिष्ट सम्मानित अतिथि मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व सदस्य, बिहार नागरिक परिषद, पटना भाई बड्मेश्वर तथा मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार एवं अध्यक्ष बिहार पुलिस एसोसियशन, पटना मृत्युंजय कुमार सिंह , सम्मानित अतिथि मंदिर ट्रस्ट के वाणिज्यिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम वचन सिंह तथा मंदिर ट्रस्ट के अध्यात्मिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित कुमार दूबे एवं ग्राम पंचायत बखोरापुर के मुखियाँ रितेश कुमार सिंह तथा मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं स्व० योगेन्द्र प्रसाद सिंह के एकमात्र पुत्र अरूण कुमार सिंह साथ ही भूमिदानकर्ता अरूण कुमार सिंह के दो चिकित्सक पुत्र, दो चिकित्सक बहुएँ एवं एक भारतीय सेना में कर्नल के पद पर पदस्थापित पुत्र, एक बहु राष्ट्रिय कम्पनी में पदस्थापित बहु के साथ पत्नी एवं उनके दर्जनों रिस्तेदार उपस्थित रहे। भोजपुर के गौरव के रूप में स्थापित एवं सम्पूर्ण विश्व स्तर पर प्रचारित बखोरापुर काली मोदर निर्धनों की चिकित्सा व्यवस्था में सहायता करने के लिए अत्याधुनिक, समस्त आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित, भारत एवं विश्वस्तर के ख्याति प्राप्त दवा एवं सर्जरी कम्पनियों का सहयोग लेकर मुफ्त चिकित्सा एवं दवा, सर्जरी सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। बिहार एवं भोजपुर जिले के ख्याति प्राप्त फिजिसियन, सर्जन, आथोर्पेडिक, गाइनोलाजिस्ट, नेफ्रोलाजिस्ट, यूरोलाजिस्ट, आई, डेन्टल, कैंसर, न्यूरोलाजिस्ट, चाईल्ड, ई० एन०टी०, मेन्टल, होमियोपैथिक, आयुर्वेदिक, नेचरोपैथी, नस एवं अन्य रोगो की चिकित्सा के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रहेगी। पटना के एम्स, आई०जी०एम०एस०, पी०एम०सी०एच०, ईन्दरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, एन०एम०सी०एच०, रूबन हास्पीटल, महावीर कैंसर हस्तपताल, पारस हास्पीटल, महावीर वात्सलय अस्पताल, बुद्धा कैंसर अस्पताल, के साथ दर्जनों पद्मश्री, पदमविभूषण उपाधी प्राप्त चिकित्सको के साथ विभिन्न असाध्य रोगों के राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक प्रतिमाह बारी-बारी से नियत पर अपनी सेवा देगें। रजिस्ट्रेशन की मात्र पचास रूपया निर्धन - धनी को बराबर देना होगा, जो दवा और सर्जरी का सामान चिकित्सालय में उपलब्ध रहेगा उसे मुफ्त में दिया जाएगा, जो बाहर से मंगवाना होगा उसे मरीज वहन करेगे। चिकित्सक मुफ्त में जाँच करेगें। डिलेवरी, ऑपरेशन या किसी भी सर्जरी में चिकित्सक आधा फीस लेगें। नो लॉस-नो प्राफिट बेसिस पर सेवा मिलेगा बेड निःशुल्क रहेगा। गंभीर स्थिति में एंबुलेंश मुफ्त में उपलब्ध करा कर पटना या आरा के सरकारी या प्राईवेट हास्पिटल तक भर्ती कराने में सहयोग देगा, लेकिन आरा या पटना के किसी हास्पीटल का खर्च स्वयं रोगी को देना होगा। ऑक्सीजन युक्त एंबुलेन्स मंदिर चिकित्सालय उपलब्ध करा सेवा देगा, लेकिन भेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस रोगों को पटना या आरा से रूपया देकर मंगवाना पड़ेगा। किसी प्रकार के सर्जरी के लिए चिकित्सक का निर्धारित आधा फीस ऑपरेशन के एक दिन पूर्व जमा करना होगा, चिकित्सालय के नियमों को सख्त रूप से पालन होगा, किसी की पैरवी या बाद में रूपया दे देंगे, वैसे रोगियों की चिकित्सा नही होगी, बाहर जाकर ईलाज करा सकते हैं। आँख ऑपरेशन जैसे मोतियाबिंद का लेंस मुफ्त में दिया जाएगा, लेकिन चिकित्सक का सर्जरी का आधा फीस देना होगा। भविष्य में रोगियों के नास्ता-भोजन, परिजनों के ठहरने की व्यवस्था निःशुल्क होगी, प्राईवेट कमरा लेने पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्धारित शुल्क देना होगा।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,मरीजों को दी गई निःशुल्क दवाएं

काराकाट विधायक ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रमगंज के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार ने किया ।500 से अधिक मरीजों की जांच कर दवा दी गई । शिविर की लोगों ने खूब सराहना की ।करीब 50 बच्चे जो शून्य से पांच साल तक के थे , उनका टीकाकरण कराया गया । साथ ही आयुष्मान कार्ड करीब 10 लोगों का बनाया गया ।गुलजारबाग मोहल्ला के सामुदायिक भवन में डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय,डॉ.अंकिता मित्तल, डॉ.प्रवीण प्रसाद,डॉ. राम विलास चौधरी ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की ।

इस दौरान अधिकतर बुखार,ब्लड प्रेशर, उल्टी-दस्त,शुगर ,जोड़ों के दर्द, गठिया,पोलियो,टेटनस,खसर ा, गोलघोटू, टीबी,पीलिया दिमागी बुखार,डायरिया आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज अपनी जांच कराने व दवा लेने आए । जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के पी साहू ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है ।यदि समझदारी न दिखाई तो अनेकों बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है ।इसके अलावा जाड़े का मौसम चल रहा है,जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं ।इस मौसम में ठंड से बचने पर विशेष ध्यान रखें ।ताजे भोजन के अलावा पानी उबाल कर सेवन करें ।

बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखें ।निःशुल्क दवाओं का वितरण भी शिविर में किया गया ।जांच कराने पहुंचे प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद अयूब खान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास सराहनीय है । योग्य चिकित्सकों के कारण मरीज को जहां सही बीमारी का पता लगता है ।

डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल के बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) ।बिक्रमगंज शहर के डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को निदेशक चंदेश्वर भारती अजेय ने शैक्षणिक परिभ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । निदेशक श्री अजेय ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है ।ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से पुरातन इतिहास को जानने और समझने का मौका मिलता है ।जो बातें किताबों में पढ़ने को मिलती है वही चीज भ्रमण के दौरान छात्रों को नजदीक से देखने का मौका मिलता है ।उन्होंने बताया कि छात्रों के जत्थे को रोहतास किला,तुतला भवानी,इंद्रपुरी बांध एवं पायलट बाबा धाम सासाराम का भ्रमण कराया जाएगा ।परिभ्रमण पर जाने के समय छात्राओं में काफी खुशी देखी गयी । मौके पर निदेशक चंदेश्वर भारती अजेय,शिक्षक प्रहलाद तिवारी,स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चे मौजूद रहे ।

ब्राईट कैरियर पब्लिक स्कूल, में लगाया गया छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । ब्राईट कैरियर पब्लिक स्कूल, बड़कागांव ,चंदवा आरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें वर्ग नर्सरी से दशम तक का छात्रों ने भाग लिया था। विद्यालय के संचालक ई. अरुण कुमार के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी(स्र१ड्डी३ ए७ँ३ड्डल्ल) का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट मॉडल(ढ१ड्डी३ टड्डीं') को आए हुए आगंतुकों को दिखाकर समझाया।सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य नीतू सिंह और उप प्राचार्य रवीश कुमार सिन्हा ने अपने मार्गदर्शन में तैयार कराए थे।

सभी प्रोजेक्ट मॉडल की तैयारी में विज्ञान के शिक्षक श्वेता मिश्रा, सूरज कुमार शालू यादव, नंदिनी कुमारी और जोया खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आगंतुक ने बच्चों के प्रयास से प्रभावित हुए और उनकी सराहना की।संचालक इंजीनियर अरुण कुमार ने कहा कि ये सब हमारे सुपर -30 के छात्र है और सभी वर्ग के सभी छात्रों को साइंस एग्जीबिशन में भाग लिए हैं। सभी प्रतिभागी की मेहनत और प्रतिभा को सलाम करता हूं।इसी तरह हमारे बच्चे नई-नई टेक्नोलॉजी और कॉन्सेप्ट के साथ पढ़ेंगे तो यह स्कूल बहुत सारे वैज्ञानिक देश को देगा और यहां से बच्चे को इसरो और नासा जाने का एक अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।प्राचार्य नीतू सिंह ने कहा कि सभी प्रतिभागी देश के भविष्य के रूप में उभर रहे हैं।सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बच्चों ने 25 प्रोजेक्ट को साइंस एग्जीबिशन में दिखाए। वर्ग छठा से सुनैना कुमारी, अंकिता कुमारी, जानवी कुमारी और राखी कुमारी उ'ील्ल ंल्लस्रिड्ड''४३ीि ूं३८ मॉडल को दिखाया।

वर्ग 9 के बच्चे नाजिया परवीन, अदिति सिंह ,जय कुमारी ने वॉटर प्यूरीफायर और लेयर ऑफ द अर्थ प्रोजेक्ट दिखाए। वर्ग आठवां के बच्चे सिमरन सिंह, सुहानी पांडे, अंजली सिंह ,आयुष सिंह , राज पांडे, अभिनंदन उपाध्याय ने एसिड रेन प्रोजेक्ट को दिखाएं। वर्ग चौथा के बच्चे पुष्पा कुमारी ,सलोनी कुमारी ,सोनाली कुमारी ,सबिया परवीन, नंदिनी राज और आराध्या पांडे ने किडनी फंक्शन प्रोजेक्ट को दिखाएं। वर्ग 5 के बच्चे प्रतिक राज ,आकाश कुमार, लव कुश ,अंशु , अक्षित और सूरज ने एक्सीडेंट प्रीवेंशन मॉडल का प्रोजेक्ट दिखाएं।

वर्ग 4 के छात्र शिवम ,विशाल, आशीष और कृष्ण मुरारी ने सोर्स ऑफ वाटर प्रोजेक्ट को दिखाएं। वर्ग दुसरा के बच्चे शिवानी, खुशी ,प्रियंका, मिशिका नंदनी पलक, ब्यूटी ने फोटोसिंथेसिस प

लोक अदालत से निस्तारित वादों से भाईचारे को बढ़ावा मिलता है :जज

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में तथा अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में किया गया। इस राष्ट्रीय लोक का मुख्य उद्घाटन समारोह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम, जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा बहुत संख्या में वादकारीगण उपस्थित रहें। पुरे कार्यक्रम का संचालन श्री अभिनन्दन कुमार, उप मुख्य, विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुको का स्वागत अभिभाषण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जितने भी वादकारीगण यहां आये हैं आप सभी के सहयोग से ही राष्ट्रीय लोक अदालत एक मुकम्मल स्थान को पायेगा उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के हर गतिविधि को जन-जन तक पहुचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आपके माध्यम से आज भी लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने वाले लोगो को लाभ पंहुचा हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि अगर किसी का वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होता है तो इसका लाभ सिर्फ वादकारीगण को ही नहीं होता है बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित न्यायालय पर भी मुकादमों का बोझ कम होता है और यह कई तरह के विधि व्यवस्था को कायम रखने में सहायक होता है, साथ ही जिनका वाद समाप्त होता है दोनों पक्षों के बीच पूर्व से उत्पन्न तनाव खत्म हो जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग के लिए जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से काफी संख्या में नोटिस को ससमय तामिला कराने की कार्रवाई की गयी है जो इस जिला के लिए अपने आप में रिकॉर्ड है। अपने दूसरे संबोधन में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह द्वारा कहा गया कि आज का दिन सौहाद्र को बढ़ाने वाला दिन है और इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठायें। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा करते हुए कहा कि असहमति को सहमति में बदलना ही राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य है और जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर यह कार्य कर रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत मे सर्टिफिकेट केस में अपने स्तर से पहल तथा विशेष ध्यान देते हुए निस्तारण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला विधि के संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वादों के निस्तारण के लिए अपने साथी सभी अधिवक्तागण को आह्वान किया गया कि छोटे-छोटे वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करायें और वादकारियों को सहयोग प्रदान करें। अपने सम्बोधन में पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने लोक अदालत के महत्व को बताते हुए कहा कि नालसा के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में लोक अदालत है जिसमें समाज को प्रेम और भाईचारे को सीधे तौर पर स्थापित करने का प्रयास होता है जिससे पुलिस का भी कार्य आसान हो जाता है। जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाष डालते हुए कहा गया कि यह बार-बार याद दिलाया जाता है कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है ।

सुलभ एवं त्वरित वादों का निष्पादन का उत्तम माध्यम है लोक अदालत:एडीजे मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार एवं सचिव रंजीत कुमार के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय अरवल में किया गया। जिसका उदघाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि रंजन मिश्रा,जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य सह पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडेय,ए डी एम डॉ अनुपमा कुमारी,जिला विधि संघ के सचिव सुभाष चन्द्र बासु , अग्रणी बैंक प्रबंधक जयनाथ झा ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। जबकि मंच संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता डॉ राजेश चन्द्रा ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पायस मिशन विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय गान एवं स्वागत गान से किया। अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के द्वारा पायस मिशन के बच्चों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि रंजन मिश्रा ने कहा कि सुलभ एवं त्वरित मामलो के निपटारे का उचित माध्यम है लोक अदालत। वही एस पी राजेंद्र कुमार भील ने कहा की लोक अदालत में आएं और सुलहनिय मामलो का निपटारा कराए सभा को सी जे एम ,ए डी एम,विधी बार संघ के सचिव,एल डी एम,विद्वान अधिवक्ताओ ने संबोधित किया।

इस साल की चौथी एवं आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों के निपटारे के लिए चार न्यायापीठ का गठन किया गया। प्रत्येक न्यायपीठ में एक न्यायिक पदाधिकारी के अलावा एक पैनल अधिवक्ता को मामले के निपटारे के लिए नियुक्त किया गया। न्यायपीठ में मनीष कुमार पांडे सीजेएम विभूतिभूषण एसीजेएम ईश्वर चंद्र अकेला एसडीजेएम उर्मिला आर्य मुंसीफ को पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है' राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनिय आपराधिक एन आई एक्ट उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बैंक ऋण टेलीफोन बिल मोटर दुर्घटना दावा श्रम विभाग जल एवं बिजली बिल भू अर्जन वाद दांपत्य विवाद संबंधित मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर ए सी जे एम विभूति भूषण, अनुमंडल न्यायायिक दंडाधिकारी ईश्वर चंद्र अकेला,मुंशीफ उर्मिला आर्या, मजिस्ट्रेट दीपक कुमार,विद्वान अधिवक्ता न्यायालय कर्मी गणेश चौधरी, अभिमन्यु कुमार,चितरंज कुमार,अरविन्द कुमार,विमलेश कुमार ,हरिहर प्रसाद ,मुकेश कुमार अंगरक्षक छोटू कुमार उपस्थित थे।

प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रेन वेलफेयर संगठन के लोग उपमुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रेन वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष कुशवाहा चंदन। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार, ज्ञान विहार के डायरेक्टर केदार प्रसाद सिन्हा ,अमरेश कुमार,धीरेंद्र मिश्रा,विनय पंडित ,रवि कुमार सहित कई सम्मानित शिक्षक एवं स्कूल के प्रबंधक उपस्थित रहे ।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष कुशवाहा चंदन ने बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अवगत कराया कि आर टी के तहत नामांकित बच्चों का प्रतिपूर्ति राशि 2019 से लेकर 2024 तक बकाया राशि अरवल जिला के सभी विद्यालय प्रबंधकों को उपलब्ध कराया जाए।

सरकार के दिशा निर्देश पर हम सब प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक 25% आर टी के तहत बच्चों का नामांकन करते हैं लेकिन इन बच्चों का प्रतिपूर्ति राशि सरकार के द्वारा उपलब्ध नहीं कराने से विद्यालय की आर्थिक स्थिति खराब होती है जिससे अन्य विद्यार्थियों का भी पठन-पाठन पर असर पड़ता है इस लिए सरकार इस पर गंभीरता से विचार करे।

उपेंद्र नाथ अश्क के 110वीं जयंती पर साहित्य संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था सामयिक साहित्य संवाद के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार उपेंद्रनाथ अश्क की 114वीं जयंती पर साहित्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्राचार्या सुमन कुमारी के नेतृत्व में संवाद करते हुए संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि आधुनिक हिंदी साहित्य में उपेंद्रनाथ अश्क ने गद्य एवं पद्य दोनों ही विधाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर साहित्य को एक नई दिशा देने का कार्य किया था। साहित्य की सभी विधाओं नाटक,काव्य कहानी,एकांकी, उपन्यास संस्मरण सब में लेखक ने उत्कृष्ट रचनाओं को गति प्रदान की थी। उपन्यास गिरती दीवारें आधुनिकता की तलाश में संभावना खोजती है तो कहानी संग्रह जुदाई की शाम के गीत अत्यंत ही सारगर्भित कहानी को नई राह दिखाती प्रतीत होती है। लौटता हुआ दिन नाटक में लेखक ने अतीत को वर्तमान से जोड़ने का प्रयास किया है तो नया पुराना एकांकी के माध्यम से साहित्य के मनोविश्लेषणात्मक पहलुओं को उजागर करने का कार्य किया है। लेखक के उत्कृष्ट साहित्यिक कार्य करने पर सोवियत लैंड पुरस्कार एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।उनके नाटकों में संवेदनशीलता के साथ-साथ आम आदमी के आवाज को उठाने का प्रयास किया जाता है।संवाद के मौके पर सुजीत कुमार सिंह,राणा सुनील सिंह,पवन कुमार सिंह, राहुल कुमार,जितेंद्र कुमार सिंह ने विशेष सहभागिता निभाई।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पत्रकार को दी धमकी

■ वीईओ ने की थी विद्यालय की जांच इसके बाद छपी थी खबर

कुर्था (अरवल) विगत दिनों प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फूलसाथर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी परशुराम कुमार द्वारा विद्यालय का आवश्यक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई प्रकार की खामियां देखी इसके बाद उन्होंने पत्रकारों को उक्त विद्यालय के निरीक्षण के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों की अनुपस्थिति से लेकर विद्यालय में एमडीएम विद्यालय के जर्जर भवन में बच्चों की पढ़ाई प्रधानाध्यापक द्वारा एमडीएम का सही रिपोर्ट ना देना विद्यालय के चावल आपूर्ति में मनमाना आकलन समेत विभिन्न प्रकार के कर्मियों को लेकर उन्होंने पत्रकारों को इस मामले की जानकारी दी थी जिसके बाद हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार संजय सोनार द्वारा खबर प्रकाशित की गई बस क्या था दूसरे ही दिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार उक्त पत्रकार पर आग बबूला हो गए और गाली गलौज के साथ जान मारने की धमकी तक दे डाली और यह सब घटना घटी कुर्था बाजार में जहां कई लोगों की भीड़ भी लग गई हालात युक्त मामलों को लेकर पत्रकार संजय सोनार ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी इस बाबत कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पूछताछ के लिए थाना में बुलाया गया है।

सुधीर दुबारा चुने गए भाजपा के कुर्था मंडल अध्यक्ष

कुर्था (अरवल)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के डाक बंगला परिसर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक में एमएलसी जीवन कुमार व भारतीय जनता पार्टी के अरवल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष चुनाव प्रभारी आशुतोष शंकर सिंह के द्वारा कुर्था व बंसी के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमें सुधीर शर्मा को दोबारा कुर्था मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया जबकि बंसी प्र-खंड से रिंकू कुमारी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया वही उपाध्यक्ष के पद पर रंजय कुमार, रामप्रवेश सिंह को किसान मोर्चा के जिला मंत्री, शिवजन्म सिंह उपाध्यक्ष, संजय कुमार को महामंत्री मनोनीत किया गया।

लालूराज में आईएएस अधिकारी की पत्नी भी नहीं रहती थी सुरक्षित : जीवन कुमार

कुर्था (अरवल)। बिहार के न्याय पसंद मुख्यमंत्री पर उंगली उठाने वाले लालु यादव यह नहीं जानते कि बिहार में जब उनकी सरकार थी तो आ-ईएएस अधिकारी की पत्नी भी सुरक्षित नहीं रहती थी उक्त बातें शनिवार को कुर्था प्रखंड के डाक बंगला परिसर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित बैठक के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए एमएलसी जीवन कुमार ने कही उन्होंने कहा कि आज जो लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर उंगली उठा रहे हैं तो उन्हें याद दिलाना चाहूंगा कि चंपा विश्वास जो एक आईएएस अधिकारी की पत्नी थी उनके साथ बलात्कार हुआ था उनके सरकार में साथ ही गौतम शिल्पी कांड में किस तरह से अपराधियों को उनके सरकार में संरक्षण मिल रहा था यहां तक की लाश का पता भी नहीं चलने दिया इन लोगों ने इस विषय पर चर्चा नहीं करते की किस तरह से हमारे सरकार में गौतम शिल्पी कांड हुआ करता था और किस तरीके से यहां आईएएस अधिकारियों के पत्नी के साथ बलात्कार होता था और उसको संरक्षण देने का काम उनके सरकार ने किया था उनके सरकार में एक आईएएस की बीवी भी सुरक्षित नहीं थी और पावर हाउस में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य करते थे उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले पर चर्चा करनी चाहिए थी कि किस तरीके से हमारे सरकार में एक आईएएस की बीवी सुरक्षित नहीं रहती थी और वह उंगली उठा रहे हैं बिहार के न्याय पसंद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जबकि उन्हें इस तरह का गैर जिम्मेदाराना बयान देने का कोई हक नहीं है।

फिन वन यंग इंडियंस सेविंग हैबिट्स आउटलुक 2024 जारी

पटना/नई दिल्ली। एंजल वन लिमिटेड की डिजिटल-फर्स्ट पहल फिन वन ने अपना फिन वन यंग इंडियंस सेविंग हैबिट्स आउटलुक 2024 जारी किया है, जो पूरे भारत में मिलेनियल्स और जेन जेड के विकसित होते वित्तीय व्यव-हारों पर प्रकाश डालता है। रिपोर्ट के लिए डेटा प्रमुख शोध फर्म, नीलसन मीडिया द्वारा संकलित किया गया था। रिपोर्ट में आसनसोल के युवा निवासियों के बीच बचत पैटर्न, निवेश वरीयताओं और वित्तीय आदतों पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव की जांच की गई है। निष्कर्षों से एक मजबूत बचत संस्कृति का पता चलता है, जिसमें 96% लगातार बचत करने वालों के रूप में पहचाने जाते हैं, और सावधि जमा सबसे लोकप्रिय बचत विकल्पों में से एक है।आसनसोल के युवा निवेश विकल्पों के बारे में उच्च जागरूकता प्रदर्शित करते हैं, 92% शेयरों से परिचित हैं और 72% उन्हें प्राथमिक निवेश के रूप में पसंद करते हैं। एंजेल वन के उपाध्यक्ष पार्थ धर ने कहा, आसनसोल के युवा वित्तीय नियोजन के प्रति समग्र दृष्टिकोण रखते हैं तथा वे सावधि जमा जैसे पारंपरिक बचत विकल्पों और उच्च दर वाले शेयर निवेश को अधिक प्राथमिकता देते हैं।

अमित ने जन्मदिन मनाया स्लम बच्चों के साथ

पटना। करुणा सिंधु के संस्थापक अमित कुमार ने अपना जन्मदिन पटना के दिनकर गोलंबर स्थित स्लम क्षेत्र के बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें केक, चॉकलेट, कॉपी, कलम तथा गर्म कपड़े वितरित किए। अमित कुमार ने बच्चों को शिक्षा के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया और कहा कि जब भी इन बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी किसी सामग्री की आवश्यकता होगी, वे हमेशा उनकी मदद करेंगे। इस मौके पर निरंजन कुमार, विश्वजीत कुमार, आलोक, आर्यन, अभिजीत और स्लम बस्ती के सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

देहरादून मिलिट्री अकादमी में गया के लाल ने लहराया परचम

गया।मानपुर प्रखंड स्थित ग्राम गेरे निवासी जितेंद्र मोहन सिंह व नित्या सिंह के एकमात्र पुत्र चंद्र प्रकाश गर्ग ने भारतीय सेना के इंजीनियरिंग कोर में कमीशंड ऑफि सर पद पर चयनित होकर अपने परिवार के साथ साथ अपने पैतृक गाँव गेरे और गया जिला का नाम रौशन किया है। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में जब चंद्र प्रकाश ने भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा की शपथ ली तो उनके माता पिता की बहुप्रतीक्षित इच्छा पूर्ण हुई है।

थाने में लगी जनता दरबार में आए कई मामले

कुर्था (अरवल) राज्य सरकार के निर्देश पर भूमि विवाद जैसे मामलों पर आए दिन विभिन्न जगहों पर घट रही मारपीट व कई अप्रिय घटना को लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक थानों में जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष को दी थी ताकि भूमि विवाद जैसे मामले को थाने में निष्पादन कर दिया जाए इसी के कड़ी में शनिवार को कुर्था थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में शनिवार को एक नए मामले आए जबकि तीन पुराने मामले पूर्व से ही थे हालांकि जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी रितिका कृष्ण के छुट्टी पर चले जाने के कारण चारों मामले पेंडिंग हो गए ।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला कार्यालय में कार्यशाला हुआ आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सदस्यता पर्व पर्यवेक्षक लाल सिंह आर्य ने औरंगाबाद भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यशाला के बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सह विधायक राणा रणधीर सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह उपस्थित रहे।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर देश में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी। कार्यकताओं ने त्याग, बलिदान सहकर संगठन का विस्तार किया।संगठन में सभी को साथ लेकर भाजपा को आगे बढ़ाने का काम करें।भारतीय जनता पार्टी सदस्यता पर्व अभियान की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा को आगे बढ़ाने में कार्यकताओं की अहम भूमिका रही हैं। पूरे देश में 12 करोड़ सदस्य बनाकर भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में कार्यकताओं का अहम योगदान रहा है।भाजपा की सदस्यता की समीक्षा बैठक से पूर्व संगठन के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक का शुरूआत किया गया।कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत करके घर-घर जाकर भाजपा का सदस्य बनाया।पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने कहा कि 2014 से मजबूत सरकार बनी है।भाजपा के समर्पित कार्यकताओं का ही देन है कि नरेन्द्र मोदी ने देश के इतिहास को पिछले कुछ वर्षों में बदल कर पूरे देश को विकास की ओर अग्रसर कर दिया।पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा भाजपा संगठन का चुनाव एक पर्व की तरह मनाया जा रहा है और इस बार चुनाव की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को तत्पर रहकर काम करना होगा।कार्यकताओं से आग्रह हैं कि जल्द से जल्द बूथ कमेटी का गठन कर सदस्यता पर्व में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस मौके पर जिला महामंत्री मुकेश सिंह,संजय गुप्ता,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,पुरषोतम सिंह,जिला उपाध्यक्ष विशाल वैभव टैगोर,जुलेखा खातून,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा,जिला मंत्री धर्मेन्द्र शर्मा,विजेन्द्र चन्द्रवंशी,महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता सिंह,भाजपा नेता अशोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,शुभम सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह वसु एवं जिला पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

लोजपा रामविलास अगले साल रैली सफल बनाने पर की चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।प्रधान कार्यालय लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के गया पार्टी प्रधान कार्यालय में बैठक किया गया है ।इस बैठक के अध्यक्षता समीक्षा कार्यावयन समिति के मगध प्रमंडल के प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह के द्वारा किया गया है।इस बैठक में जिला के तमाम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं गणमान्य पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमें जिला से लेकर बूथ स्तर तक तमाम बिंदुओं पर समीक्षा एवं सुझाव दिया गया है ।

इसके साथ ही सभी प्रखंड में प्रभारी, सह प्रभारी नियुक्ति किया गया एवं 2 मार्च को गाँधी मैदान पटना में रैली का तैयारी करते हुए और कार्यकताओं का मार्गदर्शन देते हुए अरविन्द कुमार सिंह राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी,मनोज कुमार सिंह गया जिला विधानसभा सह प्रभारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, ठाकुर सुमन सिंह, सुबोध सिंह, अम्बिका सिंह, निर्भय कुमार, अमन त्रिपाठी,राजकिशोर पासवान, धनश्याम पासवान,नवल किशोर सिंह, योगी पासवान, भोला पासवान,अंग्रेज पासवान, हिर्दय शर्मा आदि शामिल हुए हैं। वही इधर जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने अपने गया जिला के सभी टीम के साथ अरविंद कुमार सिंह को मगध प्रमंडल का प्रभारी बनने पर माला पहना कर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आपस में तालमेल बैठकर पार्टी के संगठन को जिला से बूथ अस्तर तक मजबूत करूंगा । इस कमेटी का आप पूर्ण रूप से जांच कर ले और जहां कमी है वहां हम लोगों को मार्गदर्शन देते हुए कमेटी को और भी सुदृढ़ बनाने में हम लोगों को सहयोग करें।इस मौके पर लोजपा रामविलास के जिला उपाध्यक्ष सान्तनु कुमार को बनाया गया है ।

विनय कुमार को बिहार डीजीपी बनने पर खुशी

गया। बिहार के नवयुक्त डीजीपी विनय कुमार को नियुक्त किए जाने पर भाजपा सहित गया जिले के समाजिक लोग ने खुशी जाहिर की है।गया मे रहते विनय कुमार अच्छी कार्यशेली के कारण पुलिस बलो में सक्रियता बढेगी तथा अपराधियों में खोफ कायम होगा, खुशी जाहिर करने वाले मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, जैनेन्द्र कुमार,कौशल शर्मा,हरे राम सिंह,हरी मांझी,ई नंदलाल मांझी,रोमीत कुमार, शांति निकेतन एकेडमी के निदेशक हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू जी,प्रेम सागर,डा मनिष पंकज मिश्रा, कमलेश सिंह, संतोष सिंह,रोमीत कुमार आदी उपस्थित थे।

गांधी मैदान में 50 से अधिक जरूरतमंद लोगों को मिली कंबल से राहत

प्रातः किरण संवाददाता

पटनाः गांधी मैदान में रात के 12 बजे का समय था। ठंडी हवा और शीतलहरी से लोग कांप रहे थे, लेकिन इस ठंड में भी दर्जनों लोग खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर थे। इसी बीच, एक नेक पहल हुई, जिसमें लीगल ओपेरा और करुणा सिंधु संस्था के सदस्य सामने आए और उन सभी जरूरतमंदों को कम्बल बांटे, जो सर्दी से ठिठुर रहे थे। इस पहल का उद्देश्य स्पष्ट था, सर्दियों में बेघर और गरीब लोगों को गर्मी की राहत देना। संस्था के सदस्य रात के अंधेरे में बिना किसी प्रचार-प्रसार के उन लोगों तक पहुंचे, जो शायद ठंड में अपने घरों से बाहर थे और किसी मदद के बिना सर्दी में जूझ रहे थे। इस दौरान संस्था के कार्यकताओं ने गांधी मैदान के विभिन्न हिस्सों में जाकर लगभग 50 से अधिक गरीबों और असहायों को गर्म कम्बल प्रदान किए। संस्था के एक सदस्य ने बताया, हमारा मुख्य उद्देश्य यह था कि जिन लोगों के पास रात में सोने के लिए आश्रय नहीं है, उन्हें सर्दी से बचने के लिए कम्बल दिया जाए। यह हमारी छोटी सी कोशिश है, ताकि इन लोगों को ठंड से राहत मिल सके। यह कदम न केवल स्थानीय समाज के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा, बल्कि यह भी दशार्ता है कि समाज के हर वर्ग को एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए, विशेषकर उन लोगों के लिए जो किसी कारणवश खुद को सहायता से वंचित पाते हैं। इस प्रकार की पहलें सामाजिक जिम्मेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करती हैं, जो न केवल जरूरतमंदों की मदद करती हैं, बल्कि समाज में सामूहिक एकजुटता को भी बढ़ावा देती हैं। गांधी मैदान के उस समय शांत वातावरण में, कम्बल लेने वाले लोगों के चेहरे पर थोड़ी सी राहत और मुस्कान दिखी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि छोटी सी मदद भी किसी की ज़िंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है।

विधिक सेवा प्राधिकार के लोक आदलत में 449 मामलों का किया गया निष्पादन

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। बिहार विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार एवम जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के आदेशानुसार आज अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर शेरघाटी में दो बेंच का गठन किया गया। बेंच नम्बर 15 में सब जज प्रथम रंजय कुमार एवम पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार वहीं बेंच नम्बर 16 में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कल्पना भारती एवम पैनल अधिवक्ता बलबंत कुमार शामिल हुए।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 143 सुलहनीय प्रकृति के मामलों का निष्पादन किया गया. साथ ही बैंक लोन के कुल 449 वाद का निपटारा किया गया जिसमें 9499243 रुपये की समझौते राशि पर वादों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया। कुल इस लोक अदालत में 592 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक के अलावे वन विभाग एवम माप तौल विभाग, बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

।जिला जज प्रथम दीपक कुमार, अरढ शेलेन्द्र सिंह एवम बेंच न्यायिक पदाधिकारीगण एवम पैनल अधिवक्तागण ने सयुंक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला जज प्रथम ने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से मामलों का निष्पादन होने से आमजनों को काफी राहत मिलती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में एक ही मंच पर जहां सभी विभाग के सुलहनीय मामलों का त्वरित निपटारा किया जाता है और निष्पादित मामलों को कहीं चुनौती भी नहीं दी जा सकती है.

जिला जज प्रथम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ऋणी बबिता देवी के लोन में 1000 रुपये का योगदान देकर उनका लोन खत्म करवाने का निर्देश डित।अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति कर्मचारी मनीष प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी पक्षकार की हार, जीत नहीं होती बल्कि मामलों का निराकरण पक्षकारों के आपसी सुलहनामे तथा आवश्यकता के आधार पर किया जाता है. समझौता हो जाने पर पक्षकारों को सुनवाई के लिए आने-जाने में होने वाली खर्च की बचत होती है।

नासरीगंज पुलिस ने ट्रक लूट कांड का 12 घंटे के अंदर किया सफल उद्भेदन,एसपी ने प्रेसवार्त में किया खुलासा

प्रातः किरण संवाददात

नासरीगंज(रोहतास) : नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर नासरीगंज सोन पुल पर मसूर दाल लदे ट्रक लूट कांड का उदभेदन स्थानीय पुलिस ने 12 घंटे के अंदर कर लिया । ट्रक का चालक ही निकला लूटकांड का सरगना और अपने खलासी के साथ लूटकांड को अंजाम दिया । इस सम्बंध में स्थानीय थाना में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी रौशन कुमार ने बताया कि उक्त कांड का उदभेदन कर लिया गया है । लूट कांड का शातिर ट्रक चालक ही निकला । इस सम्बंध में कांड के उदभेदन हेतु एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । जिसमें नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार व डीआईयू की टीम को शामिल किया गया । गठित टीम द्वारा ट्रक चालक योगेंद्र यादव से पूछताछ करने पर संदेह उत्पन्न होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने व सह चालक सह खलासी दीनानाथ ओझा द्वारा बनाई गई उक्त मसूर दाल से लदे ट्रक लूट की योजना का पदार्फाश करते हुए बताया कि दोनों ने लूटी गई दाल अपने एक अरवल निवासी साथी से बेचने की योजना बनाई । उक्त घटना का स्थान सुनसान दाउदनगर पुल सड़क का चयन किया । चालक ने बताया कि सुनियोजित योजना के अनुसार उसने ट्रक पर लदे दाल को खलासी के मित्र अरवल निवासी शेखर कुमार उर्फ धन्नू शर्मा के यहां बेच दिया और ट्रक को अरवल में सड़क के किनारे खड़ा कर छोड़ दिये और नासरीगंज थाना आकर ट्रक की मनगढ़ंत कहानी बनाते हुए प्राथमिकी कराया । वैज्ञानीक अनुसंधान के माध्यम से ट्रक संख्या डब्लूबी 788279 को अरवल जिला के मेहंदिया से बरामद किया गया है और उसपर लदा हुआ 25 टन दाल 366 बोरा तथा 750 प्लास्टिक का बोरा बरामद किया गया है । उक्त कांड के मुख्य आरोपी ट्रक चालक भोजपुर जिला के बिहियां थाना क्षेत्र के पहरपुर निवासी योगेंद्र यादव और उसका साथी अरवल जिला के तेलपा थाना के पमभई गांव निवासी शेखर कुमार उर्फ धन्दू शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । उक्त कांड में शामिल खलासी समेत अन्य को भी पुलिस शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी । ट्रक के चालक ने 10 दिसंबर को ही यूपी के बहराईच से दाल लोड करते ही लूट की योजना बनाया एवं लूट स्थल का चयन कर लिया था । पुलिस ने इसे त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का उदभेदन कर लिया है । उक्त टीम के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी पुरस्कृत किये जाएंगें । एसपी ने बताया कि रोहतास में अपराधियों की एक नहीं चलने दिया जाएगा । अपराधियों पर नकेल कसने के लिये रोहतास पुलिस 24 घंटे तत्पर है । उक्त लूट कांड का 12 घंटे के अंदर उदभेदन करने को ले पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है । बताते चलें कि गत शुक्रवार को नासरीगंज दाउदनगर पुल से मसूर दाल लदे ट्रक लूट कांड की प्राथमिकी ट्रक चालक ने कराई थी । जिसका कांड संख्या 414/24 अंकित की गई थी ।

न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में 133 मामलों का किया गया निपटारा

प्रातः किरण संवाददात

बेनीपुर(दरभंगा)।न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 133 मामलों के निपटारे के साथ 63 लाख 14 हजार 544 रुपये का समझौता हुआ। बेंच संख्या एक पर एसीजेएम संगीता रानी एवं पैनल अधिवक्ता मो. हैदर अली ने 12 आपराधिक वाद, एक विद्युत विभाग का वाद, तीन ग्राम कचहरी के मामले के अलावा 54 बैंक ऋण संबंधी मामले का निष्पादन सुलह समझौता के आधार पर कराया। जिसमें एसबीआई के 51 मामलों में 40 लाख 43 हजार 470 रुपये का, बैंक आफ इंडिया के एक मामले में 53 हजार का एवं सेंट्रल बैंक के दो मामले में 24 हजार 600 रुपये का समझौता हुआ।

वहीं विद्युत विभाग के मामले में 4 हजार रुपये जमा किया गया। दूसरे बेंच पर एसडीजेएम अनुराग तिवारी एवं पैनल अधिवक्ता रौशन कुमार मिश्र ने 21 आपराधिक वाद, दो विद्युत विभाग के वाद, 7 दूरसंचार के मामले के अलावा 33 बैंक ऋण संबंधी मामले को निपटाया। ग्रामीण बैंक के 19 मामलों में 16 लाख 96 हजार 650 रुपये, पीएनबी के 14 मामलों में 4 लाख 78 हजार एक सौ रुपये का समझौता हुआ। वहीं विद्युत विभाग के वाद में आठ हजार रुपए जमा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एसीजेएम संगीता रानी के अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि लोगों ने राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी अधिवक्ताओं, अधिकारियों, अधिवक्ता लिपिकों आदि का पूरा सहयोग मिला।

राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 633 मामले, एक करोड़ इकहत्तर लाख छिहत्तर हजार आठ सौ का हुआ रिकवरी

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) ।व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 633 मामले का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसीजेएम द्वितीय राजीव कुमार, एसीजेएम तृतीय विजयंत कुमार सिंह , मुंसफ स्वयं श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी महादेव एवं न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।उसके बाद लगाए गए राष्ट्रीय लोक अदालत के टेबल पर सम्बंधित विभाग के लोग पहुंच कर अपने-अपने शुलहनिय वादों का निपटारा कराने में लग गए ।इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय लोक अदालत प्रभारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि प्री लिटिगेशन श्रेणी के अंतर्गत कुल 441 मामले निपटाए गए। सबसे ज्यादा 420 बैंक रिकवरी मामले शामिल थे। जिन में 1.50 करोड रुपए की राशि का सेटलमेंट किया गया। इसके अतिरिक्त बिजली बिल से संबंधित मामले का भी समाधान किया गया। जिसमें 2.57 लख रुपए की वसूली की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में 192 विचाराधीन मामलों का भी निपटारा हुआ। इसमें प्रमुख रूप से 153 क्रिमिनल कंपाउंड टेबल मामले और 39 रिकवरी मामले शामिल है। इन मामलों में कुल 19 . 23 लाख रुपए का सेटलमेंट राशि तय की गई। शनिवार को आए कुल मामलों में सेटलमेंट की कुल राशि 1.71 करोड रुपए है। लोक अदालत के सदस्य अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि लोक अदालत में मामलों का समाधान द्विपक्षीय समझौता के माध्यम से किया जाता है ।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र उदाकिशुनगंज से 35 किमी दूर किए जाने को ले छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्विद्यालय मधेपुरा के द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा उदाकिशुनगंज अनुमंडल से 35 किलोमीटर दूर किए जाने को लेकर छात्र-छात्राओं ने आक्रोश व्यक्त किया है। बीएनएमयू के कुलसचिव को छात्रों ने आवेदन देकर आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के मुताबिक उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित हरिहर साहा महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष आदित्य कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को कुलसचिव को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन पत्र में छात्रों ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा का केंद्र इस भीषण ठंड में 35 किलोमीटर दूर कर दिया गया है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि 19 दिसंबर से घोषित कर दी गई है। जैसे ही परीक्षा केंद्र को लेकर पत्र जारी की गई तमाम छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। मालूम हो कि उदाकिशुनगंज मुख्यालय में बीते कई वर्षों से स्नातक के विभिन्न खंडो की परीक्षा के आयोजन होता रहा है। बीएसएस चंद्रकांता कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया जाता रहा है। इस बार भीषण ठंड के बावजूद भी परीक्षा विभाग ने उक्त केंद्र को बदलकर केपी कॉलेज मुरलीगंज कर दिया। इसके अलावा पुरैनी के कडामा स्थित यूभीके कॉलेज कडामा का परीक्षा केंद्र हटाकर उसे नव संबंधन प्राप्त रामखेलावन झड़ी लाल डिग्री महाविद्यालय खुरहान को बना दिया गया है। मालूम हो कि यूभीके कॉलेज कडामा के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है।

इसके अलावा हरिहर साहा महाविद्यालय और चंद्रकांता कॉलेज के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र लगभग 25 किलोमीटर दूर खुरहान कॉलेज को बनाया गया है। उक्त परीक्षा केंद्र में फेर बदल करने से आक्रोशित छात्र नेता आदित्य कुमार के नेतृत्व में तमाम छात्र-छात्राओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं छात्र कल्याण अध्यक्ष को आवेदन देकर पूर्व की भांति परीक्षा केंद्र अनुमंडल मुख्यालय में परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग की है। छात्र नेता आदित्य कुमार ने बताया कि जो भी नए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,वह तमाम परीक्षार्थियों के लिए परेशानी का सबब बनेगा।

क्योंकि दोनों ही परीक्षा केंद्रों पर जाने के लिए सड़के काफी जर्जर हैं तथा यातायात के परिचालन भी काफी कष्टदायक है। आवेदन देने वालों में छात्र नेता आदित्य कुमार के अलावा नेबिन खातून, सिंधु कुमारी, बॉबी कुमारी, सबीना खातून, हिना कुमारी, नेहा कुमारी, सखिया प्रवीण, अंशु कुमारी, बिना कुमारी, निशा कुमारी, गगन कुमार, प्रियंका कुमारी, उदित कुमार, सिंटू कुमार, नंदिता कुमारी, अंशु कुमारी, कोमल कुमारी, अनु प्रिया, सादिया बानो, प्रिया भारती, निशु कुमारी वह अन्य सेकड़ो छात्र शामिल हैं।

रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ हुई मारपीट

जमुई [झाझा] पुराने जमीन विवाद के रंजिश में शनिवार को गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति को उसी गांव के अन्य एक व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के बुढनेर गांव का है। मारपीट में घायल की पहचान जगदीश यादव के रूप में हुई है जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया। घायल के पुत्र ने कहा की कई वर्ष पहले जमीन को लेकर गांव के ही कुशल यादव से विवाद हुआ था जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है और इसी रंजिश को लेकर उसने मेरे पिता के साथ लोहे के रॉड, लाठी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया की इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई है।

फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

गिद्धौर। गिद्धौर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर एक अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जानकारी के अनुसार सोनो थाना क्षेत्र के तेलिया छेराठ गांव निवासी संतोष मुर्मू को न्यायालय से निर्गत अजमानतीय वारंट के आधार पर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उक्त अभियुक्त गिद्धौर थाना कांड संख्या 144/ 24 में फरार चल रहा था। उक्त अभियुक्त को एएसआई उमेश कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया।

मैत्री करुणा नेत्रालय गिद्धौर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया जाएगा आयोजन

गिद्धौर ।नेत्र मरीजों के लिए अपने इलाज के लिए अब कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। गिद्धौर में नेत्र रोगियों के बीच निःशुल्क सेवा दे रहे मैत्री करुणा नेत्रालय जमुई जिले के दो प्रखण्डों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करेगी।

गिद्धौर स्थित मैत्री करुणा नेत्रालय के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ब्रिज भूषण के मुताबिक आगामी 14 जनवरी 2025 तक खैरा और सिकंदरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नेत्र जांच शिविर आयोजित करेगी। खैरा प्रखंड के हरनी में 17 को,अरुणबाक पंचायत में 19 दिसंबर,भीमायन में 24 दिसंबर को, हरखार पंचायत में 26 व 31दिसंबर तथा 02 जनवरी 2025 को रोपावेल में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित की जाएगी। वहीं, 07 जनवरी को बिशनपुर,कुबार्ताड, 09 जनवरी को सिकंदरा के बिछबे रघुनाथपुर, व 14 जनवरी को सबलबीघा कोडासी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल डायरेक्टर डॉ ब्रज भूषण ने स्थानीय लोगो को ठंड में अपने आंखों का ख्याल रखने की नसीहत देते हुए, इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

गिद्धौर के तारडीह गांव से एक अजमानतीय वारंटी को किया गया गिरफ्तार

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के तारडीह गांव से गिद्धौर पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर एक अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तारडीह गांव निवासी सुरेश दास को न्यायालय से निर्गत अजमानतीय वारंट के आधार पर थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

रूपए बंटवारे को लेकर आशा से मांगा स्पष्टीकरण

जमुई [झाझा] । शुक्रवार को झाझा रेफरल अस्पताल में परसूता की मां से आशा के दौरा लिए गए पैसे को अस्पताल कर्मी के बीच बांटने के दौरान हुए हंगामा ने अवेध वसूली का पोल खोल कर रख दिया है। वसूली का मामला अब तूल पकड़ने लगा है मामले में बीसीएम पंकज कुमार ने बलियाडीह पँचायत के आशा मानती देवी के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए जल्द से जल्द जवाब देने को कहा गया है। अब देखना यह होगा की अस्पताल प्रशासन के द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। अवैध वसूली की इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग के सभी दाबे का पोल खोल कर रख दी है।

बालू माफिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमुई [झाझा] । पुलिस ने अवैध बालू उठाव करने के मामले में चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुअनि कुंज बिहारी के द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन में बताया कि सुबह गश्ती के दौरान सूचना मिला कि जामूखरैया उलाय नदी घाट से एक लाल रंग के ट्रैक्टर में बालू उठाव कर केशोपुर की ओर जा रहा है जिसके बाद जब पुलिस टीम के साथ केशोपुर पहुंचा तो ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर सड़क किनारे बालू गिरा दिया जिसके बाद चालक को पकड़ा गया तो उसने अपना नाम बताते हुए पुलिस पर अपना रौब दिखाते हुए वाहन लेकर भागने लगा जिसके बाद चालक के द्वारा एक खाली स्कूल की गाड़ी में टक्कर मार दिया जिसे फिर पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। चालक को पकड़ने के बाद पुलिस को केस करने पर चौबीस घण्टे के अंदर बता देने की बात करते हुए मैं कितना खराब आदमी हूँ कहने लगा। जब चालक से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने अपना नाम सोनू कुमार उर्फ सानू कुमार बताया। वही ट्रैक्टर से एक कुदाल भी पुलिस ने बरामद किया।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,मरीजों को दी निःशुल्क दवाएं

बिक्रमगंज (रोहतास) । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रमगंज के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार ने किया । 500 से अधिक मरीजों की जांच कर दवा दी गई । शिविर की लोगों ने खूब सराहना की । करीब 50 बच्चे जो शून्य से पांच साल तक के थे , उनका टीकाकरण कराया गया । साथ ही आयुष्मान कार्ड करीब 10 लोगों का बनाया गया । गुलजारबाग मोहल्ला के सामुदायिक भवन में डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय,डॉ.अंकिता मित्तल, डॉ.प्रवीण प्रसाद,डॉ. राम विलास चौधरी ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की । इस दौरान अधिकतर बुखार,ब्लड प्रेशर, उल्टी-दस्त,शुगर ,जोड़ों के दर्द, गठिया,पोलियो,टेटनस ,खसरा, गोलघोटू, टीबी,पीलिया दिमागी बुखार,डायरिया आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज अपनी जांच कराने व दवा लेने आए ।

जिला परिषद की बैठक में जिला पार्षद भीम यादव ने बड़हरा प्रखंड अपनी मांगों को लेकर जिला परिषद में किया प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिला परिषद के साधारण बैठक में जिला पार्षद भीम यादव ने बड़हरा के खवासपुर महुली घाट पर पिपा पुल निर्माण कराने, मनी राय के टोला, जवईनियां,केवटिया, मझौली और हेतमपुर के पास गंगा में हो रहे कटाव का स्थाई समाधान, पवट से बेलवनियां बाजार के तरफ जानेवाली पी सी सी सड़क का निर्माण, धोबहा से बसंतपुर होते हुए सार सिवान तक सड़क निर्माण, कायमनगर से लवंग बाबा के मठिया होते हुए दौलतपुर बोरिंग तक सड़क निर्माण, जिला परिषद के गत बैठक में उठाए गए मामलों पर अनुपालन नहीं होने पर नाराजगी जताई और साथ ही जिला परिषद के भुमि में आय स्त्रोत बढ़ाने के लिए पुस्तकालय का निर्माण कराने से जिला परिषद का राजस्व भी बढ़ेगा और गांव के इलाके में पठन पाठन का खुशनुमा माहौल कायम होगा।

32 वें फ्लावर शो लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित किया जाएगा : राघवेंद्र कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। नाका 6 स्थित अहिल्या रामकृष्ण कुटी में उत्तरी बिहार उद्यान समिति की प्रेस वार्ता की गई। सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ लता खेतान ने कहा की हमारा आगामी फ्लावर शो जो लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी में 28 एवं 29 को आयोजित किया जाएगा। सैकड़ो प्रजातियों के हजारों गमले लोगों को लुभाने के लिए सुसज्जित किए जाएंगे जो विभिन्न पुष्प प्रेमियों द्वारा प्रदर्शनी के लिए दिए जाते हैं। सेक्रेटरी जनरल राघवेंद्र कुमार ने 32 वें फ्लावर शो की विशेषता के बारे में विस्तार से बतलाया। उन्होंने कहा कि अलग अलग प्रतिभागियों एवं 30 से ज्यादा स्कूलों के बच्चों की भागीदारी इस फ्लाव शो को और अद्भुत बनाएगी। 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रकृति आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है साथ ही प्रकृति के प्रति लोगों में रूझान पैदा करने के लिए बच्चों द्वारा रैली का भी आयोजन किया जाएगा। आम नागरिक भी मात्र एक गमले से इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं जो उन्हें 26 दिसंबर तक जमा करना होगा। फूलों की सजावट के साथ-साथ इस बार मुख्य आकर्षण में एक बड़ा सा फूलों से बना ग्लोब तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर संरक्षक डॉ रामबाबू खेतान, विनोद पंसारी, संजय जी, राजकुमार , मनोज डोकानिया, अतुल जी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन वरीय सदस्य नीरज खेरिया व धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव मनोज डोकनिया ने किया।

गंगा नदी में मछलियों के पुनर्स्थापन के लिए रिवर रैचिंग कार्यक्रम हुआ आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के महुली गंगा घाट पर जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में गंगा नदी में मछलियों के पुनर्स्थापन हेतु रिवर रैचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर, गंगा नदी तंत्र से नर और मादा प्रजनकों का संकलन कर, रानी गांव स्थित 5 स्टार मत्स्य हैचरी में प्रजनन कराया गया। इसके बाद, तैयार किए गए 10-12 ग्राम के मत्स्य अंगुलिकाओं को नदी तंत्र में पुनर्स्थापित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य नदी तंत्र में मछलियों की संख्या बढ़ाना, जैव विविधता को बढ़ावा देना और अविवेकपूर्ण मत्स्य दोहन के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही, यह ग्रामीणों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित करेगा।इस कार्यक्रम के माध्यम से नदियों के पारिस्थितिक तंत्र को प्रदूषण मुक्त और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर 3 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का किया शुभारंभ

मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित गौशाला परिसर में 3 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का शुक्रवार के शाम माननीय उपाध्यक्ष, बिहार विधानसभा -सह-माननीय विधायक, आलमनगर नरेंद्र नारायण यादव, सिंहेश्वर विधायक चन्द्रहास चौपाल, मधेपुरा जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, आईएएस प्रशिक्षु कृतिका मिश्रा, उप विकास आयुक्त, एडिएम, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री आम्रपाली कुमारी आदि पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शुक्रवार शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां सबसे पहले स्थानीय व क्षेत्रीय कलाकारों की प्रस्तुति हुई। इसके बाद कई फिल्मों में अपने गायन से लोगों का दिल जीतने वाले पार्श्व गायक विपिन सचदेवा अपने गायन से दर्शकों का मनोरंजन किया।

सुपौल की टीम को 115 रनों के अंतर से हरा कर मधेपुरा टीम ने की विजेता कप पर किया कब्जा

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसबीजेएस उच्च विद्यालय के खेल मैदान (स्टेडियम) में संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के पुण्यतिथि पर आयोजित उदाकिशुनगंज प्रीमियर लीग 2024 टी-20 क्रिकेट टूनामेंट का समापन हो गया है। फाइनल मुकाबला बाली एलेवन सुपौल और साकिब एलेवन मधेपुरा के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में साकिब एलेवन मधेपुरा की टीम ने बालि एलेवन सुपौल की टीम को 115 रनों के बाड़ी अंतर से हरा कर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में सुपौल टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। मधेपुरा टीम के कप्तान साकिब आयाज ने सुपौल के कप्तान का पहले बल्लेबाजी करने के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। मधेपुरा की ओर से पारी की शुरूआत प्रशांत और चाहत ने की। मधेपुरा का पहला विकेट महज चार रन के स्कोर पर प्रशांत के रूप में गिरा। मधेपुरा की ओर से राजेश सिंह ने 11 छक्के और सात चौके की मदद से महज 47 गेंद में 138 रन की नाबाद पारी खेली। जबकि इस्तिखार ने भी शतकीय पारी खेली।

पेट्रोल पम्प पर दिन दहारे पिस्टल दिखकर बाइक पर सवार 3 बदमाशों ने लूट की घटना को दिया अंजाम



मधेपुरा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखासन गांव में शनिवार को मधेपुरा-पतरघट मुख्य मार्ग के बगल में पेट्रोल पंप पर हथियार के बल पर बदमाशों ने नोजलमैन को पिस्टल दिखाकर रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गया ।बता दें कि बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। वहीं पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज मे कैद हो गया। दरअसल मामला सदर थाना क्षेत्र के सुखासन मुख्य मार्ग स्थित आर्या पेट्रोल पंप का है जहाँ बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं पीड़ित नोजलमैन टुनटुन कुमार ने बताया कि एक बाइक सवार तीन बदमाश पेट्रोल पंप पर पहुंचा और 599 रुपए का पेट्रोल बाइक में देने को कहा। पेट्रोल देने के बाद जब नोजलमेन ने उनसे रुपए की मांग की तो दो युवक हथियार सटा दिया और रुपए से भरा बैग छीन कर फरार हो गया। साथ हीं धमकी दी कि अगर हल्ला करोगे तो जान से मार देंगे। इसके बाद बदमाश वहां से भाग निकले। उन्होंने बताया कि बैग में करीब 34 से 35 हजार रुपए था। पीड़ित नोजलमैन ने सदर थाना में आवेदन देकर बदमाशों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले मे सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप के नोजलमैन से छीनतई की घटना संज्ञान मे आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बहुत जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हमारी सरकार बनने पर माई-बहिन मान योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देंगें : तेजस्वी यादव

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा के एक होटल में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहाँ है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता श्री यादव ने कहा कि मेरी यात्राओं के दौरान राज्य के हर हिस्से से हमें महंगाई से त्रस्त लोगों ने अपने अनुभव बताएं हैं। बढ़ती और व्यापक महंगाई के चलते घर-परिवारों को राहत की दरकार है।

बिहार की करोड़ों माताओं-बहनों के आशीर्वाद से आज हमने यह निर्णय लिया है और हमें ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 2025 में हमारी सरकार बनने पर हम माई-बहिन मान योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का कार्य करेंगे। नए बिहार के साथ समृद्ध महिला, सुखी परिवार का सपना भी सच होगा।

बिहार के नवनिर्माण की नींव महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरी है। हमारा मानना है कि जब महिलाओं को नकद हस्तांतरण मिलता है तो वे अपने परिवार की भलाई में अधिक पैसा निवेश करती हैं, जैसे पूरे परिवार के लिए पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवा, और बच्चों की शिक्षा। महिलाओं को सीधे लक्षित करके, हमारा ये कार्यक्रम घरेलू और सामुदायिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। इन नकद हस्तांतरणों का गुणक प्रभाव महत्वपूर्ण है। महिलाओं की बेहतर आर्थिक स्थिति पूरे परिवार और समुदाय के लिए लाभदायक हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार बनने के एक महीने के भीतर हम इस योजना को अमली जामा पहना कर बिहार की हर माता हर बहन को स्वांलबी, सुखी, समृद्ध, सम्पन्न, स्वस्थ और उनके जीवन को सुगम बनाने का कार्य करेंगे।आपका हर दुःख मेरे ज़िम्मे, बिहार की नई सरकार हमारी माता बहनों की सरकार होगी। क्यूँकि घर की महिला अगर सुखी समृद्ध होगी तो घर तरक़्क़ी करेगा, हर घर तरक़्क़ी करेगा तो पूरा गाँव तरक़्क़ी करेगा, पूरा गाँव तरक़्क़ी करेगा तो बिहार तरक़्क़ी करेगा।

मेरा हर संकल्प मैंने साकार किया है, हर कसम निभाई है, हर वचन पूरा किया है। मेरे 17 महीने के कार्यकाल में मैंने हर वो अपना वादा पूरा किया है जो मैंने अपनी जनता जनार्दन से किया था।प्रेस वार्ता में सांसद डॉ फैयाज अहम्मद, सांसद संजय यादव, पूर्व मंत्री मो अलीअसरफ फातमी, राजद जिला अध्यक्ष उदय शंकर यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष राकेश नायक, बद्री पुर्वे उपस्थित थे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025:

आईसीसी की मुहर, अब पाक से कोलंबो में मैच खेलेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। इस बात पर सैद्धांतिक रूप से इस बात पर सहमति हो गई है कि न तो भारत और न ही पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंट के लिए एक-दूसरे के देश की यात्रा करेंगे। ऐसे में भारत और पाकिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई में खेलेंगे जो 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, उन्हें 2 समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

पीसीबी ने कहा था कि वह हाइब्रिड मॉडल को तभी स्वीकार करने को तैयार है, जब भारत और पाकिस्तान को दिए जाने वाले सभी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए समान व्यवस्था की जाएगी। इसका मतलब है कि जब भारत 2025 महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा तो पाकिस्तान पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगा और तटस्थ स्थान पर उसके खिलाफ खेलेगा। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान, भारत घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला नहीं खेल पाएगा और इसके बजाय बड़े मुकाबले के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा।

आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि कल एक वर्चुअल बैठक है जिसमें आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ब्रिसबेन से जुड़ेंगे। उम्मीद है कि आईसीसी इसके बाद आधिकारिक घोषणा करेगी। फिलहाल हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने पर पीसीबी को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। भारत ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है। पाकिस्तान हालांकि पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए भारत आया था।

मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। 32 वर्षीय आमिर ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के कुछ ही महीनों बाद संन्यास लेने का फैसला किया है।

आमिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया,सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन अपरिहार्य होते हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

आमिर, जिन्होंने 2009 में एक विलक्षण किशोर के रूप में पदार्पण किया था, सभी प्रारूपों में अपने नाम 271 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर रिटायर हुए हैं - टेस्ट में 119, वनडे में 81 और टी20 में 71। उन्होंने पाकिस्तान के 2009 टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कई यादगार प्रदर्शन किए थे, जिसमें भारत के खिलाफ 2017 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनका मैच जीतने वाला स्पैल भी शामिल है। आमिर की प्रतिभा निर्विवाद थी, लेकिन उनका करियर विवादों से घिरा रहा।

पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे के दौरान कुख्यात 2010 स्पॉट फिक्सिंग कांड में उनकी संलिप्तता ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया। आमिर ने तत्कालीन कप्तान सलमान बट के निर्देशों के तहत लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान जानबूझकर नो-बॉल फेंकी। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा उजागर किए गए इस घोटाले के कारण आमिर को पांच साल के लिए क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया और बट और मोहम्मद आसिफ के साथ यूके में कुछ समय के लिए जेल की सजा काटनी पड़ी। प्रतिबंध पूरा करने के बाद, आमिर ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की और पाकिस्तान के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से 2017 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में।

साउथ अफ्रीका-पाकिस्तान:

अयूब की तूफानी पारी पर फिरा पानी

● पाकिस्तानी गेंदबाज 207 रन नहीं कर पाए डिफेंड ● हेंड्रिक्स का शानदार शतक

नईदिल्ली, एजेंसी। रीजा हेंड्रिक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 10वें साल में पहला टी20 शतक जड़ा। इसके चलते साउथ अफ्रीका ने अगस्त 2022 के बाद पहली बार द्विपक्षीय टी20 सीरीज अपने नाम की। आयरलैंड के खिलाफ जीत के बाद टीम 8 सीरीज खेली। ??टीम ने सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। मार्च 2023 में व्हाइट-बॉल कोचिंग की जिम्मेदारी संभालने के बाद रॉब वाल्टर की पहली टी20 सीरीज जीत भी है। इससे पहले सैम अयूब की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 206 रन बनाए। सैम अयूब ने 57 गेंद पर 11 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 98 रन बनाए। इसके अलावा बाबर आजम ने 20 गेंद पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। इरफान खान ने 16 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 30 रन बनाए।

वैन डेर डुसेन का अर्धशतक - साउथ अफ्रीका के लिए दयान गलीम ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा ओट्टनील बार्टमैन ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज लिंडे ने 28 रन देकर 1 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 117 और रास वैन डेर डुसेन ने 38 गेंद पर 3 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाग 66 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी महंगे साबित हुआ।

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : पहले दिन का खेल बारिश में धुला, आखिरी 2 सेशन में एक भी बॉल नहीं फेंकी गई : 28/0

ब्रिस्बेन, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरू होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।

शाकिब अल हसन को बड़ा झटका

बांग्लादेशी ऑलराउंडर के गेंदबाजी करने पर बैन

ढ़ाका, एजेंसी। शाकिब अल हसन को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने किसी भी टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने से बैन कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में लॉफबोरो यूनीवर्सिटी में स्वतंत्र परीक्षण के दौरान उनका एक्शन अवैध पाया गया था। शाकिब सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एकमात्र मैच खेले थे। तब उनके एक्शन पर अंपायरों ने सवाल उठाए थे। निलंबन को खत्म करने के लिए शाकिब को गेंदबाजी एक्शन का टेस्ट पास करना होगा। टेस्ट के दौरान उनकी कोहनी 15 डिग्री से ज्यादा नहीं मुड़नी चाहिए। निलंबन की आधिकारिक तिथि 10 दिसंबर है। इस दिन ईसीबी को लॉफबोरो यूनिवर्सिटी से मूल्यांकन के परिणाम प्राप्त हुए थे। सितंबर में टॉन्टन में सरे के लिए खेले गए उस मैच में शाकिब ने 9 विकेट लिए थे, जो 2010-11 के बाद से काउंटी क्रिकेट में उनका मैच था।

विवादों में शाकिब - हाल ही में, शाकिब विवादों में रहे हैं। बांग्लादेश में अब अपदस्थ अवामी लीग सरकार में सांसद थे। जुलाई-अगस्त में विरोध के बाद सरकार गिर गई थी। शाकिब ने टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है और बांग्लादेश भी नहीं जा पा रहे हैं। वे अपने परिवार के साथ अमेरिका में रहते हैं। वह अक्टूबर में मीरपुर में विदाई टेस्ट नहीं खेल पाए,क्योंकि ढाका में उनके पक्ष और विपक्ष में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उन्होंने तब से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

शाकिब अल हसन का करियर - शाकिब अल हसन ने टेस्ट में 71 मैच की 130 पारी में 37.77 के औसत से 4609 रन बनाए हैं। इसमें 5 शतक और 31 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 246 विकेट लिए हैं। 247 वनडे में 37.29 के औसत से 7570 रन बनाए हैं। उन्होंने 317 विकेट लिए हैं। 129 टी20 में 23.19 के औसत से 2551 और 149 विकेट लिए हैं।

वेस्टइंडीज से मुकाबले के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, वनडे और टी20 सीरीज से 3-3 खिलाड़ी बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 13 दिसंबर 2024 की रात 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जो अगले दो सप्ताह में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, उमा छेत्री, तितास साधु, दीप्ति शर्मा, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर, मिन्नू मणि और प्रिया मिश्रा को दोनों प्रारूपों की टीमों में शामिल किया गया है। नंदिनी कश्यप, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट और राधा यादव टी20 टीम में शामिल हैं, लेकिन वनडे में नहीं खेल पाएंगी। प्रतिका रावल, तेजल हसबनीस और तनुजा कंवर वनडे में उनकी जगह लेंगी। यास्तिका भाटिया, श्रेयंका पाटिल और प्रिया पुनिया चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में घुटने में चोट लगी थी।

भारतीय टीम खराब फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा के बिना उतरेगी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए भी टीम में नहीं थीं। उत्तराखंड की ऑलराउंडर राघवी को हाल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 टीम में शामिल किया गया, जहां उन्होंने एकदिवसीय मुकाबलों में 3 अर्धशतक लगाये थे।

टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), नंदिनी कश्यप, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट, रेणुका सिंह ठाकुर, प्रिया मिश्रा, तितास साधु, साइमा ठाकोर, मीनू मणि, राधा यादव।

वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मीनू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर।

ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद वेस्टइंडीज और आयरलैंड सीरीज पर निगाहें - तीनों टी20 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि वनडे मैच वड़ोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत का वनडे में सबसे हालिया मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। तब ऑस्ट्रेलिया ने उस सीरीज में भारत को 3-0 से हराया। इस वजह से आईसीसी महिला चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने की भारत की संभावनाएं कम हो गईं। भारतीय टीम वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में अंक हासिल करने की उम्मीद करेगी।

ये है भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 और वनडे सीरीज का शेड्यूल

- पहला टी20 मैच- रविवार, 15 दिसंबर 2024
- दूसरा टी20 मैच- मंगलवार, 17 दिसंबर 2024
- तीसरा टी20 मैच- गुरुवार, 19 दिसंबर 2024
- पहला वनडे मैच- रविवार, 22 दिसंबर 2024
- दूसरा वनडे मैच- मंगलवार, 24 दिसंबर 2024
- तीसरा वनडे मैच- शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के: भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा

कोलकाता, एजेंसी। कोलकाता के रेड रोड पर रविवार को टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है।

टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के में भारतीय पुरुष और महिला धावकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है। रविवार को यह दौड़ कोलकाता के रेड रोड पर आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय पुरुष धावकों गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल और सवण बरवाल महिला और धावकों संजिवनी जाधव और लीली दास ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया। उल्लेखनीय है कि यह टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का नौवां संस्करण है। इस 1,42,214 यूएस डॉलर की पुरस्कार राशि वाली दौड़ में भारतीय पुरुष और महिला एलीट विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रत्येक दौड़ में पहले तीन स्थानों पर आने वालों को क्रमश 3,00,000, 2,50,000, और 2,00,000 लाख रुपए दिए जाएंगे। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। अविनाश साबले वर्तमान भारतीय एलीट पुरुष रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:5:17 है, और एल. सूर्य भारतीय एलीट महिला रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:26:53 है।

टिम साउदी ने अपने विदाई टेस्ट में क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी की

वेलिंगटन, एजेंसी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने शनिवार को सेडन पार्क में अपने अंतिम टेस्ट मैच के दौरान वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टेस्ट क्रिकेट में साउदी और गेल के अब बराबर छक्के (98) हो गए हैं, जो केवल एडम गिलक्रिस्ट (100), ब्रेंडन मैकुलम (107) और बेन स्टोक्स (133) से पीछे हैं। साउदी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 272/8 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें अपने विदाई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाड़ियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला।

साउदी ने अपनी पारी की पहली गेंद पर बेन स्टोक्स का सामना किया और पूरी तरह से चूक गए। हालांकि, स्टोक्स के अगले ओवर में साउदी ने मिड-विकेट और डीप स्क्वायर-लेग पर दो बड़े छक्के लगाए, इसके बाद पांचवीं गेंद पर एक रन लिया। अपनी धमाकेदार फॉर्म को जारी रखते हुए, साउदी ने गस एटकिंसन के अगले ओवर की पहली गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया और अगली गेंद को पॉइंट बाउंड्री पर पहुंचा दिया।

आखिरकार एटकिंसन ने अपना बदला तब लिया जब साउदी ने स्लॉग को मिसटाइम किया और ब्रायडन कार्स ने कैच लपका। साउदी 10 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 230 रहा, जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज द्वारा 10 गेंदों में कट-ऑफ के साथ खेली गई तीसरी सबसे तेज टेस्ट पारी थी। उल्लेखनीय रूप से, सूची में दूसरा स्थान भी साउदी का ही है, जो 2019 में श्रीलंका के खिलाफ 10 गेंदों में नाबाद 24 रन की पारी की बदौलत है।

पीकेएल-11: तमिल थलाइवाज को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे पटना पाइरेट्स

पुणे, एजेंसी। अयान (13), देवांक (12) और डिफेंडर शुभम शिंदे (5) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स् ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 109वें मैच में तमिल थलाइवाज को 42-38 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पटना ने 18 मैचों में 11वीं जीत हासिल की जबकि मोइन शफागी (11) और सचिन (8) के सराहनीय प्रदर्शन के बावजूद थलाइवाज 18 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई। इसी के साथ प्लेआफ में जाने की थलाइवाज की उम्मीदों को झटका लगा है। जिस वक्त पटना आलआउट की कगार पर थे, अयान को बोनस देना थलाइवाज को भारी पड़ गया।

बहरहाल, तीन बार के चैंपियन पटना ने अच्छी शुरुआत के साथ तीन मिनट में 5-2 की लीड बना ली थी। पांचवां मिनट बीतते-बीतते हालांकि थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी और स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने शुभम का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती 8 मिनट में पटना को एक भी टैकल प्वाइंट नहीं मिला था, फिर भी वे 9-7 से आगे थे। इस बीच देवांक ने मल्टी प्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-7 किया बल्कि थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इसके बाद की रेड पर भी देवांक ने दो अंक लेकर थलाइवाज को आलआउट की कगार पर ला दिया।

सचिन आए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने 16-9 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद पटना ने शफागी को लपका तो थलाइवाज ने अयान और देवांक का शिकार कर पटना को बड़ा झटका दिया। 15 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज ने 12-17 के स्कोर पर वापसी की राह पकड़ ली थी। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक लिए पर सचिन ने मल्टी प्वाइंटर के साथ मामला बराबर कर दिया। हाफटाइम तक पटना 20-15 से आगे थे। हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने एक अंक लिया तो दीपक ने सुपर रेड के साथ पटना को 23-16 से आगे कर दिया। इस बीच सुपर टैकल की स्थिति में देवांक ने सुपर रेड के साथ स्कोर 26-18 कर दिया। सचिन ने हालांकि आलआउट टाला और फिर साहिल ने देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 20-26 कर दिया। फिर सचिन ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर फासला 4 का कर दिया। इस बीच सचिन ने चार के डिफेंस मे एक और अंक निकाला। पटना के लिए सुपर टैकल आन था और शुभम ने हिमांशु को लपक स्कोर 29-24 कर दिया। अगली रेड पर शफागी ने शुभम को बाहर कर दिया। 30 मिनट बाद पटना 29-25 से आगे थे।

ब्रेक के बाद पायरेट्स आलआउट की कगार पर थे लेकिन दो मौकों पर अयान ने दो अंक के साथ उसे बचा लिया। तीसरे प्रयास में हालांकि वह लपके गए। अब स्कोर 31-35 था। देवांक और अयान सुपर-10 पूरा कर चुके थे। आलइन के बाद पटना ने 2 के मुकाबले तीन अंक लेकर पांच की लीड बरकरार रखी थी। थलाइवाज ने इसके बाद लगातार दो अंक लेकर फासला 3 का कर दिया। पटना ने हालांकि उसे वापसी का मौका नहीं दिया और अपनी लीड को पांच का कर लिया। इसी दौरान शुभम का हाई-5 भी पूरा हुआ। अंततः पटना ने चार अंकों का फासला बनाए रखा और एक अच्छी जीत के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हो गई।

संक्षिप्त समाचार

मेरे सुसाइड करने का कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मैंने; गाजियाबाद में 14वीं मंजिल से कूद गया अकाउंटेंट

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के पटेल नगर सेकेंड में रहने वाले निजी कंपनी के एक अकाउंटेंट ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे नंदग्राम थाने पर सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। इस दौरान मृतक की पहचान पटेल नगर सेकेंड निवासी 26 वर्षीय तुषार गोयल के रूप में हुई, जो मेरठ रोड स्थित एक शोरूम में अकाउंटेंट की नौकरी करते थे। पुलिस ने सूचना देकर परिजनों को भी मौके पर बुला लिया गया। परिजनों ने बताया कि तुषार गोयल अविवाहित और दो बहनों के इकलौते भाई थे। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। तुषार अपनी मां के साथ रहते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

नोएडा में 76 लड़के-लड़कियां गिरफ्तार, फर्जी कॉल सेंटर अमेरिकी नागरिकों को लगाते थे चूना

नोएडा गाजियाबाद, एजेंसी। अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले एक और कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 67 पुरुष और 9 महिलाएं हैं। आरोपी तकनीकी सहायता और लोन प्रक्रिया के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेजकर अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे। ठगी के इस गिरोह के चारों सरगना भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पकड़े गए आरोपियों में कई पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से भारी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल, हेडफोन, राउटर और अमेरिकी बैंक का फर्जी चेक समेत अन्य सामान बरामद हुए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सीआरटी, स्वॉट और पुलिस ने आरोपियों को दबोचा। ये सेक्टर-63 के ई ब्लॉक में इंस्टा सॉल्यूशन के नाम से संचालित कॉल सेंटर में काम कर रहे थे। यह गिरोह अब तक 1500 से अधिक अमेरिकी नागरिकों को ठग चुका है। आरोपी एक प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिकों से 99 से 500 अमेरिकी डॉलर तक लेते थे। पैसा बिट क्वाइन, गिफ्ट कार्ड और अन्य माध्यमों से लिया जाता था। हवाला के जरिये रकम भारत में आती थी। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का डेटा एनालिसिस साइबर टीम की मदद से किया जा रहा है। गिरोह के सरगना कुरुनाल रे, सौरभ राजपूत, सादिक ठाकुर और साजिद अली हैं। चारों पूर्व में गुजरात से जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कॉल सेंटर से ऑनलाइन कंपनी के सपोर्ट, माइक्रोसाफ्ट, टेक सपोर्ट ,पे डे के नाम पर ठगी करते थे। कॉल सेंटर सेक्शन बंटे थे। गिरोह के सरगना स्काइप ऐप के जरिये ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा खरीदते थे। इसका भुगतान यूएसडीटी में किया जाता था। डेटा आने के बाद आरोपी अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में एक बग भेजते थे। एक साथ दस हजार लोगों को मेल या मैसेज भेजा था। इस बग से कंप्यूटर में खराबी आने के कारण स्क्रीन नीले रंग की हो जाती है।

असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर - राम कदम

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र कैबिनेट के विस्तार और बांग्लादेश तथा मणिपुर को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा नेता राम कदम ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश और मणिपुर मुद्दे पर चर्चा को लेकर राम कदम ने कहा, लोकसभा चुनाव जीतने के बाद जिस उद्धव ठाकरे के जुलूस में पाकिस्तान के झंडे लहरा रहे थे, वह प्रेस वार्ता करने की नौटंकी कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे की विचारधारा बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से बहुत दूर है। जब महाराष्ट्र की जनता ने उनको यह अहसास दिलाया,

कोविड-19 धोखाधड़ी मामले में अधिकारियों पर एफआईआर

सरकार को 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी। कोविड-19 महामारी के दौरान धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल कर्नाटक के कई सरकारी अधिकारियों और प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर सरकारी खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह मामला चिकित्सा कर्मियों के लिए सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद पर केंद्रित है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य अकाउंटिंग अधिकारी डॉ. एम. विष्णुप्रसाद ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में डीएमई के एक पूर्व निदेशक और सेराटिन प्राइवेट कंपनियों के प्रबंधन समेत प्रमुख हस्तियों पर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

कर्नाटक के विधान सौध पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक या शीर्ष पद पर मौजूद अधिकारी के नाम का खुलासा करने से मना किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 2020 में कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति खरीदते समय कानूनी खरीद प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहा। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और पीपीई किट को अधिकृत किया था।

सरकारी आदेशों के बावजूद खरीद प्रक्रिया में कई अवैधताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन मालूम चला कि अस्पतालों तक किट की आपूर्ति नहीं की गई। दस्तावेजों और चालान में भी गड़बड़ी देखी गई। एफआईआर में आगे बताया गया कि मुंबई की एक कंपनी ने इस धोखाधड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ अधिकारियों पर इस धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का भी आरोप है।

आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार, करीब 30 मंत्री लेंगे नागपुर में शपथ

मुंबई, एजेंसी।
भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र नागपुर में 16 दिसंबर से शुरू होगा। इससे एक दिन पहले 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। साथ ही साथ उसी दिन शीतकालीन अधिवेशन में जिन बिंदुओं पर काम काज किया जाएगा उसके बारे में मुख्यमंत्री और एवं दोनों उपमुख्यमंत्री जानकारी देंगे। दोपहर में विपक्ष अपनी रणनीति का खुलासा भी करेगा कि किस तरीके से शीतकालीन सत्र में वह सरकार को घेरेगा।

दरअसल, पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि मंत्रिमंडल का गठन 14 दिसंबर को मुंबई में होगा। लेकिन विभागों के बंटवारे में एवं विधायकों को मंत्री बनाने की चयन प्रणाली में देरी होने से मंत्रिमंडल का गठन नागपुर में 15 दिसंबर को होगा। महाराष्ट्र की महायुति सरकार के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं। बता दें, मुंबई में पांच दिसंबर को भव्य समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इन सबके बीच, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग मुलाकात की। दक्षिण मुंबई में पवार के देवगिरी स्थित बंगले पर बातचीत हुई। बता दें कि 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। महायुति गठबंधन ने राज्य की 288 सीट में से 230 सीट जीतकर सत्ता हासिल की थी। महायुति में शामिल भाजपा 132 सीट के साथ सबसे आगे रही। वहीं एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 57 और अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट पर जीत मिली थी। सरकार गठन में पहले ही उतार-चढ़ाव आ चुके हैं और शिंदे ने फडणवीस के लिए शीर्ष पद पर जगह बनाई है। शिंदे, जो सरकार का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे और पार्टी संगठन पर ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे।

कहां हैं गाजियाबाद के डेढ़ हजार सफाईकर्मी? सैलरी लेकर हो जाते हैं गायब

गाजियाबाद नोएडा। गाजियाबाद नगर निगम से हर माह वेतन ले रहे डेढ़ हजार सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब हैं। गाजियाबाद 311 ऐप पर साढ़े चार हजार में से लगभग तीन हजार कर्मचारी ही ड्यूटी स्थल पर जाकर हाजिरी लगा रहे हैं। ऐसे में निगम अधिकारी मान रहे हैं गायब सफाई कर्मचारी या तो ड्यूटी पर नहीं आते या उनके नाम का वेतन गलत तरीके से कोई और ले रहा है। डेढ़ हजार सफाई कर्मचारियों की जांच कराई जाएगी। शहर के सभी 100 वार्डों में साढ़े चार हजार सफाई कर्मचारी लगाए हैं। ज्यादातर सफाई कर्मचारी ठेके पर हैं। इसके बावजूद पार्षद वार्डों में पर्याप्त सफाई कर्मचारी न होने की शिकायत कर रहे हैं। बोर्ड बैठक में भी पार्षद वार्डों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाने की मांग करते रहे हैं। सफाई कर्मचारी कम होने की वजह से पार्षद वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत भी कर रहे हैं।निगम ने करीब एक साल पहले गाजियाबाद 311 ऐप लांच किया था। इसमें सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए ड्यूटी स्थल पर हाजिरी लगाने के आदेश जारी हुए थे। ऐप पर हाजिरी लगाने के साथ ही लोकेशन का पता चलता है। मोबाइल पर संबंधित कर्मचारी के पलकों के झपकने से ही ऐप खुलता है, लेकिन एक साल के दौरान ऐप पर तीन हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी हाजिरी नहीं लगा सके हैं। जबकि नगर आयुक्त ने ऐप पर ही हाजिरी लगाने के कई बार आदेश जारी किए हैं। पिछले दिनों समीक्षा के दौरान पता चला कि काफी प्रयास करने के बाद भी ऐप पर हाजिरी लगाने वालों का आंकड़ा नहीं बढ़ रहा है। यानी की लगभग तीन हजार सफाई कर्मचारी ही ऐप पर हाजिरी लगा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि डेढ़ हजार सफाई कर्मचारी कहां है। इनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जबकि उनका वेतन भी निकल रहा है। वेतन लेकर गायब सफाई कर्मचारियों की तलाश की जाएगी। खेल में कई लोग शामिल निगम सूत्रों ने बताया कि कुछ लोगों ने कागजों में अपने रिश्तेदारों को भर्ती करा रखा है। कई के बेटे और बेटी भी नौकरी कर रहे हैं। उनके नाम से वेतन लिया जा रहा है। जबकि ये ड्यूटी पर नहीं आते, घरों पर ही रहते हैं। इन लोगों की पूर्व में तत्कालीन नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर से शिकायत हुई थी।

जालंधर में महिला पर कुत्तों ने किया जानलेवा हमला, 25 से ज्यादा जगहों पर काटा

जालंधर, एजेंसी। जालंधर शहर में एक बुजुर्ग महिला को कुत्तों ने घेरकर उसपर हमला कर दिया। खून से लथपथ महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, 65 साल की महिला गुरुद्वारा साहिब से अकेली लौट रही थी। इस दौरान उस रास्ते में सात से आठ स्ट्रीट डॉग्स ने चारों तरफ से घेर कर हमला कर दिया। कुत्तों में महिला को करीब 25 से ज्यादा जगह पर काटा है। कुत्तों के हमले से महिला नीचे गिर गई, जिससे उसके सिर में भी चोट आई है।

कुत्तों के हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है महिला को कुत्तों ने चारों तरफ से घेर लिया है और वह उनसे बचने का प्रयास कर रही है। यह घटना सतगुरु कबीर चौक के पास स्थित दूरदर्शन एनक्लेव फेज-2 के पास की है। कुत्तों ने बुजुर्ग को शरीर के कई हिस्सों पर काटा है। बुजुर्ग महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता के पति ने कहा कि कॉलोनी में छत पर धूप में बैठे एक युवक ने मौके पर पहुंचकर और कुत्तों को भगाया। उनके साथ एक अन्य युवक और कश्मीरी शख्स ने खून से लथपथ बुजुर्ग को घर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि वह उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए थे, लेकिन कुत्तों के काटने का मामला होने के कारण महिला को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुत्तों के काटने से रेबीज होने का खतरा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। रेबीज बीमारी नसों और मस्तिष्क को प्रभावित करती है।

ट्रंप ने दिया रहस्यमयी ड्रोन दिखाई देने पर उसे मार गिराने का निर्देश

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के विभिन्न हिस्सों में दिखाई देने वाले रहस्यमयी ड्रोन को ''मार गिराने'' का निर्देश दिया है। रहस्यमयी ड्रोन सबसे पहले न्यू जर्सी में देखे गए थे लेकिन उसके बाद से अब इस प्रकार के ड्रोन अन्य स्थानों पर भी दिखाई देने लगे हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार और व्हाइट हाउस ने अब तक यही कहा है कि इनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है और न ही इसमें किसी विदेशी हाथ होने का कोई सबूत है लेकिन फिर भी रहस्यमयी ड्रोन का दिखना जांच का विषय है।

ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''देश भर में रहस्यमयी ड्रोन दिखाई दिए हैं। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो रहा है? मुझे ऐसा नहीं लगता, या तो जनता को इसके बारे में अभी जानकारी दो अथवा उन्हें मार गिराओ।'' ट्रंप ने इस पोस्ट के अंत में अपने हस्ताक्षर भी किए। इससे पहले बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति कार्यालय एवं राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने कहा था कि अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि ड्रोन देखे जाने की कथित घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं या उनका किया अन्य देश से संबंध है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने संवाददाताओं को बताया कि आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय और एफबीआई इन घटनाओं की जांच कर रहे हैं, तथा यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये ड्रोन कहां से आ रहे हैं।

एंटनी ब्लिंकन ने बगदाद में इराकी प्रधानमंत्री से की मुलाकात, कहा- सीरिया को आतंकवादियों का गढ़ नहीं बनना चाहिए

वॉशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका के विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को बगदाद में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी से मुलाकात की। इस दौरान पड़ोसी देश सीरिया के भविष्य पर बातचीत की।

सीरिया के भविष्य पर बात करने के लिए मुलाकात: सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के तख्तापलट के बाद ब्लिंकन की बगदाद यात्रा उनके मध्य पूर्व दौरे का अंतिम पड़ाव था। अमेरिकी विदेश सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इराकी पीएम सुदानी और मैं सीरिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए मिले। मैंने इराक की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बताया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन और अल सुदानी ने सीरिया में तानाशाही से लोकतंत्र लाने की आवश्यकता पर चर्चा की, ताकि सभी अल्पसंख्यकों को शामिल किया जा सके और उनकी सुरक्षा की जा सके। सीरिया आंतकवादियों का गढ़ नहीं होना चाहिए यह कहते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस क्षेत्र और उससे परे कई देशों की प्रतिबद्धता पर चर्चा की कि सीरिया असद तानाशाही से लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निश्चित रूप से सीरिया में सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करता है, जिससे एक समावेशी, गैर-सांप्रदायिक सरकार बनती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह इराक के लिए अपनी संप्रभुता के साथ-साथ अपनी स्थिरता, सुरक्षा और संभुप्रता को मजबूत करने का समय है।

दाएश के खात्मे का इराक से ज्यादा: कई वर्ष पहले इराक और सीरिया में आईएसआईएस (जिसे दाएश के नाम से भी जाना जाता है) द्वारा छेड़ी हुई लड़ाई को सफलतापूर्वक खत्म करने के लिए अमेरिका और इराक द्वारा उठाए संयुक्त कदम पर भी बात की। एंटनी ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका और इराक ने उस क्षेत्र को छीनने में सफलता हासिल की है, जिसे दाएश ने वर्षों पहले बनाया था। इराक से ज्यादा कोई भी इसके महत्व को नहीं जानता क्योंकि सीरिया में आईएसआईएस या दाएश की मौजूदगी जारी है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं कि दाएश फिर से उभर न सके।

जर्मनी में गहराया राजनीतिक संकट, विश्वास मत के बाद आएगी मध्यावधि चुनाव की आहट?

बर्लिन, एजेंसी।यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था राजनीतिक उथल-पुथल में घिर गई है। महीनों की अंदरूनी कलह के बाद स्कोल्ज़ का तीन-पक्षीय गठबंधन टूट गया। जर्मन संसद में चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ विश्वास मत निश्चित रूप से हारेंगे। आखिरी बार किसी जर्मन चांसलर ने लगभग 20 साल पहले विश्वास मत मांगा था। लेकिन 16 दिसंबर को जर्मन नेता ओलाफ स्कोल्ज़ बुंडेस्टाग के सदस्यों से वोट करने के लिए कहेंगे यदि वे अभी भी उनका समर्थन करते हैं। स्कोल्ज़ के वोट हारने की व्यापक संभावना है, जिससे जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर तीन सप्ताह के भीतर संसद को भंग कर देंगे, जिससे 23 फरवरी की शुरुआत में आकस्मिक चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार चुने जाने के कुछ ही घंटों बाद जर्मन सरकार गिर गई, स्कोल्ज़ ने जर्मन वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर को भावनाओं के एक आश्चर्यजनक प्रदर्शन में निकाल दिया, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित हुआ था। तब से, यह सामने आया है कि लिंडनर की पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की पूर्व-योजना बनाई थी, और कुछ लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, चिंताएं हैं कि उदारवादी (एफडीपी) ऐसा नहीं करेंगे। संसद में प्रवेश के लिए आवश्यक 5त्न सीमा से अधिक तक पहुँचें। जर्मनी की अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर बनी हुई है क्योंकि वोक्सवैगन, थिसेनक्रुप और बॉश जैसी प्रमुख कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों सहित हजारों नौकरियों और बाजारों को खत्म करने की योजना बना रही हैं, एशियाई बाजारों की ओर बढ़ रही हैं।

ओपन एआई पर आरोप लगाने वाले सुचिर बालाजी की मौत : अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में शव मिला

पुलिस को खुदकुशी का शक

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।
अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्चर सुचिर बालाजी 26 नवंबर को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। पुलिस को शक है कि 26 साल के इंडो-अमेरिकन सुचिर ने आत्महत्या की थी। शिकागो ट्रिब्यून के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि उन्हें जांच में किसी भी तरह की गड़बड़ी के सबूत नहीं मिले हैं। 26 नवंबर का यह मामला 14 दिसंबर को चर्चा में आया।

नवंबर 2020 से अगस्त 2024 तक ओपन एआई के लिए काम करने वाले सुचिर तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने कंपनी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में सुचिर ने कहा था कि ओपन एआई का बिजनेस मॉडल स्टेबल नहीं है और इंटरनेट इकोसिस्टम के लिए बेहद खराब है।

सुचिर ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए ऑनलाइन डेटा की नकल की अमेरिका के कॉपीराइट नियमों के उल्लंघन किया। उन्होंने लोगों से जल्द से जल्द कंपनी छोड़ देने के लिए भी कहा था। इलॉन मस्क ने इस खबर पर रिएक्ट किया है।

सुचिर बालाजी कौन हैं? सुचिर बालाजी ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की और ओपन एआई में स्केल एआई में इंटर्नशिप की। वह 2020 में ओपन एआई के लिए काम करने वाले बर्कले ग्रेजुएट्स में शामिल थे।

न्यूयॉर्क टाइम्स मुताबिक, बालाजी ने 2022 की शुरुआत में जीपीटी-4 नामक एक नई परियोजना के लिए डेटा इकट्ठा करना शुरू किया। 2022 के आखिर में उन्होंने इस बात को

महसूस किया कि कंपनी अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए कॉपीराइट कानून का उल्लंघन कर रही थी। मस्क ने ओपन एआई पर मुकदमा दायर किया बता दें कि मस्क ने अल्टमैन के साथ मिलकर 2015 में ओपन एआई बनाई थी। यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्च कंपनी है जो चेट जीपीटी जैसी सेवाएं बनाती है। मस्क ने 2018 में कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था।

बाद में मस्क ने ओपन एआई और सैम अल्टमैन समेत कंपनी के कई अन्य लोगों पर मुकदमा भी दायर किया। मस्क ने ओपन एआई-अल्टमैन समेत सभी लोगों पर 2015 में चेटजीपीटी-मेकर को स्थापित करने में मदद करने के दौरान किए गए कॉन्ट्रैक्चुअल एग्रीमेंट्स का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

मुनाफा कमाने पर फोकस से टूटा समझौता मस्क की तरफ से दायर लॉ-सूट में कहा गया था कि अल्टमैन ने ओपन एआई के को-फाउंर ग्रेग ब्रॉकमैन के साथ मिलकर एक ओपन सोर्स, नॉन-प्रॉफिट कंपनी बनाने के लिए मस्क से संपर्क किया था। यह कंपनी इंसानों के फायदे के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी डेवलप करती। मस्क के वकीलों ने कहा कि ओपन एआई के मुनाफा कमाने पर फोकस करने से यह समझौता टूट गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129